22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 1

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 274 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 12 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

जनसंख्या वृद्धि पर भड़के मंत्री नीरज बबलू बोले- बिहार को नर्क बना दिया है

पटना(बिहार हेड आर.के.पांडेय) समाज जागरण पटना: खासकर मुसलमानों पर निशाना साधा है। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए नीरज में वृद्धि नहीं बल्कि विस्फोट हुआ है। भारत में खासतौर पर बिहार में इसका असर साफ देखा जा सकता है। वहीं बिहार के अररिया और किशनगंज के इलाके में नर्क जैसी स्थिति बनी हुई है। हर जगह आदमी ही आदमी है। एनडीए की सरकार लगातार विकास का काम कर रही है। लेकिन, जिस हिसाब से जनसंख्या बढ़ रही है, उस हिसाब से विकास का काम कम पड़ रहा है। जब तक हर धर्म पर जनसँख्या कानून लागू नहीं होगा, लोगों को विकास का फायदा नहीं मिल पाएगा। वहीं, नीरज कुमार बबलू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन पर कहा कि पीएम मोदी देवघर में एयरपोर्ट उद्घाटन के लिए आएंगे। इसके बाद वे बिहार विधानसभा का सिंबल वटवृक्ष का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का फोकस बिहार में रहता है। हर बार बिहार को कुछ ना कुछ सौगात मिलती आ रही है। लगता है इस बार भी पीएम मोदी राज्य को कुछ न कुछ जरूर देकर जाएंगे।

प्राचीन संस्कारों को जागरूक करने के लिए ट्रस्ट ने कराया सामूहिक जनेऊ संस्कार

(हरेश उपाध्याय) वृंदावन-मथुरा:-श्री जी भागवत गौ सेवा ट्रस्ट वृन्दावन-मथुरा के तत्वावधान में ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष आचार्य पं.अश्वनीकृष्ण के नेतृत्व में 20 बटुक ब्राह्मण बालकों का विधिवत सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, आचार्य सनत कुमार के आचार्यत्व में संपन्न हुआ एवं श्री बाँकेबिहारी हॉस्पिटल की डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व ट्रस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन का कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें अनेकों प्रदेशों से ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। बटुक ब्राह्मण बालकों के साथ उनके माता पिता रिश्तेदारों ने भी हिस्सा लिया और कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग कियो जिसमें मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट के गुजरात से पधारे हरिश्चन्द्र उप्रेती, हरियाणा से धर्मेंद्र कुमार शर्मा , चित्रकूट से गुरुदत्त मिश्र , मध्यप्रदेश से रामवरन शर्मा , वृन्दावन के विनीत द्विवेदी , श्रीमती अर्चना भारद्वाज , आगरा से भूदेव प्रसाद गौतम , आचार्य महेश चैतन्य , भाजपा दिल्ली उत्तर पूर्व की जिलामंत्री एवं सेवा भाव संस्था की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती नेहा उप्रेती, ग्वालियर से अखण्ड ब्राह्मण सभा एवं विश्व हिंदू महासंघ के उपाध्यक्ष /कोषाध्यक्ष एवं ट्रष्ट के जिला अध्यक्ष पं के.डी. शर्मा , सबलगढ से पड्ड सियाराम शर्मा महामंत्री, ग्वालियर एवं चंबल संभाग प्रभारी/ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष पड्ड श्री पी.के.शर्मा , ट्रस्ट के जिला मंत्री पं श्री गिर्राज शरण उप्रेती , ट्रस्ट के प्रभारी पं श्री द्वारिकेश दत्त उप्रेती एवं आगरा से पधारे संरक्षक ,अखंड ब्राह्मण सभा पं. हाकिम चंद्र उप्रेती , शिवाजी मण्डल के मण्डल अध्यक्ष पं प्रदीप उप्रेती , पूर्व महासचिव पं मनोज उप्रेती , पूर्व सचिव व मीडिया प्रभारी पं लव उप्रेती , पं लोकेश उप्रेती तथा ट्रस्ट के सभी कार्यकारी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं

कांवड यात्रा मार्ग पर नहीं होगी शराब और मीट की बिक्री- जिलाधिकारी

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा कावड़ यात्रा मार्ग पर नहीं होगी शराब और मीट की बिक्री। डीएम ने खाद्य विभाग अधिकारियों से कहा है कि कावड़ यात्रा के दौरान कोई भी मिलावटी और अशुद्ध खाद सामग्री की बिक्री न हो। इसके अलावा जांच के नाम पर विक्रेताओं का उत्पीड़न मना करें अधिकारी। मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। सड़क पर कहीं पानी ना भरे गड्ढे न हो साफ सफाई रहे। सड़क पर रोशनी का भी पर्याप्त व्यवस्था रहे। जिससे यहां से गुजरने वाले किसी भी कांवरियों को परेशानी न हो।

बचपन बचाओ सेवा समिति ने सेक्टर 11 के विवेकानंद पार्क में किया पौधारोपण

समाज जागरण/ देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा बचपन बचाओ सेवा समिति ने लोगों को प्रेरणा देने और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, नोएडा सेक्टर 71 स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में पौधारोपण किया, इस अवसर पर लोगों को

पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प दिलाया गया, इस अवसर पर बचपन बचाओ सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव गौरव कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान समय में वायु प्रदूषण की समस्या बहुत ज्यादा है।

समाज में लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागृत करने की आवश्यकता है सभी को जनहित तथा पर्यावरण हित में पौधारोपण अवश्य करना चाहिए, अध्यक्ष कैलाश शाह ने कहा कि कोरोना महामारी में ऑक्सीजन का महत्व हम सबको खूब समझ आया था इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य लोगों में कैलाश शाह ,गौरव कुमार यादव, मनोज जायसवाल, मुकेश शर्मा ,सुभाष वर्मा ,राहुल पांडे, सुरजीत, मदन पाल, मनोज रावत , सुरेश शाह ,विनोद मुख्य रूप से उपस्थित रहे

राष्ट्रपति चुनाव को लेकर संकट में शिवसेना, इस उम्मीदवार के समर्थन में उतरे पार्टी के सांसद

राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई को होने हैं और विपक्ष की ओर से यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया है. उनकी उम्मीदवारी में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और एनसीपी चीफ शरद पवार की अहम भूमिका रही थी. ऐसे में उद्धव ठाकरे की पार्टी अगर द्रौपदी मुर्मू को चुनाव में समर्थन देती है तो विपक्षी दलों से उसके रिश्ते बिगड़ना तय है.

महाराष्ट्र में सत्ता गंवा चुकी शिवसेना के सामने अब एक नई मुश्किल आ गई है. पार्टी के 18 लोकसभा सांसदों में से 13 ने राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फैसला किया है. सांसदों के इस फैसले से शिवसेना की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि पहले ही बागी विधायकों की वजह से उसे सत्ता से हाथ धोना पड़ा था अब सांसदों ने एनडीए उम्मीदवार का साथ देने का ऐलान कर दिया है. शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर ने बताया कि उन्होंने अपने सामूहिक फैसले की जानकारी उद्धव ठाकरे को भी दी है.

शिवसेना ने सांसदों के साथ की बैठक

इससे पहले शिवसेना सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने दावा किया कि लोकसभा में पार्टी के18 सदस्यों में से 15 ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री पर हुई बैठक में हिस्सा लिया. उन्होंने इस संबंध में कोई ब्योरा नहीं दिया. महाराष्ट्र में 18 लोकसभा के सांसदों के अलावा, केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव से कलाबेन डेलकर भी शिवसेना सांसद हैं.

कीर्तिकर ने कहा कि बैठक में 13 सांसद भौतिक रूप से शामिल हुए, जबकि तीन अन्य संजय जाधव, संजय मांडलिक और हेमंत पाटिल बैठक में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने नेतृत्व को अपने समर्थन की पुष्टि की. कीर्तिकर ने कहा, ह्यज्यादातर सांसदों की राय थी कि पार्टी को द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करना चाहिए.ह्ल उन्होंने कहा कि शिवसेना के दो लोकसभा सदस्य भावना गवली और श्रीकांत शिंदे (मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे) बैठक में शामिल नहीं हुए थे.

कांग्रेस-एनसीपी से बिगड़ेंगे रिश्ते?

उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से आती हैं और एक महिला हैं. ऐसे में हमें उनको समर्थन देना चाहिए. कीर्तिकर ने कहा कि हमने पार्टी प्रमुख को इस बारे में जानकारी दी है और वह एक से दो दिन में अपना फैसला हम सभी लोगों को बता देंगे. अगर शिवसेना के सांसद चुनाव में मुर्मू को सपोर्ट करते हैं तो उसे कांग्रेस-एनसीपी की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है जिनके साथ मिलकर पार्टी ने महाराष्ट्र में सरकार बनाई थी. राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई को होने हैं और विपक्ष की ओर से यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया है. उनकी उम्मीदवारी में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और एनसीपी चीफ शरद पवार की अहम भूमिका रही थी. ऐसे में उद्धव ठाकरे की पार्टी अगर द्रौपदी मुर्मू को चुनाव में समर्थन देती है तो विपक्षी दलों से उसके रिश्ते बिगड़ना तय है.

मुख्यमंत्री जनता दरबार : फरियादी की शिकायत सुनकर दंग रह गयें सीएम नीतीश कुमार

बिहार हेड(आर.के.पांडेय) समाज जागरण

पटना:आज महीने के दूसरे सोमवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता के दरबार में हाजिर होकर फरियादियों की शिकायत सुन रहे है और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दे रहे है।

वहीं आज के जनता दरबार में पहुंचे एक फरियादी ने सीएम नीतीश कुमार के सामने ऐसी शिकायत कर दी जिसे जानकर मुख्यमंत्री भी दंग रह गये। उसके बाद सीएम ने फॉरन विभाग के अधिकारी को फोन लगाया।

दरअसल सीएम जनता दरबार में पहुंचे मधेपुरा के फरियादी ने कहा कि आपके द्वारा मधेपुरा में मेडिकल कॉलेज खोला गया। लेकिन वहां कोई सुविधा नहीं है। न तो बेहतर इलाज की व्यवस्था है और न जांच की। छह माह से अल्ट्रासाउंड भी

नहीं हो रहा। एमआरआई जांच की सुविधा आज तक शुरू ही नहीं हुई। सिर्फ नाम का मेडिकल कॉलेज है। मेडिकल कॉलेज में जाने पर रेफर कर दिया जाता है।

उसकी बात सुनकर मुख्यमंत्री दंग रह गये। इसके बाद तुरंत स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को फोन लगाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह तो आश्चर्यजनक बात है। वहां कोई सुविधा नहीं है। ऐसा क्यों है...इसको देखिए। मेडिकल कॉलेज खोला जाये और वहां कोई सुविधा ही नहीं मिले। मधेपुरा में कपूरी ठाकुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज खोले हुए तीन साल बीत गए। इसके बाद भी सुविधा को लेकर शिकायत आ रही है। हम मेडिकल कॉलेज खोलते रहेंगे और वहां कोई सुविधा ही नहीं मिलेगी। तब क्या फायदा है।

रामपुर मथुरा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों ने बनाया अपना मकड़जाल

सीएमओ व जिला अधिकारी के सभी आदेश हवा हवाई एसीएमओ सुरेंद्र शाही ने की कागजों पर झूठी कार्रवाई

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा (सीतापुर) जला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला रामपुर मथुरा में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गई है जिसकी शिकायत कई बार क्षेत्रीय लोगों ने आईजीआरएस के माध्यम से सीएमओ

महोदया तक पहुंचाई पर कोई कार्रवाई अधिकारियों के द्वारा नहीं की गई और कार्रवाई की भी गई तो 24 घंटे के अंदर वही हॉस्पिटल पुनः खोल दिए गए कार्यवाही करने के लिए सीतापुर से चलकर आए सुरेंद्र शाही ने कई हॉस्पिटलों पर छापा मारा पर कार्रवाई के नाम पर झूठी नोटिस जारी करके चले गए और तीन दिवस में सीएमओ ऑफिस सीतापुर झोलाछाप डॉक्टरों को बुलाया आपको बता दें कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से चल रहे हॉस्पिटल के नाम कुछ इस प्रकार डॉ धर्मेंद्र मौर्य जो अपने आप को हड्डी रोग विशेषज्ञ बताते हैं/और रामपुर मथुरा ने डॉक्टर सोहन लाल गौतम/डॉक्टर दिनेश यादव सिहाला

जो जच्चा बच्चा केंद्र चलाते हैं/डॉक्टर अमित सर्मा कालिकन चौराहा जो क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर हाई लेवल पर चलाते हैं/ डॉ वीरेंद्र कालिकन चौराहा/अनिल वर्मा मेडिकल स्टोर कालिकन चौराहा/ डॉक्टर जगजीवन जो बल्दी पुरवा में जच्चा बच्चा केंद्र चलाते हैं और वह जच्चा बच्चा केंद्र रजनी के द्वारा चलाया जाता है और रजनी रामपुर मथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा के पद पर कार्यरत भी हैं/और डॉक्टर नंदलाल गुप्ता बांसुरा जो जच्चा बच्चा केंद्र एवं हाई लेवल पर बड़ा हॉस्पिटल भी चलाते हैं/डॉक्टर सोनी के द्वारा बांसुरा घाट पर पुल के नीचे जच्चा जच्चा बच्चा केंद्र चलाया जा रहा है/और इसी प्रकार से भगवतीपुर में भी साईं पॉलीक्लिनिक के नाम से जच्चा बच्चा केंद्र चलता है जो डॉक्टर सुमन के द्वारा चलाया जाता है पर अभी तक इन झोलाछाप डॉक्टरों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई जांच के लिए अधिकारी गए और फर्जी नोटिस देकर चले गए और तीन कार्य दिवस में उनको सीतापुर सीएमओ ऑफिस बुलाया गया इसीलिए कहना पड़ रहा है कि यह क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टर अधिकारियों के कमाई का जरिया भी बने हुए नजर आ रहे हैं आखिरकार इन झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं

नहर में नहाने गए दो बच्चो की डूबकर मौत।

बलरामपुर। सरयू नहर मैं नहाने गए दो युवक की डूब कर मौत शव को ग्रामीणों की मदद से 2 घंटे बाद नहर से निकाला गया दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया गांव में पसरा मौत सन्नाटा

पचपेड़वा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगदवा सैफ के मजरा जूड़ी कुइया निवासी फैजान सिद्दीकी 25 वर्ष पुत्र इजहार उल हक सिद्दीकी, व मुस्ताक मंसूरी 22 वर्ष पुत्र सलीम अपने दोस्तों के साथ गांव के उत्तर पश्चिम बने सरयू नहर जगदीशपुर के निकट नहाने गए थे दोनो युवको की नहर में डूबकर मौत हो गई घटना सुबह 10:00 बजे की है लड़कों की नहर में डूबने की खबर सुनते ही नहर पर हजारो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष आलोक राय भी पहुंच गए 12:00 बजे तक ग्रामीणों के सहयोग से दोनों शव को बाहर निकाला गया थानाध्यक्ष पचपेड़वा आलोक राय ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। दोनो युवको की मौत से गांव में मातम फैल गया है।

गरीबो को रहने के लिए खुला आसमान,एक अदद आवास की नसीब नही।

(बलरामपुर) सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत तमाम पात्रों को आवास योजना का लाभ मिला है परंतु कुछ ऐसे पात्र व्यक्ति हैं जिनके पास रहने के लिए अपना आवास नहीं है, लेकिन जिम्मेदार लोगों की नजरें उन गरीबों की झोपड़ी तक नहीं जा रही है कुछ ऐसा ही नजारा स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत परसपुर में देखने को मिला है परसपुर की रहने वाली मीना पत्नी मोल्हू पासवान तथा मीरा देवी पत्नी कल्हू पासवान ने बताया कि बारिश के समय बैठकर रात कटता है, प्रतिवर्ष जांच पड़ताल होता है परंतु अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है महिलाओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास दिलाए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा से किया है इस संबंध में वीडीओरामनिवास वर्मा ने बताया कि इस समय वेबसाइट बंद है खुलने के बाद पात्रों का नाम सूची से जोड़कर आवास योजना का लाभ मिल सकेगा।

नवादा के ई दारोगा हैं बहुते गालीबाज, थाना आएगा तो पटककर मारेंगे

समाज जागरण पटना(बिहार प्रभारी)

नवादा नगर थाना में पदस्थापित एक दारोगा जी बहुते गाली बकते हैं, थाना आने वालों को पटककर मारने की बात करते हैं, अपशब्दों की ऐसी बौछार करते हैं कि सुनने वाले शर्मा जा रहे हैं। दारोगा जी का गाली मोबाइल में रिकार्ड हो गया है। पीड़ित ने बात को बड़े साहब तक पहुंचा दिया है। सप्ताह बीत गया, कार्रवाई होनी बाकी है। इस बीच घटना को दोहरा दिया गया। पीड़ित पक्ष एक पत्रकार हैं।

आम तौर पर पुलिस की पब्लिक में ऐसी ही छवि होती है। लोग थाना जाने से यूं ही नहीं कतराते हैं। हां, दलाल किस्म के लोगों की पूछ- पहुंच होती है। दलाल का काम क्या होता है बताने की जरूरत नहीं है।

हम मुद्दे की बात पर लौटते हैं। वाकया 5 जुलाई की बताई जा रही है। पत्रकार महोदय थाना पहुंचते हैं, देखते ही दरोगा जी फट पड़ते हैं, मनभर गलियाते हैं, थाने से भगा देते हैं, अपभ्रंश शब्दों की बौछार के बीच पत्रकार बेचारे वापस लौट जाते हैं।

लेकिन, वर्दी के नशे में चूर दरोगा जी को यह इल्म तनिक भी नहीं रहा कि सामने वाला पत्रकार है, उनके अनुशासन की प्यार भरी भाषा मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली गई है।

कुछ दिनों पूर्व की बात है, एसपी डॉ गौरव मंगला द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। उनकी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। तब मीडिया की ओर से यह सवाल पूछा गया था कि आज का थाना-पुलिस खौफ का पयार्यवाची बनता जा रहा है, पुलिस का पब्लिक से मित्रवत व्यवहार हो इसके लिए आप क्या करेंगे? उनका जवाब था कि सरकार के बहुत सारे दिशा निर्देश हैं, उसका अनुपालन होगा। जवाब संतोषजनक था, लेकिन इस प्रसंग ने उनके संदेश को झुठला दिया है।

अब पीड़ित पत्रकार की बात करें तो उनका कहना है कि आपराधिक गतिविधियों पर निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने से कुपित होकर ऐसा किया गया है। सही खबर लिखने वालों पर थाने के बाबू लोगों की वक्र दृष्टि रहती है। थाना के कुछ अफसर दलालों को ही प्रश्रय दिया करते हैं, हमारे जैसे लोग के थाना जाने का मतलब ही होता है कबाब में हड्डी। बात बस इतनी भर है। पत्रकार हिमांशु कुमार सिन्हा थे और दारोगा जी विनोद कुमार सिंह। हालांकि, नवादा लाइव इस बातचीत की रिकॉर्डिंग की पुष्टि नहीं करता है। जो भी लिखा जा रहा है पीड़ित शिकायत आधार है। दारोगा जी का भी पक्ष लेने का प्रयास हुआ, लेकिन संभव नहीं हुआ।

कुल मिलाकर इस प्रसंग से यह साबित होता है कि पुलिस कप्तान के निष्पक्ष और पारदर्शी पुलिसिंग के अभियान में उनके मातहत ही रोड़ा बन रहे हैं। जरूरत है ऐसे अफसरों के काम-व्यवहार पर निगरानी और कार्रवाई की। ऐसा नहीं हुआ तो अपराध पर लगाम कसना मुश्किल होगा।

दो दिनों पूर्व ही एक ही दिन में 3 बाइक की चोरी नगर के विभिन्न इलाके से हुई। सवाल है कि किसी को गाली बकने से अपराध रुकेगा। ये गाली बकने वाले अफसर की अपराध रोकने में क्या भूमिका रही है, सवाल मीडिया और पब्लिक पूछेगी ही, और जवाब गालीबाज दारोगा दें या न दें, ऊपर के पदाधिकारियों को तो देना ही होगा। आखिर, तनख्वाह पब्लिक टैक्स का ही लेते हैं। सिर्फ टाइम पास, दोहन, शोषण करने भर के लिए ये लोग यहां नहीं हैं। ***हां, अंत में एक बात और कह दें कि थाना तो नवादा के लोगों का ही है।***

भारतीय किसान यूनियन भानू ने उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक जागरण बिजनौर नजीबाबाद

आपको बता दे तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के अनेक किसानों ने भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह के नेतृत्व मे किसानों एवं अन्य समस्याओं का समाधान हेतु आठ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा ज्ञापन मे बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण क्षेत्रों मे बिजली सरकार के आदेशानुसार ने आने बरकातपुर बिजली घर से 33 हजार केवी की लाईन भागूवाला आ रही है वह लाईन काफी पूरानी हो गई

है उसको बदलवाने व नैशनल हाइवे के ठेकेदार द्वारा मिट्टी का अवैध रूप से खनन करने नजीबाबाद से बुन्दकी नगीना मार्ग का चौड़ीकरण मानक के अनूरूप न होना किसानों का बकाया गन्ना भुगतान समय से कराने 60 वर्ष से अधिक किसानों ओर मजदूरों को 10 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन देने और क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से बचाया जाये जनता के प्रति ग्राम पंचायत सचिवों व लेखपालों और तहसील के कर्मचारियों का व्यवहार अत्यंत खराब है इन्हें सुधारा जाये उधर भागूवाला श्यामीवाला कामगारपुर राजगढ़ मोहनपुर के आस पास अवैध रूप से मुर्गी पालन हो रहे हैं जिनसे कॉफी गन्दगी फैल रही है उनको तुरंत बन्द कराएं जाए वहां आस पास रहने वाले लोगों को वायु प्रदुषण के कारण कई संक्रमण बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है आदि मांगों को लेकर आज ज्ञापन उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह, जिला महासचिव कुलदीप मोर, सुमित चौहान,नीरज कुमार चाहल, रेहान असारी,संजय कुमार,जयपाल सिंह रामोद कुमार,निहाल सिंह, रामपाल सिंह जितेंद्र हुड्डा प्रमोद कुमार राजेंद्र सिंह बिपिन ठाकुर राजकुमार अमित कुमार रहीशूदीन नसीम अहमद दुश्यनत अनूदीप रेणुका,नरेश कुमार नत्थू सिंह बाबू राम मंगत संगत बरकत अली आदि सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियों टीम द्वारा सार्वजनिक चौराहे पर महिलाओं को किया जागरूक।

बलरामपुर।मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित पुलिस एण्टी रोमियो टीम द्वारा सार्वजिनक स्थल/बाजार/चौराहों आदि पर भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गयाह्व

11जुलाई को *पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना* के निर्देशन में *अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर नम्रिता श्रीवास्तव* के पर्यवेक्षण में *ह्लमिशन शक्तिह्व* अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से बाजारों व सार्वजनिक स्थानों व गांव में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ह्ममुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइड्ड, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 2

साधना पथ (भाग 193)

देव मणि शुक्ल

साधको -- आपसी विश्वास दाम्पत्य जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और जरूरी गुण होता है। प्रेम के धागे की तरह ही विश्वास का धागा भी टूटने पर पुनः नहीं जु ड़ पाता

है। अतः इसे सदा जीवन्त बनाए रखना चाहिए।

विवाह नामक रिश्ता तभी सार्थक होता है, जब उसमें एक "तू" और एक "मैं" में बँधकर "हम" हो जाते हैं। फिर उन्हें कुछ "तेरा" या "मेरा" नहीं होता जो होता है "हमारा" होता है।

कहा गया है--

रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े गाँठ पड़ जाय।।

प्रेम के धागे को कभी तोड़ना नहीं चाहिए; क्योंकि यदि यह एक बार टूट जाता है, तो फिर दोबारा नहीं जुड़ता और जुड़ता भी है, तो इसमें गाँठ पड़ी रह जाती है।

नवदम्पत्ति के संबंध की हो तो इसमें गाँठ पड़ने की सम्भावनाएँ ज्यादा रहती है; क्योंकि आरम्भ में यह थोड़ा कच्चा होता है। रिश्ते की गाँठ भले ही बाहर नजर न आए, मगर मन में तो पड़ी ही रह जाती है। हमारी समझदारी से यह नाजुक संबंध सुदृढ़ हो सकता है।

परिवार के सभी रिश्तो में अटूट बन्धन होता है, जिनकी मयार्दा का सम्मान करना प्रत्येक सदस्य का नैतिक कर्तव्य है। अपने लिए दूसरों को कष्ट देने और एक दूसरे की उपेक्षा करने से रिश्तों की यह नाजुक डोर टूट भी सकती है।

जहाँ पत्नी का व्यवहार स्नेहिल हो तो वही पति को भी उसकी संवेदनाओं का आदर करते हुए उसकी उचित आवश्यकताओं की पूर्ति करनी चाहिए। पति-पत्नी को अपने-अपने जीवन के हर पहलू से एक दूसरे को अवगत कराना चाहिए; क्योंकि इस पवित्र रिश्ते में गोपनीयता अच्छी नहीं होती।

कई बार हमारी अच्छी आदतें अच्छे-भले रिश्ते में गाँठ डालने का काम करती है। यदि हम समय रहते उन आदतों के प्रति जागरूकता बरतें तो अपने संबंध की बगिया को बिखरने से बचा सकते हैं।

कुछ पत्नियों की आदत होती है, कि वह भोजन तो बड़े प्रेम से बनाती है, मगर भोजन कराते समय उसके साथ दिन-भर की शि-ाकायतों को भी परोस डालती है,और पत्नी यह भी चाहती है कि पति उसके बनाए भोजन की ता-रीफ करें। आयुर्वेद के अनुसार वही अन्न हमारे शरीर के लिए हितकारी होता है, जिसको हम शान्ति से खा पाएँ। शिकायत या तनाव के माहौल में खाया गया भोजन स्वास्थ्यवर्धक न होकर गैस एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को जन्म देता है।

समझदारी से परिवार में आन्तरिक समस्याएँ उत्पन्न नहीं होती व परिवार स्वर्ग बनता है। जहाँ सुख शान्ति एवं आनन्द का अनुभव प्राप्त होता है।

सुख-समृद्धि से भरा-पूरा परिवार ही धरती का स्वर्ग है। ऐसे परि-वार की कल्पना सभी लोग करते हैं।

हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि उसका सुखी व सम्पन्न परिवार हो। घर की व्यवस्था इतनी उत्तम हो कि बड़ों को उचित आदर व श्रद्धा मिले तथा छोटों को स्नेह व भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिले। इस तरह के परिवार के निर्माण में हर व्यक्ति का परस्पर सहयोग होना अत्यन्त आवश्यक है, वरना कभी-कभी गृह- क्लेश और वैचारिक मतभेदों के कारण अच्छे भले परिवार भी नष्ट हो जाते हैं। हमें परिवार में संवेदना भावना एवं समझदारी का प्रमाण बढ़ाना चाहिए।

शिक्षा,जागरूकता के अभाव में फैलती अंधविश्वास की जड़ें

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है' यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है' यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है'

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है' उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है' शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए' बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।

संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

बहुत दुखद होती हैं बादल फटने की घटनायें

जम्मू कश्मीर राज्य में 12,756 फीट की ऊंचाई पर मौजूद अमरनाथ पवित्र गुफा में जहां पर प्राकृतिक शिवलिंग बर्फ से निर्मित होता है। प्राकृतिक शिवलिंग के निर्मित होने कारण इसे स्वयंभू हिमानी या बाबा बफार्नी भी कहते हैं ।पवित्र शिवलिंग के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु/ भक्तगण पहुंचते हैं ।पवित्र गुफा की परिधि लगभग 150 वर्ग फिट है पवित्र गुफा की गहराई 19 मीटर और चौड़ाई 16 मीटर है । यहां पर भगवान शिव ने पार्वती को अमरता का रहस्य बताया था क्योंकि पार्वती का कहना था आप तो अमर हैं और हम बार-बार जन्म लेते हैं। इसी रहस्य को उन्होंने एकांत में ले जाकर ताकि दूसरा कोई न सुन सके इसलिये अमर गुफा में ही बताया था । गुफा में हिम की बूंदे गिरती है और 10 फीट लंबा शिवलिंग बनजाता है जो ठोस बर्फ का होता है जबकि गुफा में कच्चा बर्फ ही होता है । अभी शुक्रवार को 8 जुलाई में अमरनाथ गुफा में बादल फटने की घटना घटित हो गई जिसमें 3 महिला श्रद्धालुओं सहित भाई 16 श्रद्धालु स्वर्गीय हो गए और लगभग 50 लापता और लगभग 50 श्रद्धालु घायल हो गये । बादल फटने की घटनाएं अधिकतर पहाड़ी क्षेत्रों में ही होती है । अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने की घटना 1969 में हुई थी जिसमें लगभग 100 श्रद्धालुओं के की मौत हो गई थी थी । 1996 में भी अमरनाथ में बादल फटने से भारी तबाही हुई थी और लगभग 300 श्रद्धालु मौत की नींद में सो गए थे। 2015 में बालटाल आधार शिविर के पास बादल फटने से काफी नुकसान हुआ शिविरों के अस्थाई ढांचे सब नष्ट हो गए 2 बच्चों समेत तीन श्रद्धालुओं की भी मौत हो गई थी । 2021 में जुलाई के अंतिम दिनों में अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने की घटना से कोई हताहत नहीं हुआ न संपत्ति ही नष्ट हुई क्योंकि कोरोनावायरस के चलते हुए अमरनाथ यात्रा शासन द्वारा रोक दी गई थी। वर्ष 2022 में अमरनाथ यात्रा शुरू की गई थी 8 जुलाई शुक्रवार को शाम 5:30 बजे बादल फटने की घटना हो गई । इसमें जब बादल फटा उस समय पवित्र गुफा अमरनाथ व पंचतरणी नदी के पास शिविरों में लगभग15000 श्रद्धालु थे। अचानक गर्जन के साथ बादल फटा और पवित्र गुफा अमरनाथ के पास बहने वाले नाले में काफी बाढ़ आ गई और इसमें 3 महिला श्रद्धालुओं सहित कुल 16 श्रद्धालुओं की मौत हो गई । जबकि 5 श्रद्धालुओं को बचा लिया गया है। कुछ लापता और घायल है। बादल फटना या बहुत अधिक बारिश होना इसके पीछे क्या कारण है और यह घटनाएं होती है इन घटनाओं के पीछे यह कहा जाता है कि जब बादल भारी मात्रा में आद्रता पानी लेकर आसमान में चलते हैं इस दौरान यदि कोई अवरोध टकरा जाता है तो वह बादल अचानक फट जाते हैं अधिकतर यह घटनाएं पहाड़ी इलाकों में ही होती है क्योंकि भारत में मानसून के समय नमी/ आद्रता लिए हुए बादल उत्तर की ओर बढ़ते हैं उत्तर में हिमालय पर्वत एक बड़े अवरोध के रूप में सामने आ जाता है। पहाड़ों की ऊंचाई बादल को आगे बढ़ने नहीं देती है पहाड़ों के बीच फसते ही बादल फट जाते हैं या मूसलाधार बारिश करने लगते हैं बादल फटने की घटनाएं अधिकतर 15 किलोमीटर की ऊंचाई पर ही घटित होती हैं इसके कारण 1 घंटे में 75 मिलीलीटर से 100 मिली लीटर तक बारिश हो जाती है जिससे भारी तबाही आ जाती है । बादल फटने की घटनाएं हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड में अधिक होती है है पर जबकि इसके विपरीत जब कोई गर्म हवा का झोंका नमी लिए हुए बादलों से टकरा जाता है तो भी बादल फटने की आशंका बढ़ जाती है। गर्म हवा से बादल फटने की एक घटना 2005 में मुंबई में हुई थी यह उदाहरण है कि केवल पहाड़ी क्षेत्र में ही बदल नहीं फटते हैं। मुंबई में बादल गर्म हवा से टकरा गए थे और घनघोर बारिश में बादल बरस गए पूरा शहर जलमग्न हो गया था लगभग 50 लोगों की मौत हो गई थी हो गई थी। 2005 में रुद्रप्रयाग केदारनाथ राष्ट्रीय मार्ग से सटे अगस्त्यमुनि विजयनगर के ऊपर धने जंगलों में बादल फटने के बाद अतिवृष्टि से जमा मलबे में अनेक लोग जिंदा दफन हो गए थे। सन 2005 में ही प्रसिद्ध धर्मस्थल हेमकुंड के मार्ग में भी बादल फटने से 11 लोग मलबे में दबकर मर गए थे। हिमाचल प्रदेश के बादल फटने से हुए नुकसान और मौतों के बारे में चर्चा करते हैं तो 2004 में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू घाटी के जंगलों में बादल फटने की घटना से मजदूर जो सुरंग बनाने के काम में लगे थे वह सुरंग के रास्ते में मलवा आने से उसके भीतर ही फंस गए थे। 2010 में लद्दाख क्षेत्र के शहर लेह में सिलसिलेवार ढंग से बादल फटने की घटना में लगभग 1000 लोगों की मौत हो गी थी और पूरा शहर तबाह हो गया था। जुलाई 2015 मैं कश्मीर में बादल फटने से बहुत तबाही हो गई 10 लोगों की मौत हो गई बड़गाम कुपवाड़ा गुब्बारा और गंदेरबल गांव में यह घटना घटित हुई । 18 मई 2016 उत्तराखंड के टिहरी जिले के बादल फटने की घटना से आधा दर्जन गांवों का सब कुछ नष्ट हो गया। चार धाम यात्रा के श्रद्धालु सड़कों पर फंसे रहे दर्जनों जानवरों की भी मौत हो गई । बादल जो हमें आकाश में टहलते दिखाई पड़ते हैं यह कैसे होते हैं उनके अलग - अलग वर्ग हैं। मुख्य रूप से बादल 3 तरह के होते हैं सिरस, कयुमुलस व स्टेटस यह नाम बादलों की प्रकृति केआधार पर रखे गए हैं। ऊंचाई के आधार पर उड़ने वाले सामान्य बादल निम्न बादल कहलाते हैं इसका अर्थ है गोलाकार इन्हें प्रायः आसमान में देखते हैं यह बादल हल्के-फुल्के और गोल होते हैं रुई के ढेर से बने प्रतीत होते हैं । बर्फ के कणों से बने होते हैंअगर यह गहरे रंग के होते हैं तो जमीन में पानी ओलों की बरसात हो सकती है इनमें अक्सर आधा करोड़ टन से ज्यादा भी पानी होता है बादलों की ऊंचाई के आधार पर भी बादलों का विभाजन किया गया है निम्न बादल ,मध्यम बादल,उच्च बादल । निम्न बादल 2000 फिट से6000 फिट तक उड़ते हैं मध्यम बादल 6000 से 6500 फीट तक पहुंचते हैंउच्च बादल 16500 फीट से और अधिक ऊपर तक उड़ते हैं। पर अधिकांश बादल फटना या बहुत अधिक मूसलाधार बारिश होना यह घटनाएं हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड या पहाड़ी क्षेत्रों में ही अधिक होती है। परंतु बादल की फटने की घटना के बारे में कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है मौसम विज्ञान भी भारी बारिश की संभावना बता सकता है पर यह बादल कहां फट सकते हैं यह बताना मौसम विभाग के द्वारा संभव नहीं है फिर भी पर्वतों या पहाड़ों पर जहां बादल फटते हैं तो उनके विनाश से बचाव के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिये जो जनहानि और संपत्ति का बचाव कर सकता है ।

ओम प्रकाश 'सुमन' पूर्व प्रवक्ता स्मृति महाविद्यालय भीरा, लखीमपुर खीरी

हिन्दू धर्म

भारत का सर्वप्रमुख धर्म है, जिसे इसकी प्राचीनता एवं विशालता के कारण 'सनातन धर्म' भी कहा जाता है। ईसाई, इस्लाम, बौद्ध, जैन आदि धर्मों के समान हिन्दू धर्म किसी पैगम्बर या व्यक्ति विशेष द्वारा स्थापित धर्म नहीं है, बल्कि यह प्राचीन काल से चले आ रहे विभिन्न धर्मों, मतमतांतरों, आस्थाओं एवं विश्वासों का समुच्चय है। एक विकासशील धर्म होने के कारण विभिन्न कालों में इसमें नये-नये आयाम जुड़ते गये। वास्तव में हिन्दू धर्म इतने विशाल परिदृश्य वाला धर्म है कि उसमें आदिम ग्राम देवताओं, भूत-पिशाची, स्थानीय देवी-देवताओं, झाड़-फूँक, तंत्र-मत्र से लेकर त्रिदेव एवं अन्य देवताओं तथा निराकार ब्रह्म और अत्यंत गूढ़ दर्शन तक- सभी बिना किसी अन्तर्विरोध के समाहित हैं और स्थान एवं व्यक्ति विशेष के अनुसार सभी की आराधना होती है। वास्तव में हिन्दू धर्म लघु एवं महा- परम्पर-ाओं का उत्तम समन्वय दशार्ता है। एक ओर इसमें वैदिक तथा पुराणकालीन देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना होती है, तो दूसरी ओर कापलिक और अवधूतों द्वारा भी अत्यंत भयावह कर्मकांडीय आराधना की जाती है। एक ओर भक्ति रस से सराबोर भक्त हैं, तो दूसरी ओर अनीश्वर-अनात्मवादी और यहाँ तक कि नास्तिक भी दिखाई पड़ जाते हैं। देखा जाय, तो हिन्दू धर्म सर्वथा विरोधी सिद्धान्तों का भी उत्तम एवं सहज समन्वय है। यह हिन्दू धर्मावलम्बियों की उदारता, सर्वधर्मसमभाव, समन्वयशीलता तथा धार्मिक सहिष्णुता की श्रेष्ठ भावना का ही परिणाम और परिचायक है।

हिन्दू धर्म के स्रोत

हिन्दू धर्म की परम्पराओं का अध्ययन करने हेतु हजारों वर्ष पीछे वैदिक काल पर दृष्टिपात करना होगा। हिन्दू धर्म की परम्पराओं का मूल वेद ही हैं। वैदिक धर्म प्रकृति-पूजक, बहुदेववादी तथा अनुष्ठानपरक धर्म था। यद्यपि उस काल में प्रत्येक भौतिक तत्त्व का अपना विशेष अधिष्ठातृ देवता या देवी की मान्यता प्रचलित थी, परन्तु देवताओं में वरुण, पूषा, मित्र, सविता, सूर्य, अश्विन, उषा, इन्द्र, रुद्र, पर्जन्य, अग्नि, वृहस्पति, सोम आदि प्रमुख थे। इन देवताओं की आराधना यज्ञ तथा मंत्रोच्चारण के माध्यम से की जाती थी। मंदिर तथा मूर्ति पूजा का अभाव था। उपनिषद् काल में हिन्दू धर्म के दार्शनिक पक्ष का विकास हुआ। साथ ही एकेश्वरवाद की अवधारणा बलवती हुई। ईश्वर को अजर-अमर, अनादि, सर्वत्रव्यापी कहा गया। इसी समय योग, सांख्य, वेदांत आदि षड दर्शनों का विकास हुआ। निर्गुण तथा सगुण की भी अवधारणाएं उत्पन्न हुई। नौंवीं से चौदहवीं शताब्दी के मध्य विभिन्न पुराणों की रचना हुई। पुराणों में पाँच विषयों (पंच लक्षण) का वर्णन है-

सर्ग (जगत की सृष्टि),
प्रतिसर्ग (सृष्टि का विस्तार, लोप एवं पुनः सृष्टि),
वंश (राजाओं की वंशावली),
मन्वंतर (भिन्न-भिन्न मनुओं के काल की प्रमुख घटनाएँ) तथा
वंशानुचरित (अन्य गौरवपूर्ण राजवंशों का विस्तृत विवरण)।

दुर्गा प्रसाद खत्री

जन्म- 12 जुलाई, 1895, वाराणसी; मृत्यु- 5 अक्टूबर, 1974) हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यास लेखकों में से एक थे। ये ख्याति प्राप्त देवकीनन्दन खत्री के पुत्र थे, जिन्हें भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व में भी तिलिस्मी उपन्यासकार के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त थी।

जीवन परिचय

वाराणसी (भूतपूर्व काशी) में जन्में प्रख्यात तिलस्मी उपन्यासकार देवकीनन्दन खत्री के पुत्र दुर्गा प्रसाद खत्री भी उपन्यास लेखक थे। 1912 ई. में विज्ञान और गणित में विशेष योग्यता के साथ स्कूल लीविंग परीक्षा उन्होंने पास की। इसके बाद उन्होंने लिखना आरंभ किया और डेढ़ दर्जन से अधिक उपन्यास लिखे। इनके उपन्यास चार प्रकार के हैं-

तिलस्मी एवं ऐय्यारी
जासूसी
सामाजिक
अद्भुत किन्तु संभाव्य घटनाओं पर आधारित उपन्यास।

तिलस्मी उपन्यास में दुर्गा प्रसाद खत्री ने अपने पिता की परंपरा का बड़ी सूक्ष्मता के साथ अनुकरण किया है। जासूसी उपन्यासों में राष्ट्रीय भावना और क्रांतिकारी आंदोलन प्रतिबिम्बित हुआ है। सामाजिक उपन्यास प्रेम के अनैतिक रूप के दुष्परिणाम उद्घाटित करते हैं। लेखक का महत्व इस बात में भी है कि उसने जासूसी वातावरण में राष्ट्रीय और सामाजिक समस्याओं को प्रस्तुत किया।[1]

भूतनाथ (1907-1913) (अपूर्ण) - देवकीनन्दन खत्री ने अपने उपन्यास 'चन्द्रकान्ता सन्तति' के एक पात्र को नायक बना कर 'भूतनाथ' उपन्यास की रचना की, किन्तु असामायिक मृत्यु के कारण वह इस उपन्यास के केवल छह भागों ही लिख पाये। आगे के शेष पन्द्रह भाग उनके पुत्र दुर्गा प्रसाद खत्री ने लिख कर पूरे किये। 'भूतनाथ' भी कथावस्तु की अन्तिम कड़ी नहीं है। इसके बाद बाबू दुर्गा प्रसाद खत्री लिखित 'रोहतास मठ' (दो खंडों में) आता है।

कृतियाँ

दुर्गा प्रसाद खत्री ने 1500 कहानियाँ, 31 उपन्यास व हास्य प्रधान लेख लिखे। दुर्गा प्रसाद खत्री ने ह्यउपन्यास लहरीह्न और 'रणभेरी' नामक पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया था। इनके उपन्यास चार प्रकार के हैं-

तिलस्मी ऐयारी उपन्यास

भूतनाथ और रोहतासमठ उनके इस विधा के उपन्यास हैं और इनमें उन्होंने अपने पिता की परंपरा को जीवित रखने का ही प्रयत्न नहीं किया है वरन उनकी शैली का इस सूक्ष्मता से अनुकरण किया है कि यदि नाम न बताया जाय तो सहसा यह कहना संभव नहीं कि ये उपन्यास देवकीनंदन खत्री ने नहीं वरन किसी अन्य व्यक्ति ने लिखे हैं।

जासूसी उपन्यास

प्रतिशोध, लालपंजा, रक्तामंडल, सुफेद शैतान जासूसी उपन्यास होते हुए भी राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हैं और भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को प्रतिबिंबित करते हैं। सुफेद शैतान में समस्त एशिया को मुक्त कराने की मौलिक उद्भावना की गई है। शुद्ध जासूसी उपन्यास हैं-

गणेश गीता (गीता भाग 110)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य से कहते हैं कि राजन् पाप कर्मो से जीव की अधोगति होती है और वह पापी योनि में जन्म पाती है , इसलिए पाप से बचता हुआ शास्त्रों द्वारा बताए ग्रे मार्ग पर ही चलना श्रेयस्कर होगो कहा गया है कि ---

लभन्ते स्वर्गतिं यज्ञैः
अन्यैः धर्मैश्च भूमिप`
सुलभा सा सकामानां,
मति भक्तिः सुदुर्लभा`

हमें राजन् ! यज्ञ व अन्य सुकर्मो से स्वर्ग की। प्राप्ति होती है ,जो स्वामी पुरुषों को सुलभ है लेकिन मेरे प्रति भक्ति का होना आसान नहीं है`

विमूढ़ा मोहजालेन बद्धाः,
स्वेन। च। कर्मणा `
अहं संता अहं कर्ता,
अहं भोक्तेति वादिनः

राजन् ! जो मूढ़ व्यक्ति हैं वे अपने कर्मो से मोह जाल में फंस कर रह सोचते हैं कि। मैं ही सब को मारता हूं, मैं ही सब कुछ करता हूं ,और मेरे ही द्वारा सब कुछ होगा।

जाता है`
अहमेव ईश्वरः वास्ता ,

अहं वेत्ता अहं सुखी`
एतादृशी मतिः नृणां,अधः

पातयति इह तान्`

हे राजन्! मूर्खो का यह भाव कि मैं ही ईश्वर हूं,मैं सम्पूर्ण जगत का शासक हूं,मैं ही सर्वज्ञ हूं और मैं ही सबसे सुखी इंसान हूं , ऐसा क्षुद्र विचार जीव को नरकगामी बनाता है`

तस्मात एतत्समुत्सृज्य,
दैवीय प्रकृतिं आश्रय`
भक्तिं कुरु मदीयां
त्वमनिशं दृढ़चेतसा`

इस लिए हे राजन्! इसलिए इन सभी माया के प्रपंचों का त्याग कर दैवी प्रकृति का आश्रय लो` तुम निरंतर दृढ़तापूर्वक मेरी भक्ति में लीन हो जाओ`,

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

खेल महोत्सव में करावल नगर हीरोज एवं तिमारपुर टाइटन्स ने अपने अपने मैच जीते

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-खेल महोत्सव में मीडिया मास्टर्स एवं करावल नगर हीरोज सांसद खेल महोत्सव के छठे दिन आज डिस्ट्रिक्ट पार्क नंद नगरी के खेल मैदान पर मीडिया मास्टर्स एवं करावल नगर हीरोज बाबरपुर बुलडोजर एवं तिमारपुर टाइटन्स के बीच टी20 मा ै च ा

हुए।खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए खेल महोत्सव के आयोजक और उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल एवं विशेष आयुक्त पुलिस दीपेंद्र पाठक महाराष्ट्र भाजपा उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह पुलिस उपायुक्त संजय सेन प्रसिद्ध कथाकार अजय भाई अजय के साथ खेल मैदान पर मौजूद रहें।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार मोहन गोयल महामंत्री जितेन्द्र कंवर भाजपा नेता नीलकांत बक्शीआनंद त्रिवेदी भुवनेश सिंघल आशीष तिवारी ब्रिजेश सिंह पूनम चौहान विकास त्यागी भूषण त्यागी पूर्व पार्षद प्रवेश शर्मा कुसुम तोमर सुषमा मिश्रा कु रिंकू चंद्र धवन राजकुमार झा हितेद्र त्यागी वीरेंद्र खंडेलवाल भी मौजूद रहें। सुबह के मैच में मीडिया मास्टर्स ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए करावल नगर हीरोज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 343 रन बनाए और 344 रनों का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुए मीडिया मास्टर्स की टीम निर्धारित 20ओवर में 8विकेट खोकर 88रन ही बना सकी और मैच करावल नगर हीरोज की टीम ने यह मैच 255 रनों से जीत लिया। करावल नगर हीरोज के खिलाड़ी ऋषभ को मैन आफ दी मैच घोषित किया गया।शाम के मैच में तिमारपुर टाइटंस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित 20 ओवरों में10 विकेट खोकर168 रन बनाए एवं बाबरपुर बुलडोजर के सामने 169रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए बाबरपुर बुलडोजर की टीम 10विकेट खोकर 15ओवर में 82 ही बना सकी और यह मैच हार गई।

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज संयुक्त जिला चिकित्सालय सेक्टर 30 नोएडा में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव।

जन्मी बालिकाओं के कुल 11 अभिभावकों को "बेबी किट" भेंट कर अभिभावकों को किया गया सम्मानित

समाज जागरण देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर "बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना के अंतर्गत आज संयुक्त जिला चिकित्सालय सेक्टर 30 नोएडा गौतमबुद्धनगर में जन्मी बालिकाओं के कुल 11 अभिभावकों को "बेबी किट" भेंट कर

कन्या जन्मोत्सव मनाया गया और अभिभावकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि उपस्थित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दिये जाने के साथ ही योजना से संबन्धित आवेदन पत्र एवं पम्फलेट वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 पवन कुमार अरून व जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, डाटा एनालेसिस निखत परवीन तथा जिला समन्वयक सुनीता आदि उपस्थित रहे।

पौधारोपण कर देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी

आगरा 11 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि विभाग के बैनर तले नीलगिरी कॉलोनी अलबतिया में (औषधीय, फलदार और छायादार)11 पौधा रोपित कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी। पर्यावरण प्रहरी के के भारद्वाज ने कहा मानव सभ्यता की रक्षा, आ धु नि क

परिवेश(प्रकृति) में हो रहे बदलाव और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पौधारोपण जरूरी है। पश्चिम महानगर संयोजक ब्रजकिशोर वर्मा ने कहा एक वृक्ष सौ पुत्र समान है। पर्यावरणविद डॉ श्रीकांत कुलश्रेष्ठ ने कहा पौधा रोपित करने से पूर्व उनकी देख रेख और खाद पानी की जिम्मेदारी जरूरी है। पर्यावरण प्रहरी के के भारद्वाज,बृज किशोर वर्मा एडवोकेट, वीरेंद्र इंदौलिया, नेत्रपाल इंदौलिया,डॉ श्रीकांत कुलश्रेष्ठ,अमित पाण्डेय,दीपक पंडित आदि मौजूद रहे।

मेरे कान्हा की आज शादी है पर झूमे भक्तगण

आगरा !तिकोनिया पार्क शास्त्रीपुरम आगरा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के षष्टम दिवस सोमवार को रुकमणी मंगल का प्रसंग हुआ भजन दूल्हा बने नंदलाल और आज मेरे कान्हा की शादी है पर भक्तो

ने नृत्य किया कथावाचक पं गरिमा किशोरी जी ने शुक्रवार को रास लीला उद्धव चरित्र कंश वध श्रीकृष्ण विवाह उत्सव आदि कथाओं का वर्णन किया उन्होंने रासलीला के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार गोपियों ने हृदय से श्री हरि को अपना पति परमेश्वर माना और सदा सदा के लिए प्रभु की शरण में चली गयी कथा के अंत में बड़ी ही धूम धाम से श्रीकृष्ण विवाह उत्सव मनाया गया सभी भक्त श्री कृष्ण के विवाह में नृत्य करते हुए शामिल हुए ब्रज के रसिक संगीतकार बलवीर सिंह बल्लो ने भजन सुनाकर सबके हृदय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद से जितेंद्र रावत , जितेंद्र देपुरिय ने पहुँच कर किशोरी जी का भव्य स्वागत किया।। मुख्य रूप से चांदनी भोजवानी, भावना नोतनानी, आदित्य दीक्षित, अनिल अग्रवाल, रोहित गोयल, राजेश बघेल, आशा खंडेलवाल, आशा देवी परीक्षत , बेबी रानी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने पूरे गौतम बुद्धनगर में कांवड़ यात्रा के मार्ग में टूटी/ जलभराव वाली सड़कों व लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए

(हरेश उपाध्याय) गौतम बुद्धनगरः-जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने पुलिस आयुक्त गौतम बुद्धनगर के साथ कांवड़ यात्रा व शिव रात्रि के मद्देनजर एक आवश्यक व महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें 14जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान जिले की शांति व्यवस्था चौक चाबंद करने के साथ साथ कांवड़ यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढें व जल भराव तथा ऐसे डार्क जोन जहां लाइट की आवश्यकता है अथवा ऐसे यात्रा मार्ग जहां कि पोल/खंभें तो लगे हुए हैं पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं है,को भी चिह्नित किया गया।इस बावत मुख्य अभियंता विद्युत गौतम बुद्धनगर व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग,महा प्रबंधक एन पी सी एल गौतम बुद्धनगर, जिला पंचायत राज अधिकारी गौतम बुद्धनगर, समस्त अधिशासी अधिकारी (नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद) गौतम बुद्धनगर को भी त्वरित आदेश निर्गमित किए गए कि उक्त वर्णित सड़ कों के गड्ढों व जलभराव तथा प्रकाश रहित क्षेत्रों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएं। थाना दादरी के अंतर्गत डार्क जोन, जहां लाइट की आवश्यकता है। रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे, बालाजी एन्क्लेव के सामने थी की रोड,मंडी के सामने का एरिया ,आरवी नोर्थ लैंड तिराहा।जारचा थाने के अंतर्गत चौंकना बोर्डर से पातालेश्वर महादेव मंदिर ग्राम प्यारी तक, सामना नहर से कस्बा जारचा तक और दादरी बोर्डर ग्राम खटाना से कस्बा जारचा तक। थाना दनकौर झाझर रोड भट्टा पुलिया । थाना कासना में ग्रामीण क्षेत्र संपूर्ण यात्रा मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करना।जेवर थाने के अंतर्गत ग्राम गोपालगढ़ से कैलाश हॉस्पीटल कस्बा जेवर लगभग 3किमी। खुर्जा अंडरपास कस्बा जेवर से कस्बा जहांगीरपुर लगभग 15किमी, कस्बा जहांगीरपुर से झाझर रोड 2किमी। रबूपुरा थाने के अंतर्गत चचूरा नहर से यमुना एक्सप्रेस वे खेड़ा अंडरपास तक दूरी करीब 14किमी।अब ऐसे स्थान जहां पोल/खंभें तो लगे हैं पर प्रकाश नहीं है। दादरी थाने के अंतर्गत रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे, बालाजी एन्क्लेव के सामने जीटी रोड,मंडी के सामने,आरबी नोर्थ लैंड तिराहा।थाना जारचा में चौंना बोर्डर से पातालेश्वर महादेव मंदिर ग्राम प्यावली। थाना दनकौर में नगला चीती गेट, चीती गेट, चीती पुलिया, संस्कार सिद्धि गेट,खेरली नहर तिराहा, झाझर रोड भट्टा पुलिया। थाना कासना में समस्त मार्ग पर प्रकाश नहीं है। थाना जेवर में ग्राम गोपालगढ़ से कैलाश हॉस्पीटल कस्बा जेवर लगभग तीन किमी, खुर्जा अंडरपास कस्बा जेवर से जहांगीरपुर लगभग 15किमी। कस्बा जहांगीरपुर से झाझर रोड करीब दो किमी। थाना रबूपुरा में चचूरा नहर से यमुना एक्सप्रेस वे खेड़ा अंडरपास तक दूरी 14किमी। कांवड़ यात्रा मार्ग में टूटी/जलभराव सड़कें,जिनको दुरूस्त करना हैं थाना दादरी के अंतर्गत आरवी नोर्थ लैंड तिराहा के पास लगभग 100मीटर। जारचा थाने में समाना नहर से कस्बा जारचा दो किमी,सीदीपुर मोड़ से पातालेश्वर महादेव मंदिर प्यावली दो किमी। थाना कासना में ग्राम गंगोला, सलेमपुर, अमीनाबाद उर्फ न्याना- यात्रा मार्ग ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण रास्ता पूर्ण रूप से ठीक नहीं है, लगभग 6किमी। थाना रबूपुरा के अंतर्गत झाझर से नहर पुल तक बुलंदशहर रोड पर जगह जगह सड़क पर गड्ढे हैं।

आर ए एफ 103 बटालियन ने वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया

(हरेश उपाध्याय,रवि कुमार) दिल्लीः- उत्तर पूर्वी दिल्ली के वजीराबाद पुस्ता रोड स्थित सीआरपी कैंप (आर ए एफ 103) बटालियन द्वारा बटालियन कैंप के अंदर और सिग्नेचर ब्रिज के आसपास व यमुना किनारे वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया।वन महोत्सव के तहत सीआरपी कैंप द्वारा हजारों की संख्या में पौधे लगाए गए। जिसमे जवानों एवं अधिकारीजनो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।सीआरपीएफ कैंप के कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह पीएमजी ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषण को कम करते हैं। वन महोत्सव के उपलक्ष्य में हर साल सीआरपीएफ कैंप के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीआरपीएफ 103 बटालियन के कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह पीएमजी, चंद्रशेखर द्वितीय कमान अधिकारी लोकेश कुमार, उप कमांडेंट सुरेंद्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट श्रीमती

मुकेश यादव , उप कमाण्डेन्ट राजेंद्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट बाबूलाल पारीक, सहायक कमांडेंट ओम प्रकाश मिश्रा, सहायक कमांडेंट राजेंद्र सिंह, सहायक कमांडेंट और बटालियन के जवानों का भी स्पष्ट संदेश था कि वृक्ष हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

दो दिवसीय सिनर्जी शिखर सम्मेलन का आयोजन

(हरेश उपाध्याय)नयीदिल्ली-ःदो दिवसीय सिनर्जी शिखर सम्मेलन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के पहले दिन मुख्य अतिथि राजनाथ सिंह थें। रक्षा मंत्री ने कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के विशाल संकट के चलते परिवर्तनकारी समाधानों का पता लगाने के लिए सभी हितधारको को एकजुट करने का समय आ गया है। रणनीतिक शोध के बिना और अत्यधिक प्रगतिशील समाधानों के बिना साक्षरता संकट गहराता रहेगा। इस बड़े संकट को हल करने के लिए इसे अकेले शिक्षकों पर नहीं छोड़ सकते। सभी समुदायों को संगठित करने की जरूरत है और समाज के सभी वर्गों को तालमेल के साथ काम करना होगा। ऋछठ को एक आपात स्थिति के रूप में माना जाना चाहिए और इससे निपटने के लिए हमें पूरे समाज का सहयोग चाहिये ।उन्होंने डॉ सुनीता गांधी, पूर्व अर्थशास्त्री, विश्व बैंक और संस्थापक, एजुकेशन विजन इंटनेशनल यानी कि देवी संस्थान की नई ग्लोबल ड्रीम अछक्अ या एक्सेलरेटिंग लर्निंग फॉर ऑल पद्धति विकसित करने के लिए ऋछठ के नूतन प्रयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा "भारत को मात्र 90% दिनों के भीतर सीखने की प्रक्रिया पूरी करने वाले, अछळअ ग्लोबल ड्रीम जैसे किसी

अभूतपूर्व समाधान की आवश्यकता है। पांच साल की स्कूली शिक्षा के बाद भी पारंपरिक तरीके, मूलभूत कौशल विकसित करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। मुझे खुशी है कि अछएअ अब भारत के दस सबसे पिछड़े जिलों में से दो मे लागू किया जा रहा है उत्तर प्रदेश में शामली और उड़ीसा में संबलपुर। उडश्क्ऽटीकाकरण की तरह ही हर बच्चे को अछक्अ शिक्षा तुरंत दी जानी चाहिए।कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. सुनीता गांधी द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस परिस्थिति में प्रत्यक्ष परिवर्तन तीन चरणों के माध्यम से संभव है १) राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन जिसमें प्रत्येक हितधारक को छात्रों से लेकर सरकारी अधिकारियों तक सभी स्तरों पर शामिल होना चाहिए जैसे पल्स पोलियो अभियान२) सरकार की प्रतिबद्धता और परिवर्तनकारी पाठ्यक्रम व शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया जो युवा और वृद्ध. स्वयंसेवकों और सभी शिक्षकों को शामिल होने की अनुमति दे।

जुग्गी लाल वर्मा जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार बने महासचिव

महिला ईकाई का भी हुआ गठन डा रेनू वर्मा वनी जिलाध्यक्ष

आगरा(वी एन मिश्र)भारतीय कुर्मी महासभा आगरा का निर्वाचन भारतीय कुर्मी महासभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं चुनाव पर्यवेक्षक डॉ बी के सिंह और भारतीय कुर्मी महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव एवं सह पर्यवेक्षक प्रोफेसर डॉ वी के सिंह के दिशा निर्देश में एवं नागेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में प्रभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज मदिया कटरा, आगरा पर सम्पन्न हुई।

जिला कार्यकारिणी निर्वाचन के लिए सभी पदों पर एक-एक ही नामांकन आया और निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध सम्पन्न हुई।

जुग्गी लाल वर्मा को जिलाध्यक्ष, पीयूष कटियार को जिलामहासचिव और डॉ कृष्ण कुमार सिंह कोषाध्यक्ष पुनः निर्वाचित हुए। संरक्षक मण्डल डॉ ए एस सचान, सीताराम कटियार,नागेन्द्र पाल सिंह,अतीन्द्र कटियार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरेन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ आदर्श सचान, सचिव डॉ प्रवीण कुमार सिंह, विनोद कटियार, के बी कटियार, संयुक्त सचिव डॉ योगेश सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, योगेंद्र पाल सिंह, संगठन सचिव प्रताप सिंह, उपेन्द्र कुमार, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रचार प्रसार सचिव देव पटेल, मीडिया प्रभारी/ आई टी सेल पायल कटियार,

कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रभात कुमार सिंह, श्रीकृष्ण वर्मा, डॉ भूपेंद्र सिंह, सुशील पटेल,अक्षय सिंह,

महिला ईकाई का भी हुआ गठन

महिला कार्यकारिणी की जिलाध्यक्ष डॉ रेनू वर्मा, जिलामहासचिव अर्चना सिंह पटेल,कोषाध्यक्ष रीना सिंह, संरक्षक मण्डल डॉ मनीषा सिंह, डॉ अंजूलता सचान,रूचि वर्मा, उपाध्यक्ष किरन सिंह, राधिका सिंह, भावना वर्मा,सचिव अल्का वर्मा, मीनाक्षी सिंह,सरिता उत्तम

सहित सभी पदों का निर्वाचन निर्विरोध रहा। इस दौरान संजय कुमार सिंह,शारदा प्रसाद सिंह, धीरेंद्र सिंह,गौरव कटियार, नरेन्द्र सिंह,कमलेन्द्र पाल सिंह,आनन्द स्वरूप,जितेंद्र सिंह, संदीप सिंह, नीलम सिंह, भावना कटियार,सरोज बाला सहित कुर्मी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

रेवेन्यू बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता - अंशू आर्य

आगरा !रेवेन्यू बढ़ानो मेरी पहली प्राथमिकता होगी ।यह कहना हैं एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन कार्यालय से स्थानांतरित होकरे खंड- 9 में आयी राज्य कर अधिकारी अंशु आर्य का।

पदभार संभालने के बाद एक विशेष भेट में उन्होंने बताया कि राजस्व बढ़ाना और अपंजीकृत व्यापारियों को प्रोत्साहित कर उनका पंजीयन कराने के लिये वो हर संभव प्रयास करेंगी। इसके अलावो टैक्स चोरी रोकने के लिए वह कड़े कदम भी उठाएंगी । उनका प्रयास होगा कि शासने की नीति का असर जमीन स्तर पर दिख सके । जिससे सरकार की छवि औड्ड बेहतर तरीके से दिख सके । अंशु आर्य मूल रूप से बंदायू की रहने वाली है ।यहीं उनकी शिक्षा- दीक्षा हुई है । वह 2018 बैच की पीसीएस अधिकारी है ।

प्रदेश के राज्य कर विभाग में इनकी गिनती साफ-सुथरी और तेज तर्रार अधिकारीयो में शुमार की जाती है ेे। खंड नौ की डिप्टी कमिश्नर पूनम गुप्ता और असिस्टेंट कमिश्नर संदीप रत्न ने इनकी खंड -9 में नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है ।

मीडिया क्लब ने आम महोत्सव आयोजित किया

समाज जागरण देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में नोएडा प्रेस क्लब व पूरब-पश्चिम महासंघ के तत्वाधान में आम महोत्सव का आयोजन किया गया स्याना बुलंदशहर के भिन्न भिन्न किस्म के आमों की सभी ने खूब प्रशंसा की। हिन्दुस्तान टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार विनोद राजपुत महासचिव नोएडा मीडिया क्लब ने इस आम उत्सव प्रोग्राम की वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, समाजसेवी टीकम सिंह ने अन्य लोगों के साथ मिलकर इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई व आयोजन किया। आर्गेनिक आमों का प्रबंध स्याना, बुलंदशहर से अपने बाग से किया जिससे सभी लोग इस क्षेत्र के आम की विविधता से परिचित हो सकें इस कार्यक्रम में नोएडा में कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं व सामाजिक कार्य करने वाले लोगों ने शिरकत कर आम व लिट्टी चोखा की दावत का आनंद उठाया इस आयोजन में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर नोएडा विधायक पंकज सिंह दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर गौतम बुध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह गौतम बुध नगर के डीएम सुहास एलवाई एडिशनल कमिश्नर लव कुमार एडीसीपी रणविजय सिंह सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले योग व अध्यात्म गुरु श्री अखिल जी,नोएडा भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता,एनइए अध्यक्ष विपिन मल्हन,कुशलपाल सिंह नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर नोवरा महासचिव अजय चौहान आलोक सिंह आर्गेनिक आम उत्पादक-टीकम सिंह आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की कार्यक्रम में लिट्टी चोखा व बुलंदशहर की स्याना फल पट्टी के आम का उपस्थित भद्रजनों ने सेवन किया भव्य आयोजन की व मुख्य रूप से आयोजन कताओं विनोद राजपूत पंकज पाराशर संतोष

सिंह रिंकू यादव की भरपूर प्रशंसा की।

वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह ने कहा कि इस कार्यकरम का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जायेगा व किसान और पत्रकारों के बीच एक मैत्री का बीज रोपण किया जायेगा जिससे आर्गेनिक खेती में और नई तकनीकी का इस्तेमाल हो सके व नीति निर्धारण किसान हित मे हो सके।

योग व अध्यात्म गुरु श्री अखिल जी ने कहा कि हमने पिछले कुछ वर्षों में कोरोना महामारी के प्रकोप को झेला जिसमे देखा गया कि जनमानस की रोगप्रतिरोधक क्षमता प्रकृति से दूरी बना लेने के कारण बहुत कमजोर हो गयी है जिस कारण बहुत भयावह स्तिथि का देश दुनिया को सामना करना पड़ा। हमे अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए जिसके लिए हमे योग से व प्रकृति से तालमेल बिठाकर जीवन यापन करना चाहिए आम प्रकृति का नायाब तोहफा है आम जनमानस के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है आम महोत्सव करने वालो को गुरुजी ने आशीर्वाद दिया।इस मौके पर मीडिया क्लब के सभी पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

मूल्यवान ग्राहकों को गुणवत्ता पूर्ण उत्पाद एवं सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से एक हल्के वजन वाले कम्पोज़िट सिलेंडर की गयी शुरुआत

समाज जागरण देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बताया गया कि आज इंडियन ऑयल ने अपने मूल्यवान ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से सुविधाओं के साथ एक हल्के वजन वाले कम्पोज़िट सिलेंडर की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि ये कम्पोज़िट सिलेंडर मौजूदा स्टील सिलेंडरों से कई मायनों में बेहतर है। तीन परतों में बने ये कम्पोज़िट सिलेंडर स्टील सिलेंडरों से वजन में हल्के हैं। खाली कम्पोज़िट सिलेंडर का वजन मात्र 5.9 किलोग्राम है जबकि स्टील के खाली सिलेंडर का वजन 16 किलोग्राम होता है। कम वजन के कारण कम्पोज़िट सिलेंडर महिलाओं द्वारा आसानी से संभाला जा सकता है। इसकी ट्रांसल्यूसेंट बनावट (पारभासी बनावट) एलपीजी की सही मात्रा जानने समझने में मददगार होती है। इससे ग्राहकों को अपने अगले रिफिल की योजना आसानी से बनाने में मदद मिलेगी। यह जंग रोधक है। इससे सतहों पर दाग और निशान छोड़ने की संभावना कम हो जाती है। यह खूबसूरती से डिजाइन किया गया है जिससे यह देखने में आकर्षक और आज के मॉडर्न किचन के लिए आदर्श है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय क्कके अंतर्गत कम्पोज़िट सिलेंडर के 11000 कनेक्शन को चिह्नित करने के लिए कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय ॥ राजकुमार दुबे, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मुख्य महाप्रबंधक (एलपीजी), उ प्र रा का ॥ दलीप रंगवानी, मंडल एलपीजी प्रमुख नोएडा इंडेन मंडल कार्यालय एवं अन्य अधिकारी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एलपीजी इंडेन वितरकों की उपस्थिति में जिला मजिस्ट्रेट एवं पैरालंपियन सुहास एल0वाई0 आई0 ए0 एस0 को सौंपा जा रहा है।

(जिलाधिकारी) से मिलकर अभिभावकों को आने वाली परेशानियों से अवगत कराने के लिए बैठक की।

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर पेरेंट्स वेल्फेयर सोसाइटी (जीपीडब्ल्यूएस) ने कक्षा 10वी व 12वी के बोर्ड का परिणाम घोषित होने से पूर्व ही अभिभावकों को कुछ स्कूलो द्वारा टी सी (ट्रांसफर सर्टिफि केट) एवं अन्य कागजात देने तथा पुराने 10वी छात्रों को कक्षा 11 में प्रवेश देने में परेशानी आने लगी है। जिसके लिए संस्था के पदाधिकारी डी. एफ. आर. सी. के अध्यक्ष (जिलाधिकारी) से मिलकर अभिभावकों को आने वाली परेशानियों से अवगत कराने के लिए बैठक की।

संस्था के संस्थापक मनोज कटारिया ने बताया कि कक्षा 10 व 12 के बोर्ड के परिणाम आने पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को दूसरे स्कूल या महा-विद्यालयों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की टी सी (ट्रांसफर सर्टिफि केट) एवं अन्य दस्तावेजों के लिए स्कूलो में भागदौड़ कर कागजी कार्यवाही शुरू कर दी है। कुछ स्कूलो ने बोर्ड की परीक्षा के बाद दूसरी संस्थानों में प्रवेश (एडमिशन) विद्यार्थियों के अभिभावकों से पांचवे क्वार्टर (अप्रैल 22 से जून 22 तक) की फीस मांगनी शुरू कर दी है। जब कि अभिभावकों से मार्च-अप्रैल माह में ही पूरे सत्र की फीस व अन्य देय का अनापत्ति प्रमाणपत्र (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफि केट) ले लिया था और विद्यार्थियों की परीक्षा भी दूसरे स्कूलो (सेंटर) में हुई थी। ऐसे में अभिभावकों से पांचवे त्रिमास (5३ँ ०४१३ी१) माँगना न्यायोचित नहीं ब्लकि स्कूल

की अभिभावकों से पैसा ऐंठना वाली नियत को दशार्ता है। इसके साथ-साथ अप्रैल-मई (ग्रीष्म अवकाश से पहले) तक स्कूल जा रहे बच्चों के नाम काटने तथा पेनल्टी के साथ पुनः नाम जोड़ने की घटना भी सामने आ रही है।

जीपीडब्ल्यूएस की बैठक में मनोज कटारिया के साथ अध्यक्ष कपिल शर्मा, उपाध्यक्ष पल्लवी राय, कोषाध्यक्ष गीता विद्यार्थी, सहायक कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, सचिव धर्मेंद्र नंदा आदि ने भाग लिया तथा अपने विचार व्यक्त किए।

लक्ष्मी नारायण मंदिर में आज प्रातः योग साधना का कार्यक्रम बहुत अधिक उत्साह से सम्पन्न हुआ।

दीप प्रज्वलन मंदिर के महासचिव ओ॰पी॰गोयल जी,योगाचार्य सी॰पी॰सिंह जी ,योगाचार्या कुशल जी, कोषाध्यक्ष जी॰ के॰ बंसल जी, व मंदिर के उपस्थित मैनेजिंग ट्रस्टीज व अन्य साधकों द्वारा किया गया।

प्रारम्भ में श्री जे॰एम॰ सेठ ने मंदिर का इतिहास व मंदिर के विभिन्न कार्यक्रमों व उपलब्धियों के बारे में संक्षेप में प्रस्तुति की।

तत्पस्चात योगाचार्य जी ने वरिष्ट लोगों के लिए योगा के महत्त्व की चर्चा की व कुशल जी ने गणेश प्रार्थना के बाद योगा अभ्यास का शुभारम्भ किया। योगाचार्य जी ने विभिन्न प्राणायाम व अन्य योग विधि जो विशिष्ट पुरूष व स्त्रियाँ आसानी से कर सकें का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम की सफलता को घ्यान में रखते हुए और योगाचार्य जी की अनुमति के बाद इस कार्य क्रम को मंदिर में अभी कुछ समय तक प्रति रविवार करने का निश्चय किया गया।

हरीश सभरवाल जी व अशोक गुप्ता जी ने सभी साधकों को अनुरोध किया की चाय- बिस्कुट के प्रसाद के बाद ही प्रस्थान करें।

अंत में आर॰ के॰ भट्ट जी ने सबका धन्यवाद करते हुए वोट ओफ थैंक्स किया व उसके उपरांत कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

अल्लाह की बारगाह में झुके हजारों सर अमन व शांति के माहौल में संपन्न हुई ईद उल अजहा की नमाज

लोगों ने ईद की नमाज के बाद अदा की सुन्नते इब्राहिमी

जुबैर आलम जिला ब्यूरो चीफ मुरादाबाद दैनिक समाज जागरण

मुरादाबादः इमरतपुर उधो की इदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज सुबह 7: 30बजे शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद की नमाज के मद्देनजर पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे रविवार सुबह से ही लोग ईद की नमाज के लिए अपने-अपने घरो से ईदगाह की तरफ रुख करते देखे गए छोटे-छोटे बच्चे अपने घर वालों के साथ ईदगाह पर नमाज को जाते हुए दिखाई दिए ईदगाह पर इमाम साहब दिलशाद हुसैन ने नमाज अदा कराई नमाज से पहले ईदगाह पर लोगों को संबोधित करते हुए ईदगाह इमाम साहब ने कहा ईद का त्यौहार प्यार सदभाव का त्यौहार है सभी

लोग मिल झूल कर ईद का पवित्र त्यौहार मनाए ईद एकता की मिसाल है नमाज के तुरंत बाद कुर्बानियों का दौर जारी रहा सभी जगहों पर परंपरागत रूप से कुर्बानियों की गई देर शाम तक प्रशासन की मेहनत रंग लाई और ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ रविवार को ईदगाह पर 7:30 बजे मौलाना दिलशाद हुसैन ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई ईद की नमाज के बाद सुन्नते इब्राहिमी अदा की गई लोगों ने एक दूसरे के घर पहुंच कर मुबा-रकबाद दी जिसमें साजिद हुसैन बाबू हुसैन फौजी रजाबूल हुसैन शाहिद हुसैन मुशाहिद हुसैन डॉ असलम मोबीन मलिक जावेद हुसैन मोहम्मद जुनेद हुसैन ताहिर मियां आदि मौजूद रहे

अभिकर्ता संगोष्ठी मे एसआई सी के बारे मे दी जानाकरी।

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

नूरपुर। शनिवार को धामपुर के तड़का रेस्टोरेंट में भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा धामपुर के तत्वावधान मे एक संगोष्टी का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक श्री पंकज सिंह द्वारा आयोजित अभिकर्ता संगोष्ठी की अध्यक्षता विकास अधिकारी श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई।इस मोके पर शाखा प्रबंधक ने एलआईसी की नई योजनाओं धन संचय व कैंसर कवर के बारे में बताया की कुछ समय पहले कैंसर एक दुर्लभ बीमारी थी। पर अब ये बीमारी हमारे जानने वाले लोगों में भी होने लगी है इसका इलाज काफी महंगा होता है और इस बीमारी के इलाज में लोगों की जीवनभर की जमा पूंजी लग जाती है। यहां तक कि, लोगों ने घर और जेवर तक बिक जाते हैं।अगर इतने के बाद भी पैसा कम पड़ता है, तो लोगों से उधार लेना पड़ता है। इसे वापस करने में पूरा जीवन लग जाता है इस बीमारी से कई बड़े लोग भी ग्रसित हुए हैं। और वह अपने पैसों के बल पर ठीक भी हुए हैं। जिसका उदाहरण उन्होंने युवराज सिंह, मनीषा कोइराला आदि बताया कार्यक्रम मे अभिकर्ता बंधुओं को 2022-23 वित्तिय वर्ष में अच्छा कार्य कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। विकास अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने यूनिट के ईमानदार व कर्मठ अभिकर्ता विकास सिंह निवासी ग्राम धोलागढ़ को उत्तम कार्य के लिए सम्मानित किया।अभिकर्ता संगोष्ठी में जिले भर के भिन्न भिन्न स्थानो से सभी अभिकताओं ने भाग लिया।

शहरी विकास, ऊर्जा मंत्री को जन्मदिन की बधाई दी।

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना भाजपा नेता रोहित रवि ने उत्तर प्रदेश सरकार शहरी विकास मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा जी को उनके लखनऊ आवास पर क्षेत्रवासियों की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। ईश्वर से उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की एवं उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मंत्री जी ने क्षेत्रवासियों का धन्यवाद कर विकास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर रोहित रवि, सुशील चौधरी, शुभम चौहान, सचिन समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

नजीबाबाद काली मंदिर से बिजौरी मार्ग को आधा अधूरा बनायें जानें की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यलय को की गई है !

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

नजीबाबाद। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी एक शिकायत में बताया कि नजीबाबाद में लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड..2 नजीबाबाद द्वारा हाल में मालन नदी पर यूपी सेतू निगम के बने पुल से काली मंदिर से होते हुए दोयज वाले मुख्य मार्ग(बिजौरी रोड) जोकि खस्ता हालत में था पर सड़क निर्माण कराया गया है शिकायत में बताया गया है कि सड़क के दोनों साइडों मे विभाग द्वारा नाला नहीं बनवाया गया तथा कई जगह गड्ढे छोड़ दिए गए ओर फुल की पहुंच मार्ग तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तथा सड़क को बिजौरी मार्ग से नही जोड़ा गया है जिस कारण आमजन को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सड़क की मोटाई भी सही नहीं रखी गई है क्योंकि बरसात आने पर सड़क सड़क को नुकसान पहुंच सकता है आरटीआई कार्यकर्ता ने सड़क निर्माण के मामले की जांच करा कर सड़क कार्य पूरा कर गड्ढों को भरने उसकी मोटाई बढ़ाए जाने की मांग की है!

डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार घायल

दैनिक समाज जागरण संभल ।

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र में ईसागढ़ मार्ग पर शाहपुर चमारन में डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया बाइक सवार कमालपुर निवासी साय आलम पुत्र सगीर अहमद बताया जा रहा है बाइक सवार टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी पास के ही अस्पताल पहुंचाया परिवार वालों को दी सूचना सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे गये घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद निजी अस्पताल ले गए हैं बाइक सवार घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है डंपर चालक को थाना हजरत नगर गढ़ी कि चौकी फतुल्लाह गंज पुलिस ने डंपर सहित चालक को हिरासत में ले लिया है और डंपर को पुलिस थाने ले गई है

एसडीएम द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को मान लेने पर वार बेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ता कार्य पर लौटे।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौ के अधिवक्ता गण 5 जुलाई से लगातार धरना प्रदर्शन पर कर कर रहे थे। वहीं उप जिला अधिकारी रामकेश धामा के द्वारा वकीलों की 11 सूत्रीय मांगों को मान लिए जाने पर सभी वकीलों ने सोमवार को अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। इसी के साथ धरना प्रदर्शन समाप्त कर वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के सभी अधिवक्ता गण अपने-अपने कार्य पर वापस लौट आए हैं। अधिवक्ता गणों में अध्यक्ष भगवान सिंह यादव, भगत सिंह, प्रदीप कुमार, शैलेंद्र यादव, सुधीर कुमार शर्मा, सुरेश यादव, वीरेश यादव, अवधेश यादव, संजय यादव, सतवीर सिंह आनंद, विशाल मित्तल, राजेश कुमार यादव, वीरेश यादव ,पंकज कुमार, भानु प्रकाश यादव, अशोक कुमार ,श्रीपाल सिंह, वेद प्रकाश ,सुभाष चंद शर्मा सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

बीजेपी महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा से रईस त्यागी जी सभी देशवासियों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दि तथा देश मे अमन चैन भाई चारे कायम रहे सभी आपस मे मील झुल कर रहे

संवाददाता समाज जागरण

जिला बरेली त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल- -अजहा शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोवस्त रहे। अधिकांश जगहों पर दोनों समुदाय के लोगों ने मिल जुलकर पर्व का आनंद लिया। लोगों ने एक दूसरे को पर्व की मुबा-रकबाद भी दी। ईद-उल-अजहा का पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ शांति व सौहार्द भरे माहौल में मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बकरीद की विशेष नमाज अकीदत के साथ अदा की व जीवन

में उन्नति, खुशी, समृद्धि तथा देश में शांति की सलामती की दुआएं मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद भी दी। मौके पर लोगों ने सेवईयां खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा भी कराया। बड़े-बूढ़े सहित खासकर बकरीद को लेकर बच्चे अति उत्साहित थे। सुबह बकरीद की विशेष नमाज पढ़कर लोगों ने खुदा राह में बकरे व भेड़ आदि की कुबार्नी की। अल-सुबह से ही लोग फिजां में इत्र की खुशबू बिखेरते मस्जिदों की ओर कूच करने लगे। खचाखच भरी मस्जिद में स्थान के अभाव में देर से पहुंचने वालों को दूसरी मस्जिदों में जाना पड़ा। परंपरा को निभाते हुए कई मस्जिदों के बाहर भी नमाज पढ़ी गई। नए वस्त्रों में सजे बच्चे, युवा व बुजुर्ग नये वस्त्रों में ईदगाह व मस्जिदों की ओर उत्साह के साथ जाते देखे गए। व अन्य मस्जिद तमाम ईदगाहों पर बकरीद को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए। जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। ईदगाह में नमाज अता करने आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसे लेकर भी प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे।

सभी मुसलमान भाईयो से अपील है कि वह कुबार्नी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर न डाले

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

हम लोगों को चाहिए कि अपने शहर और अपने देश की गंगा-जमुनी तहजीब का सबूत देते हुए अमन-शांति और आपसी भाईचारा कायम रखते हुए अपना त्यौहार मनाएं बीजेपी समर्थक मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारी रिफाकत हुसैन की युवा से अपील **हमारे मुस्लिम समाज के युवा कोई ऐसा काम न करे जिससे पूरे मुस्लिम समाज को शर्मिंदगी उठानी पड़े** कल ईदुल अजहा का त्योहार हैं और इस मौके पर बड़ी संख्या में हमारे मुसलमान भाई बुजुर्ग युवा ईदगाह और मस्जिदों में नमाज

अदा करेंगे सभी मुसलमान भाईयो से अपील है कि वह कुबार्नी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर न डाले हम लोगों को चाहिए कि अपने शहर और देश की गंगा-जमुनी तहजीब का सबूत देते हुए अमन-शांति और आपसी भाईचारा कायम रखते हुए नमाज-ए-ईद पढ़कर उस-के बाद खुले में कुबार्नी नहीं करें तथा जानवरों की कुबार्नी की फोटो सोशल मीडिया पर नहीं डाले और अपने बच्चों को भी सख्त हिदायत करें कि वह कुबार्नी की वीडियो ना बनाएं हमारे मुस्लिम समाज युवा कोई ऐसा काम न करे जिससे पूरे मुस्लिम समाज को शर्मिंदगी उठानी पड़े कुबार्नी के जानवर की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें तथा सोशल मीडिया पर आने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें ईदुल अजहा के दिन कुबार्नी के बाद बचे हुए अवशेषों का सही ढंग से निस्तारण करें ताकि आसपास के क्षेत्रों में गन्दगी और बदबू न फैले किसी भी अफवाह फैलाने वाले या अप्रिय घटना की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस को दे समाज के बड़े बुजुर्ग से अपील हैं कि वह यु-वाओ व नौजवानों पर नजर रखें और उनसे अपील करें कि सोशल मीडिया पर कोई गलत फोटोज व वीडियो अपलोड ना करें

काली मंदिर में उचक्के द्वारा महिला के कान का कुंडल खींचने पर पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कदम उठाए।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई

जुनावई। थाना क्षेत्र के एक गांव में अषाण माह की गुप्त नवरात्रि मौके पर मां कालिका देवी की पूजा अर्चना करने आए महिला श्रद्धालु के कान से उचक्के ने कान से कुंडल उड़ाया। वही इसको लेकर पीड़ित महिला ने मंदिर के पुजारी पर आरोप लगाते हुए चौकी प्रभारी को तहरीर दी है। वहीं थाना पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा इंतजाम कड़े करने हेतु मंदिर को प्रदूषण रहित ,सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करने बताया तथा लाउडस्पीकर लगाने के आदेश दिए हैं। जुनावई थाना क्षेत्र के कादराबाद गांव में आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि को कालिका देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने हेतु प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से लाखों की तादाद में श्रद्धालु लोग पहुंचते हैं। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक संभल तथा गुन्नौर सीओ थाना प्रभारी पवन कुमार की तरफ से कड़े कदम उठाते हुए सब इंस्पेक्टर तथा महिला तथा पुरुष पुलिस बल को भारी तादात में सुरक्षा में लगाया गया था। जिसमें की जुनावई थाना प्रभारी भी दिन में दो राउंड श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था देखने

में किया करते थे। इसी के चलते मेन गेट में भारी तादाद में भीड़ होने का फायदा उठाते हुए उचक्के के द्वारा महिलाओं के कान के कुंडल खींचने की शिकायत मिली है। इसी के साथ बदायूं जनपद के इस्लामनगर टंकी मोहल्ला की रहने वाली कीर्ति पत्नी अजय कुमार ने बैरपुर चौकी प्रभारी मनोज कुमार को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया की पूजा करने के बाद वापस होते समय मेन गेट में उचक्के के द्वारा कान का कुंडल निकालने पर पकड़ लिया गया था। परंतु मंदिर की पुजारी के द्वारा उचक्के को छुड़वा दिया गया। मंदिर के पुजारी के खिलाफ शिकायत देते हुए महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कदम उठाते हुए पुलिस ने मंदिर के पुजारियों पर नियम लागू करने के आदेश दिए । जुनावई। थाना क्षेत्र के कादराबाद गांव में दूरदराज से कालका मंदिर में पूजा अर्चना करने आए लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए वैरपुर महराजी चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने मंदिर के पुजारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रखें जाने हेतु कड़े कदम उठाए हैं । उन्होंने बताया मंदिर परिसर को प्रदूषण रहित रखने हेतु धुंए वाली चिमनी का बंदोबस्त किया जाना चा-हए। प्रत्येक श्रद्धालु मेनगेट से लेकर पूजा अर्चना स्थल तक सीसीटीवी की निगरानी में होना आवश्यक है। क्योंकि उचक्के के द्वारा महिलाओं के कान के कुंडल एवं जंजीर खींचने वाले महिला एवं पुरुष उचक्के की वीडियो रिकॉर्ड हो सके । श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बंद किए गऐ दूसरे निकास गेट को खोल दिया जाना चा-हए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पूजा अर्चना के माह के दौरान गली मोहल्लों में हाई मास्ट लाइटें का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पुलिस कैंप तैयार किए जाने के साथ ही लाउडस्पीकर का व्यवस्था की जानी चाहिए। इसी के साथ वैरपुर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया एक गेट होने के कारण भीड़ अधिक होने पर उचक्के महिला के कान के कुंडल एवं जंजीर खींचने में इसका फायदा उठाने में कामयाब होते हैं। इसीलिए दूसरा गेट खोलना बहुत आवश्यक है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि आने वाले श्रद्धालु रात्रि के समय अंधेरे में गली मोहल्लों में पड़े रहते हैं चोर उचक्के इसका फायदा उठाते हुए उनका सामान उठाने में कामयाब रहते हैं। हाई मास्ट लास्ट लगने से इस पर अंकुश लग सकेगा। इस मौके पर मंदिर के पुजारी रणवीर सिंह एवं भूप सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

जनपद में खेलों को आगे बढाया जायेगा, युवा प्रतिभाओं को किया जायेगा प्रोत्साहित- मुख्य विकास अधिकारी

जनपद मंबनेगा इन्डोर आधुनिक जिम, प्रस्ताव तैयार करा कर खेल निदेशालय को भेजा जायेगा– मुख्य विकास अधिकारी
स्टेडियम के मुख्य खेल मैदान के चारों ओर समुचित प्रकाश व्यवस्था कराये नगर पालिक परिषद बिजनौर– मुख्य विकास अधिकारी
राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिये जनपद स्तरीय समिति ने खिलाडियों को उपलब्ध करायी धनराशि – प्रभारी कीडा अधिकारी

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो बिजनौर आसिफ अख्तर के साथ मोहम्मद आरिफ

बिजनौर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण वोहरा ने कहा कि जनपद में खेलों को आगे बढाया जायेगा। युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा ताकि वह राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति पाये व अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि वह स्वंय खेलों में रूचि रखते है। मुख्य विकास अधिकारी ने उ0प्र0 शासन के निदेर्शों के क्रम में जनपद में बिना अनुमति के चल रहे जिम व तरणताल संचालकों के रजिस्ट्रेशन/अनुमति वार्षिक शुल्क सहित रुपए 15 हजार एक मुश्त लेने पर अपनी सहमति व्यक्त की। उन्होंनें जनपद मे खेल विभाग के कार्यालय के पास इन्डोर आधुनिक जिम बनाने

पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुये उसका प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के लिये कहा ताकि खेल निदेशालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के कोष को बढाने के लिये व खेलो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्यमियों, व्यापारियों आदि खेल प्रेमियों को जोडने के लिये कहा। उन्होंने स्टेडियम के मुख्य खेल मैदान के चारों ओर समुचित प्र-काश व्यवस्था के लिये नगर पालिक परिषद बिजनौर यह कार्य कराने के लिये कहा। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण वोहरा ने प्रभारी कीडा अधिकारी से कहा कि वह समिति के कोष में किस-किस मद में कितनी धनराशि प्राप्त हुयी तथा कहां-कहां व्यय की गयी उसका विवरण अगली बैठक मे प्रस्तुत करें। उन्होंने खेलों को बढावा देने के संबंध मे विभिन्न बिन्दुओं पर आकडो के साथ पावर प्वांइट प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से अगली बैठक मे प्रस्तुत करने के लिये कहा। प्रभारी क्रीडा अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद में राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों को शासन द्वारा निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिये जनपद स्तरीय समिति के माध्यम से खिलाडियों को धनराशि भी उपलब्ध करायी गयी है। इस अवसर पर एसडीएम ऋतु चौधरी, सचिव वालीबाल एसोसिएशन अजीत सिंह, सचिव जिला स्वीमिग एसोसिएशन बी0पी0 सिंह, सचिव जिला फुटबाल आंचल सिंह, एसीएमओ डा0 पी0आर0 नायर, जिला यवा कल्याण अधिकारी नम्रता कौशल, अध्यक्ष क्रीडा भारती योगेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य अधिकारी, समिति सदस्य उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस पर आयोजित की गई विचार गोष्ठी।

पंकज राघव ब्यूरो संभल/दैनिक समाज जागरण

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस पर आवास विकास स्थित जीएस पब्लिक स्कूल में भारतीय मानव कल्याण समिति ने आयोजित की विचार गोष्ठी। समिति प्रबंधक डॉ टी एस पाल ने बताया विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य जनसंख्या सम्बंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना है।संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा स्थापित किया गया था । 11 जुलाई 1987 को पांच बिलियन दिवस में सार्वजनिक हित से प्रेरित था, जिस-की अनुमानित तारीख जिस पर दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों तक पहुंच गई थी।जनसंख्या नियंत्रण के लिए योजना बनाने एवम मंथन के लिए 11 जुलाई 1989 से विश्व भर में मनाया जाने वाले विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है जैसे कि परि-वार नियोजन, लिंग समानता , गरीबी , मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों

का महत्व। मुख्यवक्ता हरीश कठेरिया एड.ने कहा घड़ी में सेकेंड की सुई जितनी तेजी से घूमा करती है, उससे कहीं तेजी से दुनिया की पॉपुलेशन का आंकड़ा बदल रहा है। लगातार बढ़ती जनसंख्या एक तरह से विकास में बाधक है। गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा, बेरोजगारी इनके पीछे काफी जनसंख्या वृद्धि जिम्मेदार है इसलिए इस ओर ध्यान देना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। भारत चीन के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है।अब देश के विकास और जनहित के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना जरूर हो गया है। अध्यक्षता राजकमल शर्मा ने एवम संचालन सभासद संजय सैनी ने किया। इस दौरान तरुण नीरज,दिनेशचंद गुप्ता,राजेश पाल,नकुल वार्ष्णेय, डॉ जयशंकर दुबे,संजय चौधरी,मुदित गर्ग,तुषार अग्रवाल,अनुभव श्रीवास्तव,आकाश शर्मा,ओम प्रकाश गुप्ता,मुनीष वार्ष्णेय,ऋषभ रस्तोगी,शीला सागर,रवि सैनी आदि उपस्थित रहे।

खाटू श्याम के दर्शन करने 17 दिन पहले गया युवक नहीं लौटा घर, पत्नी ने कराई गुमशुदगी दर्ज,

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बबराला महिला राधा पत्नी राकेश गुप्ता निवासी मोहल्ला सरार्फा बाजार ने गुन्नौर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया को तहरीर दी है बताया है कि मेरे पति राकेश गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए 25 जून को गए थे, इसी के चलते मेरी बात मेरे फोन से 27 जून को हुई है इसके बाद नहीं मेरी बात हुई है नहीं कोई पता चला है वही महिला

राधा ने खाटू श्याम के दर्शन से 17 दिन के बाद पति के घर नहीं आने के बाद गुनौर में पति राकेश गुप्ता की गुमशुदगी के संबंध में तहरीर दी थी जहां पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की है महिला ने बताया कि मेरे पति राकेश गुप्ता कमेटी चलाकर रुपयों का लेनदेन करते थे जिसमें मेरे पति पर कर्जदारो का कर्ज.होने पर मेरे घर पर मांगने के लिए आ रहे हैं और मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं मैं रुपए देने में मजबूर हूं इसी को लेकर महिला ने कर्ज के रुपए मांगने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

गंगा रोटरी क्लब की ओर से गुन्नौर कोतवाली में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य कैंप,

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर थाना कोतवाली परिसर में सोमवार को गंगा रोटरी क्लब की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया गया, जिसमें उप जिला अधिकारी रामकेश धामा, क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पुनिया, वरिष्ठ उपनिर-ीक्षक धीरेंद्र गंगवार, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, आकाश यादव, अमित कुमार सहित कोतवाली के पुलिसकर्मियों एवं अन्य क्षेत्रीय लोगों ने भी स्वास्थ्य कैंप में शारीरिक जांच कराई एवं जरूरी दवाइयां भी ली, स्वास्थ्य कैंप में

कालीचरण हॉस्पिटल बबराला से डॉ कैलाश वार्ष्णेय ने मधुमेह ब्लड प्रेशर तथा अन्य बीमारियों से बचाव हेतु उपाय बताएं, भानु आई केयर सेंटर बबराला से डॉ राहुल यादव ने आंखों के चेकअप कर दवाई वितरण की, गंगा रोटरी क्लब के संचालक अतुल कुमार उर्फ भोला ने भी मधुमेह की बीमारी से राहत पाने के लिए घरेलू नुस्खे बताएं, इस मौके पर डॉ राजकुमार, डॉक्टर गिरिराज किशोर, एडवोकेट भगवान सिंह यादव, अभय वार्ष्णेय, विवेक अग्रवाल, सुरेश कुमार गुप्ता सहित दर्जनों पुलिसकर्मी एवं क्षेत्रीय लोग स्वास्थ्य कैंप में मौजूद रहे।

वार्ड नंबर पांच के लोगों को ईद की बधाई देने पहुंचे मोहम्मद नाजिम जाना हाल-चाल

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

धौरा टांडा(बरेली)नगर पंचायत धौरा टांडा से अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार शिक्षित युवा नेता मोहम्मद नाजिम कस्बे के वार्ड नंबर 5 में लोगों के बीच पहुंच मुबारकबाद दी तो वही समस्या सुन समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया और कहा कि अगर आपने मुझे मौका दिया तो कसवा को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी इस अवसर पर इंजीनियर मोहम्मद तारिक वार्ड नंबर पांच सभासद पद के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिद आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष में विद्यालयों में अनेको कार्यक्रम करेगी:- अभिषेक त्यागी

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद आपको बता दे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद में विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष में युवा पखवाड़े के अंतर्गत नगर मंत्री नजीबाबाद विनायक गुप्ता, प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन अभिषेक त्यागी,बंटी कुमार ने विजन कॉलेज ऑफ फामेर्सी में पौधारोपण का कार्यक्रम किया उसी के साथ साथ साहू जैन डिग्री कॉलेज में कॉलेज अध्यक्ष उत्सव कुमार के नेतृत्व में कॉलेज मंत्री राघव,निकुंज राठी कुणाल,रोहन, नीरज द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। अभिषेक त्यागी ने बताया यह कार्यक्रम लगातार 7 दिन तक अनेकों विद्यालय में चलने वाला है कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिनव,उत्सव,विनायक,बंटी,हर्षित, नीरज,सानिया, आस्था,अनमोल आदि का प्रवास अलग-अलग विद्यालयों में लगाया गया है नगर मंत्री विनायक गुप्ता ने बताया की नजीबाबाद नगर में अलग-अलग विद्यालय में तिलक चंदन, पौधारोपण,विचार गोष्ठी, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जैसे अनेकों कार्यक्रम किए जाएंगे।

पंचायत भवन का हुआ लोकार्पण

संवाददात आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : रसड़ा ब्लाक क्षेत्र के रजमलपुर उर्फ नवापुरा में सोंमवार को समारोह के बीच नव निर्मित पंचायत भवन का लोकापर्ण पूर्व प्रत्याशी महेंद्र चौहान व ग्राम प्रधान मुनिया देवी ने फिता काटकर व शिलापट का अनावरण करके किया। वही मुख्य अतिथि को ग्रामीणों ने फूल मालाओं से पारी पारी स्वागत किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौहान ने कहा कि रसड़ा ब्लॉक में पंचायत भवन का ऐतिहासिक बनाया गया है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौहान सहित ग्राम विकास अधिकारी अनूज गोंड, रोजगार सेवक शाहिद अली, सपा नेता अभय सिंह (रिंकू), बंधु गोंड, मुकेश सिंह अध्यापक , रामशीष चौहान, नंदलाल चौहान, राम निवास राम, संतोष कुमार गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, रणविजय सिंह, राम अशिश चौहान, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। लोकार्पण पश्चत समारोह को संबोधित करते हुए महेंद्र चौहान ने कहा कि इस पंचायत भवन का लोकार्पण हो जाने से जहां गांव में विकास को गति मिलेगी।

बारिश होने से गर्मी से मिली राहत

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

नूरपुर। सोमवार को बारिश होने से आमजन को गर्मी से कुछ राहत मिली है। साथ ही मौसम भी सुहावना हो गया। बीते कई दिनों से तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा था। जिससे भीषण गर्मी शरीर को झुलसा रही थी।सोमवार देर शाम को बादल घिर कर आए और बारिश हुई।ओर कुछ देर तक हल्की बारिश होती रही। बारिश होने और ठंडी हवा चलते से नागरिकों को गर्मी से राहत मिली।सोमवार को अच्छी बात यह रही आसमान में बादल छाए रहे। जिससे धूप का प्रकोप नहीं रहा। उधर, बारिश होने से कुछ जगहो पर हल्हा जल भराव हुआ।वही शहीद तिराहा स्थित मुख्य रोड पर नाले के काम होने के कारण पानी भरने से राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई। दूसरी ओर से बारिश से फसलों को भी लाभ पहुंचा है। गर्मी से झुलस रही हरे चारे और ईंख की फसल को लाभ पहुंचा। साथ ही बारिश से बागबहार के ठेकेदार भी खुश नजर आए। और फसल भी जल्द पकेगी।

युवा पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होगा आवासीय वेद विद्यालय

दैनिक समाज जागरण सम्भल।

युवा पीढी को वेद आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए नगर में आवासीय वेद विद्यालय की शुरूआत की जा रहीं है। यह प्रयास सम्भल जनपद में वैदिक शिक्षा पद्धति के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष अमित कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि श्री रामगोपाल बजाज चेरिटेबिल ट्रस्ट सम्भल के तत्वाधान में नगर के मौहल्ला ठेर स्थति गोपाल धर्मशाला में श्री राम गोपाल वेद विद्यालय की शुरूआत की जा रही है। जिसमें आचार्यों की नियुक्तिव छात्रों का प्रवेश की व्यवस्था विश्व हिन्दू परिषद द्वारा जबकि विद्यालय का संचालन ट्रस्ट द्वारा किया जायेगा। इसमें विश्व वेद संस्थान द्वारा निर्देशति शिक्षा-दीक्षा प्रदान की जायेगी। वेद विद्यालय का शुभारम्भ 13 जुलाई को मुख्य अतिथिके रूप में विश्व वेद संस्थान नई दिल्ली के मंत्री हरी शंकर द्वारा किया जायेगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 5

पानी की किल्लत के समाधान के लिए आफताब अहमद ने ली अधिकारियों की बैठक

समाज जागरण जुबैर खान नूंह

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता और विधायक आफताब अहमद ने सोमवार को पुराने रेस्ट हाउस में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इलाके में पानी आपूर्ति की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से इलाके में पेयजल व्यवस्था के कार्यों की रिपोर्ट ली और काम की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। आफताब अहमद ने कहा कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। गर्मी में पानी की दिक्कत से लोगों को परेशान होना पडे तो ये विभाग के लिए शर्मनाक है, अधिकारियों को कहा गया है कि पानी की किल्लत का समाधान स्थाई रूप से किया जाए। आफताब अहमद ने मालब, मेवली, आंकेडा, निजामपुर, जोगीपुर, नूंह, फिरोजपुर नमक, सालाहेडी, सलंबा, कोटला, छपेडा, बडका, नौशैरा, आंधाकी, बाबूपूर, धांधूका, सत्पूतियाका, हुसैनपुर, टांई, अडबर, बडेलाकी, खानपूर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में पानी आपूर्ति को सुधारने पर जोर देते हुए कहा कि साफ और स्वच्छ पानी सभी लोगों का हक है, उन्हें हर हाल में मिलना चाहिए। इन गांवो के लोगों ने भी अधिकारियों के समक्ष अपनी परेशानी को रखा। इसके अलावा लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। महाग्राम योजना के तहत गांधी ग्राम घासेड़ा और मालब में पेयजल व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन गांवों की आबादी को देखते हुए यहां अधिक पानी आपूर्ति की जरूरत है। इसलिए इस कार्य को तेज गति से किया जाए। अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि इलाके के लोगों की समस्याओं को सुलझाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि उनका प्रयास है कि इलाके में लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसमें अधिकारी भी सहयोग दें। लापरवाही मिलने पर किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होनें कहा हर बुधवार एस ई खुद नूंह हाजिर रहेंगे और जनता की समस्या का समाधान करेंगे। बैठक में एस के दहिया एस ई रैनीवैल परियोजना पलवल, एक्सईएन नूंह प्रदीप कुमार, वलि मौहम्मद एसडीओ सहित कई जेई व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर के कर्म चक्रव्यूह से कानपुर में शांति पूर्ण रहा बकरीद का त्यौहार

- सब जगह सुरक्षा के भी रहे कड़े इंतजाम
- बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी अता की बकरीद की नमाज, मांगी मुल्क के अमन चैन की दुआंयें

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां 3 जून को हुई सांप्रदायिक हिंसा पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाते हुए 58 से अधिक आरोपियों को जेल भेजने के साथ ही हालत सामान्य करने में सफल रही कमिश्नरेट पुलिस ने आज यहां रविवार को इस अति संवेदशील महानगर में अपनी चाक चौबंद तैयारियों और बेहद सतर्कता के फलस्वरूप ईद उल अजहा (बकरीद) के त्योहार को भी सकुशल सम्पन्न कराने जैसी महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर ली। आज रविवार को ईदगाह और मस्जिदों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। बकरीद की नमाज खुशनुमा माहौल में हंसी खुशी के साथ अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागेदारी रही।

इस दौरान नमाजियों ने मुल्क में अमन चैन की दुआयें मांगी।वहीं बड़ी ईदगाह में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ मौजूद यहां के पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा ,संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी आदि ने लोगों को ईद की मुबारकवाद भी दी।

अवगत कराते चलें कि प्रदेश के इस अति संवेदनशील महानगर में ईद बकरीद जैसे त्योहारों को शांति पूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराना बहुत सरल नहीं माना जाता । खासकर तब जब लगभग माह भर पहले कानपुर जैसा संवेदनशील जनपद सांप्रदायिक हिंसा का शिकार हो चुका हो लेकिन इसके बाद भी देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक यहां के जुझारू तेवरों वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीणा ने अपनी विवेकशीलता, अपनी दूरदर्शिता, अपनी व्यवहार कुशलता और अपनी कर्मठता पूर्ण कुशल नेतृत्व क्षमता से बीती 3 जून को हुई हिंसा के खिलाफ पूर्ण नियंत्रण पाते हुए शांति स्थापित की बल्कि आज बकरीद के त्यौहार को भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने में भी सफलता प्राप्त कर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा कानपुर में पुलिस कमिश्नरी के गठन के उद्देश्य को भी सफल और सार्थक कर दिया।

अधिवक्ता के घर चोरी कर रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा पुलिस ने भेजा जेल

(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण

मोहनलालगंज क्षेत्र के गौरा गांव में अधिवक्ता के घर से चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दुबे ने बताया कि मोहनलालगंज क्षेत्र के गौरा गांव के रहने वाले अधिवक्ता धर्मेंद्र पाल सिंह पुत्र रामेंद्र पाल सिंह के घर पर चोरी कर रहे दो शातिर चोरों को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया गया है चोरों के पास से सामान भी बरामद किया गया है चोरों की पहचान छोटकऊ उर्फ देवेंद्र पुत्र अभिमन्यु सिंह निवासी ग्राम गोरा थाना मोहनलालगंज शिव कुमार पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम पद्मिनी खेड़ा थाना मोहनलालगंज को ग्राम वासियों द्वारा मौके से पकड़ लिया गया है जिनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ दोनों चोरों को अधिवक्ता एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा थाना मोहनलालगंज लाकर सुपुर्द किया गया वही दोनों शातिर चोरों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया जिसमें एक अन्य चोर मौके से भागने में सफल रहा। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश जारी है।

नवनियुक्त मंडी अध्यक्ष व सदस्य लोगों के शपथ ग्रहण समारोह में एक मंच पर दिखे क्षेत्र के सभी कांग्रेसी

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर/मस्तुरी। सोमवार को जयरामनगर के शिवा के सहकारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष व सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था जिसमें मस्तूरी विधानसभा के समस्त कांग्रेसी जन एक ही मंच पर दिखाई दिए। नवनियुक्त अध्यक्ष व सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि रुप अटल श्रीवास्तव, अरुण चौहान ,प्रमोद नायक, रामशरण यादव, बैजनाथ चंद्राकर , पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन चित्रकांत श्रीवास ने किया, शपथ ग्रहण समारोह में मस्तूरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के एवं सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अग्रेजन व कांग्रेसी नेता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन सहित अन्य निर्वाचित पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ।

समाज जागरण जुबैर खान नूंह

नूंह, सोमवार को फिरोजपुर झिरका लघुसचिवालय परिसर में आयोजित फिरोजपुर झिरका के नवनिर्वाचित चेयरमैन व पार्षदगणों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पीठासीन अधिकारी-एसडीएम रणबीर सिंह ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, विधायक कुंवर संजय सिंह, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक नसीम अहमद सहित पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के अलावा शहर तथा इलाके के मौजिज लोगों ने भाग लिया।

पीठासीन अधिकारी ने सबसे पहले चेयरमैन पद के लिए निर्वाचित हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जैन को शपथ दिलाई। इसके पश्चात पीठासीन अधिकारी ने क्रमवार सभी निर्वाचित पार्षदों को शपथ ग्रहण करवाई। शपथ ग्रहण के उपरांत सभी पार्षदों की एक मीटिंग यहां के नगर पालिका कार्यालय में रखी गई। पार्षदों की पहली बैठक में बोलते हुए चेयरमैन मनीष जैन ने कहा शहर का संपूर्ण विकास कराना ही उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जन हितैषी नीतियों को शहर में लागू करवाना और सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का काम किया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित नपा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी दिनों में आने वाले शिवरात्रि के पर्व को देखते हुए समुचित शहर की सफाई-व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट आदि का काम तुरंत प्रभाव से दुरूस्त करवाएं। इसके अतिरिक्त कार्यालय में आने वाले सभी लोगों के काम प्रमुखता के साथ निपटाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सुरेन्द्र आर्य, राकेश जैन, जिला उपाध्यक्ष राज कुमार गर्ग, विस्तारक राजेश द्वारका, चेयरमैन सुनील जैन, किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रमेश मानुवास,आर्य, नरदेव आर्य,

इन्होंने ली शपथ : निकाय चुनावों में भाजपा की टिकट पर प्रचंड जीत हांसिल करने वाले मनीष जैन ने चेयरमैन पद की सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद वार्ड एक से हसन मोहम्मद, वार्ड दो से अशोक गुर्जर, वार्ड तीन से ज्योति सैनी, वार्ड चार से सुभाष चंद, वार्ड पांच से रेनू सैनी, वार्ड छह से कविता रानी, वार्ड सात से विनोद कुमार, वार्ड आठ से रेनू, वार्ड नौ से योगेश कुमार, वार्ड 10 से राज बत्रा, वार्ड 11 से महेन्द्र कौशिक, वार्ड 12 से गौरव जैन, वार्ड 13 से धर्मपाल, वार्ड 14 से श्रीमती सोनिया और वार्ड 15 से इलियास ने पार्षद पद की शपथ ली।

मुख्यमंत्री ने भी जताया शोक दिये दो लाख

कानपुर में भैंस के चक्कर में कुएं में उतरे दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां कानपुर आउटर के थाने बिल्हौर में भैंस को निकालने के चक्कर में गहरे कुएं में उतरे दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। उसे हैलट में भर्ती कराया गया है।

वहीं घटना के बाद मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की मदद की घोषणा की है। प्राप्त विवरण के मुताबिक यह दर्दनाक हादसा मोदनीपुर ग्राम पंचायत के गौरी गांव में हुआ। यहां निवासी मेवालाल की भैंस एक कुएं में गिर गई थी। उसे निकालने के लिए मेवालाल के भाई रामकुमार के बेटे शैलेंद्र (20) और योगेंद्र (21) कमर में रस्सी बांधकर कुएं में उतरे। काफी देर तक उनके वापस नहीं आने पर अनहोनी की आशंका पर पड़ोस के रहने वाले प्रदीप (25), रामबहादुर फिर कुछ देर बाद गुड्डू भी कुएं में उतरा।

इस बीच कुएं में आधा नीचे जाते ही नीचे चार लोगों को बेदम पड़ा देख गुड्डू ने चिल्लाना शुरू कर दिया। इस पर ग्रामीणों ने उसे बाहर खींच लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस और दमकल को दी। और तत्काल ही तीनों को सीएचसी ले जाया गया। जहां से उन्हें हैलट रेफर कर दिया गया।

इस बीच हैलट में उपचार के दौरान शैलेंद्र, योगेंद्र और प्रदीप ने दम तोड़ दिया। वहीं राम बहादुर की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि पुलिस ने मृतकों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

गर्रा बीट में हरियाली महोत्सव का किया गया आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।11 जुलाई को वारासिवनी सा. परिक्षेत्र के अंतर्गत वन कक्ष क्र. 508 के 30 हेक्टेयर रकबा, बीट गर्रा में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सा वनमण्डल बालाघाट ग्रजेश कुमार वरकडे, उपवनमण्डल अधिकारी कटंगी सा. अमित पाटोदी तथा सी.एम. राईज स्कूल लेण्डेझरी के प्राचार्य एवं उनके अधीनस्थ टीचर स्टाफ जिसमें धमेन्द्र बम्बुर्डे, श्री विजय कुमार बिसेन, दिनदयाल कोकोटे, श्रीमती सरीता कुमरे, श्रीमती बरखा बिसेन कक्षा 09 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहे एवं हरियाली महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण किया गया।

इस कार्यक्रम में सहयोगी वन अमले में भास्कर उके उपवनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र सहायक कनकी, दिनेश कुमार कुर्मी वनरक्षक बीटगार्ड कनकी श्रीमती प्रेमलता राहंगडाले वनरक्षक बीटगार्ड गर्रा शामिल थे।

हरियाली महोत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के सहयोग से विभिन्न प्रजाति के छायादार एवं उपयोगी पौधे लगाये गये। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मानव जीवन के लिए पेड़-पौधों का महत्व बताया गया और उनसे कहा गया कि आज लगाये गये पौधों की सुरक्षा करना और उन्हें बड़ा करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको पेड़ों को कटने से बचाना चाहिए और धरती को हरा-भरा बनाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना चाहिए। पेड़-पौधों से हमें शुद्ध हवा मिलती है और कई तरह के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ होते है।

जनपद सभापति ने फलदार पौधों व सब्जी बीज का किया वितरण एवं वृक्षारोपण का कार्य किया।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

वेद परसदा। ग्राम पंचायत चिल्हाटी में एक दिवसीय कृषि विभाग एवं वन विभाग द्वारा फलदार पौधे सब्जी बीज एवं सीट बाल पद्धति से सब्जी की खेती करने का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जनपद पंचायत मस्तूरी के सभापति दामोदर कांत उपस्थित रहे आज के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चिल्हाटी के किसानों को फलदार पौधे एवं सब्जी बीज का वितरण किया गया साथ ही किसानों को सीट बाल पद्धति से सब्जी की खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया।

दुर्गेश तंबोली और रिया राठौर का नवोदय विद्यालय में चयन।

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

वेद परसदा।शासकीय प्राथमिक शाला गतौरा के दो बच्चों का चयन नवोदय मल्हार में हुआ है।शासकीय प्राथमिक शाला गतौरा के सहायक शिक्षिका सरस्वती राठौर के परिश्रम एवं मार्गदर्शन से दुर्गेश तंबोली एवं रिया राठौर का चयन 2022/ 23 जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में हुआ है शिक्षिका द्वारा स्कूल समय से अतिरिक्त समय में अलग से कक्षा लगाकर कक्षा पांचवी के बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा कक्षा छठी में प्रवेश हेतु शिक्षिका द्वारा छात्र-छात्राओं को अलग से क्लास लेकर पढ़ाई कराया जाता था जिसका फल स्वरुप परिणाम दो बच्चों का नवोदय में चयन के रूप में मिला है दुर्गेश और रिया के नवोदय में चयन को लेकर साला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

त्यौहार हमें आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं : जगन सिंह पूर्व पार्षद

समाज जागरण ब्यूरो नूंह

नूंह। ईद-उल-अजहा के पवित्र त्यौहार के अवसर पर भाजपा अल्पसंयक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूंह निवास पर सर्वधर्म हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई के आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। प्रदेश व मेवात क्षेत्र से सैंकड़ों लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर गले लगकर उन्हें ईद की मुबारकबाद व शुभकामनाएं दी। जाकिर हुसैन ने अपने निवास पर लोगों के लिए भोजन का पूरा प्रबंध कर रखा था। ईद की मुबारकबाद देने वालों में प्रमुख रूप पूर्व जिला पार्षद जगन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, समाजसेवी व एमिनेंट पर्सन संजय गर्ग उर्फ बिट्टू, नूंह नगर परिषद चेयरमैन संजय मनोचा, बसपा नेता महेन्द्र सिंह जाजोरिया, मनोज कुमार मलाई, मंडलाध्यक्ष हेमराज शर्मा के अलावा सैंकड़ों लोग पंहुचे। पूरा दिन उनके निवास पर लोगों का तांता लगा रहा। इस मौके पर जकिर हुसैन ने ईद उल अजहा के मौके पर सभी देश व प्रदेश वासियों को मुबारकबाद व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा का त्यौहार आपसी भाईचारे, अमन-चैन व शांति का संदेश देता है। उन्होंने अपील की कि ईद के त्यौहार को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर पूर्व पार्षद जगन सिंह ने कहा कि ईद का त्योहार पर एक-दूसरे की खुशियों को बांटने का काम करें, गरीबों व मजलूमों की मदद करें। सभी पर्व हमें आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देते हैं। मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी का आपसी भाईचारा सदियों पुराना है जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में है। मेवात क्षेत्र में सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्यौहारों को मिल जुलकर मनाते आए हैं, आज भी नूंह में सदियों से चली आ रही मिसाल देखने को मिली। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों को त्यौहारों के अवसर पर एक दूसरे को शुभकामनाएं देनी चाहिए। तभी जाकर हमारा भाईचारा और मजबूत होने के साथ हमारा देश व समाज भी खुशहाल होगा।

पंचायत चुनाव हारने वाले ने फेंसिंग लगाकर मार्ग किया अवरुद्ध

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामपंचायत भूतना के छपरा टोला (चेनाटोला)निवासियों ने आने जाने वाले मार्ग को गांव के दो व्यक्तियों द्वारा बंद किये जाने का आरोप लगाकर प्रशासन से इसका निराकरण करने की गुहार लगाई है।जानकारी अनुसार छपराटोला से आने जाने का एक मात्र मार्ग को गांव के ही राम सिंह मेरावी एवं संतलाल कुशरे के द्वारा फेंसिंग लगाकर रास्ता रोक दिया गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि राम सिंह मेरावी एवं संतलाल कुशरे ने चुनाव हारने के कारण हमारा कई वर्षों से आने-जाने वाले मार्ग को फेंसिंग तार लगाकर अवरुद्ध कर दिया है जिससे सभी ग्रामीणों को गांव से बाहर निकलना बंद हो गया है। ग्रामीणों ने उक्त दोनों व्यक्तियों के ऊपर संगीन आरोप लगाते हुए सुरक्षा की भी मांग किया है।इस मामले पर भूपेंद्र टेकाम ने बताया कि चुनाव हारने के बाद ईर्ष्या वश उक्त दोनों ग्रामीण बौखलाहट में हमे जान से मारने की धमकियां दे रहे है और इस मार्ग से आने जाने के लिए मना कर रहे है तथा जातिगत गाली गलौज देकर अपमानित करते है। जब भी हम इस मार्ग से स्कूल ,स्वास्थ्य केंद्र, यह सरकारी कार्यालयों में यहां से जाते हैं तो उपरोक्त व्यक्ति व उसका परिवार वाले रास्ता रोककर गाली गलौज करके हमको यहां से वापस कर देते हैं।जिससे त्रस्त होकर दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस थाना प्रभारी व स्थानीय विधायक को आवेदन देकर इस समस्या का हल करने की मांग किया है। अब देखना होगा कि ग्रामीणों की समस्या को प्रशासन कितनी गंभीरता से लेकर उक्त समस्या को हल करता है।हालांकि देर शाम मिली जानकारी अनुसार फेंसिंग से अवरुद्ध किये गए मार्ग को खुलवा दिया गया है जिससे आवागमन सुचारू रूप से जारी हो गया है।

इनका कहना है...ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिया गया है,त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस कर्मियों को भेजकर स्थिति का जायजा लेकर दोनों पक्षो को पुलिस थाना बुलवाया गया है।फिलहाल मार्ग पर आवागमन हो रहा है।

भारत नोटिया, पुलिस थाना प्रभारी बिरसा

उक्त विषय पर ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिया गया है जिसपर पटवारी को गांव में जाकर जांच करने के लिए बोल दिया है।

देवंती परते, तहसीलदार बिरसा

अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

गोंडा। अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने चार युवकों को दबोच लिया, जिनके कब्जे से चोरी की आठ मोटरसाइकिलों समेत तमंचा, जिंदा कारतूस और लोहे का रॉड बरामद हुआ है।इटियाथोक थाना प्रभारी करुणाकर पांडे ने बताया, कि रविवार क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर लुटेरों के गिरोह को दबोचा गया। पकड़े गए अपराधियों के कब्जे से 01 अदद् अवैध तमन्चा 12 बोर व जिंदा कारतूस समेत चोरी की आठ मोटरसाइकिल बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान राजेंद्र कुमार गौतम पुत्र रामकुमार, रणजीत मौर्य पुत्र वासुदेव मौर्य, सत्य कुमार सोनकर पुत्र रामप्रीत सोनकर निवासी पंचपुरवा पूरे सुकाली थाना धानेपुर व अकबर पुत्र रमजान निवासी परसिया थाना इटियाथोक के रूप में हुई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया जा रहा है।अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया, कि बाइक चोर गिरोह का सरगना राजेन्द्र कुमार गौतम पुत्र रामकुमार है, जो पूर्व में चोरी के अपराध में पंजाब प्रान्त में जेल जा चुका है।विभिन्न जनपदों से मोटरसाइकिल चुराकर लाना तथा फर्जी रजिस्ट्रेशन बनाकर उन्हें बेचना तथा पुरानी गाड़ी अथवा न बिक पाने वाली मोटर साइकिल को कबाड़ी के यहां बेचता है। बरामद आठ गाड़ियों में से 01 कोतवाली सुल्तानपुर, 01 थाना अलीगंज लखनऊ, 01 जीआरपी चारबाग लखनऊ व 01 इटियाथोक, 01 धानेपुर व 01 मोतीगंज से सम्बन्धित है। गिरफ्तार कर्ता टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक रामप्रकाश यादव, उप निरीक्षक रजनीश द्विवेदी, हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल सरवन यादव, उप निरीक्षक सौरभ वर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने चोर गैंग खुलासे पर प्रसन्नता व्यक्त की है और गिरफ्तार करता टीम पुरस्कृत करने का ऐलान किया है

एनएचएम संघ के जिला प्रधान बने अरशद अय्युब

समाज जागरण ब्यूरो नूंह

नूंह। जिला नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में जिला एनएचएम संघ कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से अरशद अय्युब शाह चौखा को जिला एनएचएम कर्मचारी संघ का प्रधान नियुक्त किया। इसके अलावा संगठन में अन्य कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी दी। जिनमें साहून कटारिया जिला महासचिव, कोषाध्यक्ष ऋषिराज, ललिता, प्रतिभा स्टाफ नर्स, लीलावती, तेजपाल फार्मासिस्ट को जिला उप प्रधान की जिम्मेदारी दी गई। जल्द ही जिला कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर नवनियुक्त जिला प्रधान अरशद अय्युब ने कहा कि उनको एनएचएम कर्मचारी संघ के सदस्यों ने जो जिम्मेदारी दी है उसका वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पालन करेंगे। कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार व प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे। संगठन को मजबूती प्रदान कर अपनी मांगों को पूरा कराएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व से सरकारों द्वारा उनके हितों की उपेक्षा की जा रही है लेकिन वह सभी कर्मचारियों के हितों की आवाज को दबने नहीं देंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्य प्रधान रिहान रजा, ऋषि राज, अकरम, शाकिर, पूर्व जिला प्रधान अनुपमा, अशहारुल, ललिता, ममता, प्रतिभा, सुमन स्टाफ नर्स, ऐजाज व विमलेश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

नवजात शिशु की मृत्यु के मामले पर 04 स्टाफ नर्स को हटाया गया

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय

जिला ब्यूरो बालाघाट।जिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं के उपचार की ईकाई एसएनसीयू में अश्विनी नेवारे पति अंशुल नेवारे के नवजात शिशु की 09 जुलाई की शाम को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिस पर मृतक नवजात के परिजनों द्वारा उपचार में लापरवाही बरतने के आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था जिसपर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन को इस प्रकरण में दोषी व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

सिविल सर्जन डॉ संजय धबड़गांव ने बताया कि 09 जुलाई को नवजात शिशु की मृत्यु के मामले में एसएनसीयू में कार्यरत स्टाफ नर्स ज्योति पटवार, अनिताराज शरणागत, छाया पारधी, मिन्टी मंजारे को अपने कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण एसएनसीयू से पृथक कर दिया गया है और उन्हें अन्य वार्डों में अपना कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है। इस प्रकरण में डॉ ज्योत्सना मेश्राम को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही निर्देशित किया गया है कि किसी भी शिशु को प्रायवेट अस्पताल में रेफर न किया जाये। यदि किसी शिशु को बेहतर उपचार के लिए रेफर करना हो तो उसे केवल मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर करना है वह भी 108 एम्बुलेंस से भेजा जायेगा।

विधायक सदर व डीएम ने गन्ना किसानों को वितरित किये अंश प्रमाण पत्र

गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में गन्ना विकास विभाग द्वारा आयोजित गन्ना किसानों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। शासन स्तर पर आयोजित कार्यक्रम गन्ना किसानों के जीवन में आ रही है मिठास प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यों को प्रमाण पत्रों का वितरण माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा कराया गया। जिसके क्रम में जनपद स्तर पर आयोजित गन्ना विकास विभाग द्वारा अंश प्रमाण पत्र का वितरण कार्यक्रम लाइव सजीव प्रसारण के माध्यम से कराया गया। इसी कार्यक्रम में आए हुए लगभग 70 से अधिक गन्ना किसानों को माननीय विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी

सभी वृद्धा पेंशनर्स 31 जुलाई तक कराएं अपना आधार प्रमाणीकरण-जिला समाज कल्याण अधिकारी*

गोण्डा। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया है कि जनपद के समस्त वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी अपने आधार का प्रमाणीकरण वृद्धावस्था पेंशन वेबसाइट पर करवा लें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभी तक 125237 लाभार्थियों में से 54114 यानी 43.21 प्रतिशत लाभार्थियों ने ही आधार का प्रमाणीकरण कराया है। जिनका आधार का प्रमाणीकरण न होने पर उनकी पेंशन की धनराशि बाधित हो जायेगी।

उन्होंने बताया है कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक ग्राम पंचायत सचिवालय , विकासखण्ड , नगर पंचायत व वार्डवार कैम्प लगाकर शतप्रतिशत आधार प्रमाणीकरण कराया जाएगा। जिसके लिए 11 जुलाई को समस्त खण्ड विकास अधिकारी , उपजिलाधिकारी तथा अधिशाषी अधिकारी को निर्देश जारी किया गया है कि निर्धारित समयान्तर्गत कैम्प का आयोजन कराकर शतप्रतिशत आधार का प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे कोई लाभार्थी पेंशन पाने से वंचित न रह सकें।

कुत्तों के द्वारा घायल किये गए चीतल को ग्रामीणों ने बचाकर वनविभाग को सौंपा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। वनपरिक्षेत्र कटंगी अंतर्गत तिरोड़ी के जंगल से भटक कर चीतल तिरोडी सेंट्रल बैंक के पीछे गांव की बस्ती में पहुंच गया। जिस पर आवारा कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया जिससे चीतल घायल हो गया जिसको ग्रामीणों ने कुत्तों से बचाकर उसे वन विभाग की टीम को सौंप दिया। सोमवार को वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले तिरोड़ी में जंगल से एक चीतल भटककर गांव में आ गया था। गांव में घुसे चीतल पर कुत्तों ने हमला बोलकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने चीतल को कुत्तों से बचाकर वन विभाग को सूचना दी। गांव से ग्रामीणों के सहयोग से चीतल को वाहन में रखकर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 6

पूर्व प्रधान समेत दो पर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक की मौत,

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

हरेंद्र पुत्र सहदेव मिश्रा निवासी हनुमानपुर, संग्रामगढ़ करमाही गांव के पूर्व प्रधान संतोष पुत्र शमशेर का करीबी था। रविवार शाम लगभग छह बजे दोनों किसी काम से फाफामऊ आ रहे थे। नवाबगंज में पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर प्रतापगढ़ से आ रहे पूर्व प्रधान संतोष सिंह (44) की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसमें उसके साथी हरेंद्र मिश्रा (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वारदात के पीछे प्रधानी चुनाव की रंजिश बताई जा रही है। हरेंद्र पुत्र सहदेव मिश्रा निवासी हनुमानपुर, संग्रामगढ़ (प्रतापगढ़) करमाही गांव के पूर्व प्रधान संतोष पुत्र शमशेर का करीबी था। रविवार शाम लगभग छह बजे दोनों किसी काम से फाफामऊ आ रहे थे। जब वे नवाबगंज हाईवे से सटे शृंग्वेरपुर धाम सर्विस रोड पर मुड़े, तभी पीछे से आए पल्सर सवार दो बदमाशों ने असलहा दिखाकर उन्हें रुकने का इशारा किया। कार रुकते ही दोनों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। सिर में गोली लगते ही हरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पूर्व प्रधान खून से लथपथ हो गया। इसके बाद हमलावर असलहा लहराते हुए भाग निकले। पुलिस ने पूर्व प्रधान को एसआरएन अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। जानकारी पर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल और सीओ सुधीर कुमार पहले मौके पर और फिर अस्पताल पहुंचे। एसपी गंगापार ने बताया कि घायल पूर्व प्रधान से फौरी पूछताछ में पता चला है कि वारदात चुनावी रंजिश में अंजाम दी गई। उसने वर्तमान प्रधानपति नीरज सिंह व उसके भाई धीरज सिंह का नाम बताया है। दोनों की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं।

शांति पूर्वक ईद उल अजहा की नमाज हुआ संपन्न

समाज जागरण संवादाता मोहम्मद तारिक

शुकुल बाजार अमेठी बदलगढ़ ईदगाह में बड़ी ही अकीदत वा हर्ष उल्लास के साथ अदा हुई ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुचे नमाजी बकरीद के मेले में दिखी रौनक आए हुए आसपास के गांव के बच्चे वह नौजवान महिलाएं भरपूर लिया आनंद अमेठी जनपद के बाजार शुकुल के बदलगढ़ ग्राम सभा में बड़े ही हर्षोल्लास और अकीदत के साथ अदा हुई ईद उल-अजहा की नमाज ईदगाहों व मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़। ईद उल अजहा

की नमाज के बाद मांगी गई दुनिया में अमनो अमान की दुआं।ईद उल अजहा की नमाज के बाद मस्जिद के इमाम ने कुबानीं की अहमियत के बारे में बताया और रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली बताते कि गांव के मुस्लिम इलाके ईद में गुलजार हो जाते हैं। और ईदगाह व मस्जिदो में नमाजियों की भीड़ नजर आती है नमाज से पूर्व उलेमाओं ने कुबानीं की अहमियत के बारे में बताया। ईद उल अजहा की नमाज के बाद दुनिया में अमनो अमान की दुआं की गई ईदगाह के बाहर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा थाना प्रभारी अखिलेश गुप्ता भारी सुरक्षा बल के साथ बदलगढ़ नांदी सत्थिन आदि ईदगाहो पर रहे मौजूद*

युवती को भगाने के आरोप मे दो युवको पर मुकदमा दर्ज '

सांगीपुर ,,लालगजस्थानीय थाना के सुबेदार का पुरवा गोडवा गाँव निवासी विजय कुमार सरोज पुत्र श्री नाथ सरोज ने रविवार को थाने मे तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि छः जुलाई को सुबह लगभग चार बजे मेरी बहन को गाँव के राहुल पुत्र अग्यात व फुलचन्द्र पता अग्यात बहला फुसलाकर भगा ले गये 'तहरीर के आधार पर पुलिस दोनो युवको पर युवती भगाने का मुकदमा दर्ज कर दिया है '

दर्शन को आया युवक का पर्स उचाक्को ने उडाया, अग्यात पर मुकदमा दर्ज '

सांगीपुर,,लालगंज दर्शन करने आया युवक अजय कुमार पांडे पुत्र भगवत प्रसाद पान्डेय निवासी परशदेपुर डीह रायबरेली बीते मंगलवार को मन्दिर मे दर्शन करते समय पर्स में रखा पचास हजार रुपये चोरी होने से युवक परेशान हो गया, डिवटी कर रहे पुलिस को रोते हुये बाताया मै अपने लडके के एड्मीशन के लिये किसी तरह इकट्ठा किये थे ' जो चोरी हो गया ' पुलिस एक हप्ता तक युवके को दौडाने के बाद सोमवार को अग्यात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है '

जीआरपी पुलिस को मिली सफलता ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी करने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर जीआरपी पुलिस को मिली सफलता पुलिस ने चलती ट्रेन में यात्रियों से लूटपाट करने वाला एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आरोपी ने बीते 7 जुलाई हो हावड़ा से चलकर देहरादून जाने वाली 13009 एक्सप्रेस ट्रेन में महिला यात्री से सोने की चेन तथा मोबाइल छीन कर फरार हुआ था जीआरपी धामपुर पुलिस ने लूट की घटना का 3 दिन बाद ही खुलासा कर आरोपी को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि हावड़ा से चलकर देहरादून जाने वाली 13009 एक्सप्रेस ट्रेन बीते 7 जुलाई को ट्रेन के स्योहारा पहुंचने पर एक अभियुक्त ने ट्रेन में सवार महिला यात्री से उसके गले में झपटा मार कर सोने की चैन तथा मोबाइल छीन कर फरार हो गया था। बताया जाता है कि महिला द्वारा तत्काल लूट की इस वारदात की सूचना रेलवे पुलिस को दे दी गई थी जीआरपी पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करें जी आर पी धामपुर को जांच सौंप दी थी। जीआरपी चौकी प्रभारी रणवीर सिंह ने लूट की इस वारदात का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी की तलाश में जुट गई थी मुखबिर की सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी ने रियाज पुत्र शरीफ निवासी फैजुल्लापुर थाना स्योहारा को स्योहारा रेलवे स्टेशन से लूट की इस अन्य घटना को अंजाम देने जाते समय हिरासत में लिया रेलवे पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर महिला से लूटी गई मोबाइल तथा चेन बेच कर आए 15000 की धनराशि भी बरामद की है लूट की इस घटना का खुलासा करने वाली जीआरपी की टीम ने चौकी प्रभारी रणवीर सिंह हेड कांस्टेबल प्रदीप यादव कांस्टेबल प्रदीप बिष्ट कांस्टेबल संजीव कुमार की अहम भूमिका रही पुलिस ने आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया है।

उ.प्र उधोग व्यापार मंडल की प्रदेश स्तरीय सभा का हुआ आयोजन

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर।स्योहारा।व्यापार हित मे सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाने वाला संगठन उ.प्र उधोग व्यापार मंडल की एक प्रदेश स्तरीय सभा का आयोजन मुजफ्फरनगर में आयोजित हुआ।जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा व संचालन महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता ने किया ।

जिसमे नगर से हिस्सा लेने पहुंचे व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा समय समय पर आयोजित होने कार्यक्रम सरहानीय होते हैं क्योंकि इनसे न सिर्फ व्यापारी वर्ग की समस्याओं से रूबरू हो जाते हैं बल्कि सभी पदाधिकारियों की भी भेंट हो जाती है ,अरुण वर्मा ने सभा मे सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार ने जो खाने पीने की चीजों पर जो जीएसटी निर्धारित की है वो सरासर गलत हैं क्योंकि खाद्यान वस्तुएं महंगी होने से आम जन पर महंगाई की और ज्यादा मार पड़ेगी और इसलिए सभी आम खाद्यान वस्तुओं से जीएसटी को खत्म किया जाए साथ ही उन्होंने सोने पर भी बढ़ाएं गए टेक्स को भी खत्म करने की मांग की है क्योंकि पहले से ही व्यापारी तमाम तरह के टेक्स चुका रहा है इसके बाद और तरह के टेक्स यदि लगाए गए तो व्यापारी वर्ग की कमर टूट कर रह जाएगी।

कार्यक्रम में उदित बंसल धामपुर, सरदार गुरु शरण सिंह मोहन, किशनलाल वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा , प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री दिलीप सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण तिवारी ददुआ, महेंद्र जैन ,मयूर चारुचंद्र खरे, शिव प्रकाश वर्मा ,युवा अध्यक्ष जितेंद्र सोनी आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

अमेठी 62 करोड़ की लागत से बन रहे ओवरब्रिज को लेकर के दिया गया ज्ञापन

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी में ककवा रोड पर 62 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही देरी से अक्रोशित सैकड़ों लोगों ने तहसील के अधिवक्ता राजेश मिश्र में अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अमेठी के माध्यम से दिया गया।

आपको बता दें कि दशकों से अमेठी चौक से लेकर कस्बे की सभी सड़कों पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रहे स्व0 प्रमोद मिश्रा ने प्रयास कर रेल मंत्रालय से रेलवे क्रॉसिंग संख्या 102 पर साल 2019 में ओवर ब्रिज पास हो गया। उसके निर्माण के लिए शासन से उत्तर प्रदेश सेतु निगम को 62 करोड़ रुपए भी अवमुक्त किया गया और निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने की समय सीमा 18 माह तय कर दिया था।निर्माण कार्य चालू होने पहले सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी व नगर पंचायत द्वारा उस मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाने की नोटिस दी। नोटिस के आधार पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण स्वतः हटा लिया लेकिन कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण न हटाए जाने से शुरू हुआ निर्माण कार्य अधूरा रह गया।

अब निर्माण कार्य के चलते रेलवे क्रॉसिंग बंद हैं। क्रॉसिंग उस पर से

अमेठी कस्बे में आने के लिए जो दूरी 100 मीटर तय कर लोग पहुंचते थे अब वही दूरी 5 किलोमीटर घूम कर पूरा करना पड़ रहा है। निर्माणकार्य में ढिलाई से खिन्न होकर बीते 16 अप्रैल को तहसील के अधिवक्ता राजेश मिश्र संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अमेठी को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य में तेजी कराए जाने की मांग की थी।

प्रार्थनापत्र के आधार पर डीएम ने एसडीएम, तहसीलदार अमेठी व कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य में आ रही बढ़ा को दूर कराया जाए।अधिकारी गण मौके पर पहुंचे और बीच सड़क से 9 मीटर की दूरी तक किए गए अतिक्रमण को 7 जुलाई तक मुक्त किए जाने की नोटिस चस्पा करा दी लेकिन अतिक्रमण आज तक नहीं हटाया गया। आज फिर उसी मामले को लेकर अधिवक्ता राजेश मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराए जाने के लिए सीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अमेठी के माध्यम से दिया गया।

अधिवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि सन 2019 में रेलवे ओवरब्रिज पास हुआ जिसका बजट 62 करोड़ रुपया बना और समय सीमा दी गई 18 माह। शासन ने यूपी सेतु निगम को उक्त धनराशि आवंटित भी कर दी। निर्माण कार्य शुरू हुआ जो आज 3 साल बीतने को है लेकिन पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा रोड पर अवैध अतिक्रमण कारियो को अतिक्रमण हटा लेने की नोटिस दी, कुछ लोगों ने स्वतः अतिक्रमण को हटा लिया लेकिन चंद लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाकर प्रशासन को खुलेआम चुनौती दी जा रही है।

जॉइंट्स ग्रुप बहजोई के शिक्षा मित्र शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव का वृद्ध आश्रम में मनाया जन्मदिन

दैनिक समाज जागरण बहजोई । जायन्ट्स ग्रुप बहजोई के अध्यक्ष/शिक्षामित्र शिक्षक संघ जनपद सम्भल के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव के जन्मदिवस के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप बहजोई द्वारा वृद्धाश्रम आवासीय आश्रम बबैना जनपद सम्भल में वृद्ध माता पिताओं को फल बितरण किये गए तथा ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव जी ने इस अवसर पर मास्क तथा कुछ राशि भी भेंट की /ग्रुप केऊड अ दीपक कुमार गोस्वामी (चिराग) जी द्वारा कविताओं के माध्यम से सभी वृद्ध माता पिताओं का सम्मान किया ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव जी ने अपना जन्मदिन भी वृद्धाश्रम में सभी माता पिताओं एवं अपने पिता श्री ओमप्रकाश यादव जी, ताऊ श्री चन्द्रपाल यादव जी, चाचा श्री अनेक सिंह यादव जी आदि के

साथ केक काटकर मनाया सभी वृद्ध माता पिताओं को अपने हाथों से केक खिलाया सभी ने आशीर्वाद दिया और कुछ वृद्ध माता पिता भावुक हो गये और रोकर कहने लगे कि यदि बेटा हो तो आप जैसा अध्यक्ष जी भरोसा दिलाया कि आप सभी भी मेरे माता पिता की तरह हैं और हमेशा मैं आपके बीच आता रहूँगा आश्रम की वार्डन मैम द्वारा भी आश्रम में इस पुनीत कार्य करने के लिए बहुत बहुत बधाई और ग्रुप का आभार प्रकट किया इस अवसर पर रूप किशोर बजाज, सौरभ प्रसून, यशपाल यादव, रजनीश शर्मा, चन्द्रकेश नेताजी, श्रीपाल यादव, मदनलाल यादव, राम रहीश एडवोकेट, जबरसिंह यादव, रबिन्द्र यादव, सुधीर यादव, तेजवीर सिंह, विद्याराम नेताजी, इन्द्रपाल यादव, वीरपाल यादव, फरहत अली खान, रमेश जेई, कल्याण, विपिन यादव, आदि लोग उपस्थित रहे सभी इस कार्य की बहुत प्रशंसा की तथा अध्यक्ष जी को बधाई भी दी ।

एसडीएम शैलेंद्र कुमार को गुलदस्ता देकर पत्रकारों नें किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो बिजनौर आसिफ अख्तर के साथ मोहम्मद आरिफ

नगीना एसडीएम शैलेंद्र कुमार को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया नगीना एसडीएम शैलेंद्र कुमार द्वारा कार्यालय पर शिकायतें लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना जाता है एसडीएम शैलेंद्र कुमार शिकायत लेकर पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति व महिला, किसान नौजवान, सभी की समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण करते हैं उनके इस मधुर व्यवहार के चलते काफी चर्चित है

नगीना एसडीएम शैलेंद्र कुमार द्वारा जनता के बीच रहकर स्वास्थ्य सेवा व सरकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्य किया गया एसडीएम शैलेंद्र कुमार द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को लेकर पत्रकारों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किय है क इस दौरान चीफ एडिटर मौ०आसिफ अख्तर रिपोर्टर,मोहित कुमार , जिला प्रभारी मौ सलमान , जिला प्रभारी मौ शुऐब रिपोर्टर राजेंद्र कुमार, जिला प्रभारी मौ आमिर पत्रकार,नदीम अहमद आदि पत्रकार मौजूद रहे '

किरतपुर में शांतिपूर्वक अदा हुई ईद की नमाज प्रशासन अलर्ट रहा है

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर।किरतपुर।ईदुल अजहा का त्यौहार यहां परंपरागत व श्रद्धा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुस्लिमों ने जानवरों की कुबानीं की ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज शहर इमाम मुफ्ती कलीम अहमद साहब ने अदा कराई।उन्होंने खत्बा पढा व ईदुल अजहा पर्व प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्यौहार हजरत इब्राहिम की सुन्नत है।उन्होंने कहा कि त्योहार के मौके पर हमें कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे कि हमारे दूसरे भाइयों की भावनाओं को ठेस पहुंचे।उन्होंने मुल्क में आपसी भाईचारा कायम रखने की दुआ कराई।ईदगाह परिषद में ईदगाह कमेटी की ओर से शिविर लगाया गया था।इसमें ईदगाह कमेटी

के अध्यक्ष अहसानूल करीम कैप्टन मोहम्मद मजहर नामी,डॉ एम जुनैद,डॉक्टर एम फैजल खान,सैयद परवेज रिजवी,सलीम शाहिद,मुख्तार अहमद,मोहम्मद फराज,आदि लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी।नगर पालिका परिषद व इरशाद साइकिल वालों की ओर से भी सेवा शिविर लगाए गए।ईदगाह के अलावा ईद की नमाज मोहल्ला कोटला जामा मस्जिद हसनपुर,राधगान,कस्सा बान आदि मस्जिदों में भी अदा कराई गई।सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी मनोज कुमार व शहर इंचार्ज अमित कुमार भारी पुलिस बल के ईदगाह पर मौजूद रहे व शहर में पेट्रोलिंग करते रहे।नगर पालिका परिषद की ओर से सफाई पेयजल व्यवस्था के अलावा जानवरों के अवशेष उठाने के लिए ट्रालीयो का माकूल इंतजाम

आयुष्मान पखवाड़े में निर्माण श्रमिक भी बनवाएं आयुष्मान कार्ड

गोण्डा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित आयुष्मान पखवाड़ा जो 5 जुलाई से 20 जुलाई तक आयोजित किया रहा है। इस पखवाडे में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत 22567 निर्माण श्रमिकों का प्रथम चरण में आयुष्मान कार्ड बनना है। सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है कि वे निकट के सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर आयुष्मान मित्र से संपर्क करें तथा प्रथम चरण की सूची में नाम होंने की दशा में तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवा लें।आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु उनको अपना श्रमिक कार्ड,आधार कार्ड व राशन कार्ड साथ ले जाना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल से भी ली जा सकती है।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यों को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं विधायक तुलसीपुर ने वितरित किया अंश प्रमाण पत्र*

बलरामपुर प्रदेश के सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यों को मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अंश प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित गन्ना कृषकों द्वारा देखा गया तथा मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल एवं जिलाधिकारी श्रुति द्वारा जनपद के सहकारी

सोमनाथ मंदिर परिसर में धर्म ध्वजा धारी परिषद की बैठक सम्पन्न।

श्रीदत्तगंज बलरामपुर।विकासखंड श्रीदत्तगंज के अंतर्गत श्री सोमनाथ मंदिर पर धर्म ध्वजा धारी परिषद की बैठक आहूत की गई जिसमें जिला संरक्षक महंत जितेन्द्र वन ने संगठन को विस्तार कर धर्म की अलख जगाने को लेकर बात कही इस अवसर पर संगठन के अगुवा संरक्षक दशरथ गद्दी अयोध्या धाम के महंत बृजमोहन दास ने लाइव होकर सभी पदाधिकारी कार्यकताओं को मार्गदर्शन देते हुए ग्राम सभा स्तर से लेकर पूरे जिले में विस्तार करने को कहा जिसमें जिला अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष लालता प्रसाद राजपूत,जिला महामंत्री दीपक चौधरी,जिला प्रभारी अजीत सिंह,प्रमोद मिश्रा,जिला संयोजक नंद कुंवर, सुधांशु तिवारी,आदि पदाधिकारियों ने धर्म के प्रचार प्रसार और विस्तार के संबंध में अपनी अपनी बात रखी इस प्रकार अनूप कुमार मौर्य को नगर अध्यक्ष बलरामपुर,विजय कुमार कौशल नगर प्रभारी, सुरेश कुमार वर्मा को श्रीदत्तगंज का प्रभारी बनाया गया और सभी को नवीन दायित्व की बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए कहा गया।

डॉ के क्लिनिक पर तोड़ फोड़ करने के आरोप मे दोनों पक्षो का किया चालान

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। मंडावर चर्चित झोलाछाप डॉक्टर की दुकान पर एक शराबी ने नशे की हालत में किया क्लीनिक पर हमला जिसमें शराबी युवक भी बुरी तरह लहूलुहान हो गया

मंडावर मोहल्ला अफगानान उर्फ पठानपुरा जुगाड़ अड्डा मछली की आड़त काजीवाला रोड पर चर्चित डॉक्टर झोलाछाप की दुकान पर अचानक एक शराबी ने हमला कर दिया जिसमें क्लीनिक में लगे शीशे को भी लात घुसा से तोड़कर क्लीनिक को पूरी तरह नष्ट कर दिया मौके पर पहुंचे मोहल्ले वासियों ने युवक को बमुश्किल अपने कंट्रोल में लेकर वहां से भगा दिया जब इसकी सूचना थाना मंडावर पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे मंडावर पुलिसकर्मियों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी बताकर चलेगी सूत्रों से मिली

जानकारी से चर्चित डॉक्टर की पहले भी काफी शिकायत हो चुकी है। लेकिन अपने पैसों के बल पर हमेशा कार्यवाही से बचता आया है। काफी बाद भी इसकी सूचना सीएमओ बिजनौर को भी दे चुके हैं। लेकिन उसके बावजूद भी सीएमओ ने आज तक इन झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई कार्यवाही नहीं करी है। जिससे गरीब जनता पर काफी नुकसान हो रहा है ।अगर ऐसे ही चलता रहा तो किसी दिन कस्बा मंडावर में व क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से कोई भी बड़ी घटना हो सकती है। इन पर प्रशासन का हंटर चलना जरूरी है। वहीं जाँच कर थाना मंडावर पुलिस ने दोनों पक्षों का चालान कर दिया है। जिसमे नवाजिश पुत्र मकबूल मोहल्ला संभा बाजार मंडावर, अमित पुत्र हुकुम सिंह निवासी जहानाबाद थाना कोतवाली शहर बिजनौर को शांति भंग करने के आरोप मे न्यायलय के समक्ष पेश किया।

गांधी जी सिर्फ व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व है

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी शहर स्थित आर आर पी जी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से गांधी दर्शन वैचारिकी से राजनीति तक विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अंबेडकर नगर के बीएन केवी पीजी कालेज प्राचार्य डो डॉ शुचिता पांण्डे ने कहा कि गांधी जी के विचारों को हम अपने जीवन के सभी पक्षों पर लागू कर सकते है।

कहा कि गांधीजी दर्शनिक के साथ ही महान वैज्ञानिक भी थे। उनके विचार पूर्णतया वैज्ञानिक है गांधी जी ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए कुटीर उद्योग को बढ़ाया दिया। प्राचार्य प्रो० पीके श्रीवास्तव ने कहा कि गांधी जी एक व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। गांधी जी के विचार कल के साथ ही आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने विचारों को अपने जीवन पर पहले लागू किया। फिर उसको सैद्धांतिक रूप दिया` डां धनंजय सिंह ने कहा कि गांधी दर्शन की प्रासांगिकता और बढ़ गई ह

सऊदी में मृतक युवक की लाश का नहीं लगा सुराग

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी सांसद स्मृति ईरानी से गुहार मचाने के एक हफ्ते बाद भी सऊदी अरब में मृतक की लाश का सुराग नहीं लग पा रहा है जिसके चलते मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है फिर भी सरकार से उम्मीदें लगाए हुए हैं कि एक दिन मृतक की लाश उनके परिवार को लाकर सौंपा जायेगा।

विकासखंड के अन्तर्गत स्थिति वारिश गंज निवासी राजनरायन यादव का पुत्र जंगबहादुर यादव उम्र 45 जो की 4वर्ष पूर्व पासपोर्ट बनवाकर सऊदी अरब में कमाई करने गये हुए थे एक हफ्ता पूर्व दूरभाष के जरिए सूचना मिली की उनके सहयोगी द्वारा उन्हें जान से मार दिया गया ये समाचार पाकर मृतक के परिजनों ने सउदी अरब से मृतक की लाश मंगवाने के लिए अमेठी सांसद स्मृति ईरानी सहित शासन से गुहार लगाया था

परन्तु एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी मृतक की लाश का सुराग ना लगने से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ इस संबंध में मृतक के पिता का कहना है कि किसी भी तरह मेरे बेटे की लाश घर तक पहुंच जाये। जिससे परिवार का दुःख कम हो सके इस पर प्रदेश वा देश की सरकार तत्काल ध्यान देने की कृपा करें।

प्रशासन ने तालाब की जमीन को कराया अतिक्रमण से मुक्ति

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी गौरीगंज/अमेठी

प्रशासन द्वारा जिले में विशेष अभियान चलाकर जी एस जमीन व तालाब की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्ति करा रही है। विदित हो कि विगत दिवस तहसील प्रशासन ने गौरीगंज के रमईपुर में गाटा संख्या 462 सरकारी अभिलेखों में दर्ज तालाब का रकबा 4.562 हेक्टेयर जो कि भूमाफियों के चंगुल में था। जिसकी शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार तहसीलदार दिग्विजय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व कर्मी की टीम के देखरेख

में भूमि की पैमाईश कराकर तालाब के 25 वर्ष से काबिज लोगो के चंगुल से मुक्ति कराया। नायब तहसीलदार ने कहा कि यह अभियान जी एस जमीन, चरागाह को सुरक्षित होने तक लगातार चलता रहेगा। मौकास्थल पर शांति व्यवस्था बहाली के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।

पौधों को खुद पानी देते वन दरोगा महारानी दीन यादव

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़ विकासखंड बिहार के बारौ ग्राम सभा में बीते दिनांक 6 जून 2022 को जनप्रतिनिधियों द्वारा हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न प्रजाति के वृक्ष पीपल पाकड बरगद समेत सभी पौधों को वन दरोगा महारानी दीन की निगरानी में जहां आए दिन पौधों को पानी दिया जा रहा हैवहीं वृक्षों में देवताओं के निवास को मानते हुए स्वयं महरानीदीन भी पानी दिया करते हैं `महारानी दी न का कहना है कि पेड़ों से जीवनरक्षक वातावरण का सृजन होता है` खुली और शुद्ध हवाओं में वृक्ष ही सहायक हैं`

वृक्षों की देखरेख वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा की जा रही है आज मौके पर पौधों को पानी देते हुए बन दरोगा ने बताया कि इस बार बरसात नहीं होने से लगाए गए हरे भरे वृक्ष मुरझा रहे हैं जिन्हे जिंदा रखने के लिए बगल में ही स्थित बारौ ग्राम निवासी गिरीश तिवारी के समरसेबल से पौधों की सिंचाई प्रतिदिन की जा रही है जिससे इन्हें हरा भरा रखा जा सके।

लखनऊ के ड्राइवर की कुंडा में गला रेतकर हत्या

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़:झ्र

ओला से अटैच कर खुद की कार लखनऊ में चलाने वाले आजमगढ़ के अधेड़ की कुंडा में गला रेतकर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह उसका शव कुंडा थाना क्षेत्र के मनगढ़ चौराहे के पास पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कुंडा से खनवारी, संग्रामगढ़ होते हुए लालगंज जाने वाली सड़क स्थित मनगढ़ चौराहे के पास महाविद्यालय के सामने सोमवार सुबह खून से सना शव पड़ा मिला। सचूना पर पुलिस पहुंची तो देखा एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या की गई थी और खून सड़क पर बिखरा था। पास ही उसका पैंट, जूता, छोटा मोबाइल और पर्स पड़ा था। पर्स खोलने पर वोटर आईडी और आधारकार्ड मिला। इससे उसकी पहचान आजमगढ़ के बैठौली सिधारी निवासी रिटायर सैनिक विश्वनाथ यादव के पुत्र प्रेमचंद (57) के रूप में हुई। एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र, सीओ अजीत सिंह, कोतवाल प्रदीप कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट के लोगों ने साक्ष्य जुटाए। सूचना मिलने पर परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रेमचंद लखनऊ के गोमतीनगर विनीतखंड में घर बनवाकर परिवार समेत वहीं रहता था। परिवार के अन्य लोग भी लखनऊ में रहते हैं। देरशाम लखनऊ में रहने वाले परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

बाइक को मारी टक्कर, दो छात्राएं घायल

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:झ्रकोचिंग

पढ़ने जा रही छात्राओं को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी एक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।बाघराय थाना क्षेत्र के मलावां छजईपुर गांव निवासी सोनी देवी (16) पुत्री बिन्दा तथा स्नेहा वैश्य (13) पुत्री विनोद वैश्य निवासी बाघराय बाजार एसबी इंटर कॉलेज में कक्षा सात की छात्रा हैं। सोमवार को दोनो सहेलियां पैदल कोचिंग पढ़ने जा रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। दोनों छात्राएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। आसपास के लोगों को आते देख युवक बाइक छोड़कर भाग निकला। लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद ही सोनी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 7

एसडीएम महमूदाबान ने बाढ़ व कटान का जायजा लिया। लोगो से सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा।

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा सीतापुर। अखरी गांव में घाघरा नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ कटान भी तेजी से होने लगा है।अखरी में ओम प्रकाश,रामतीरथ का घर नदी में प्रवाहित हो गया है।नरेंद्र,रामनरेश,रमेश,राम सुहावन,के घर कटने की चपेट में है। बाबा कुटी के पास भी नदी का कटान हो रहा है,जिसमे मंदिर की जमीन सहित पेड़ भी कटने की कगार पर है।

स्थिति की जानकारी लेने एसडीएम महमूदाबाद ने मौके पर पहुंच कर लोगो को सहायता एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।लोगो को सुरक्षित स्थान पर पलायन करने के लिए भी कहा।साथ में सी ओ महमूदाबाद तहसीलदार थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश त्रिवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी रक्षित कुमार, जय प्रकाश वर्मा दिलीप कुमार,ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह भी मौजूद रहे।

दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम मे थाना कटराबाजार पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त रामसोहावन को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने वादिनी श्रीमती सुमनदेवी पत्नी रंगीलाल की लड़की को दहेज की बात को लेकर प्रताड़ित करते हुए अपने परिजनों के साथ मिलकर जान से मार दिया था जिसके सम्बन्ध में वादिनी द्वारा थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से हत्याभियुक्त को षणयंत्र के तहत फरार कराने का मुख्य आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध तमंचा कारतूस बरामदः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम मे थाना को0 नगर पुलिस ने पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्त श्यामू कोरी को षणयंत्र के तहत फरार कराने के मुख्य आरोपी अभियुक्त विकास सिंह उर्फ आकाश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने षणयंत्र के तहत अभियुक्त श्यामू कोरी को पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार कराया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

सिंगाही देहात के ग्राम बालाराम पुरवा में शिव मन्दिर का निर्माण कार्य शुभारंभ

मन्दिर निर्माण कार्य प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन गुप्ता की अगुवाई में सम्पन्न हुआ

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो प्रमुख लखीमपुर/प्रभाकर गीता त्रिपाठी

सिंगाही खीरी--ग्राम पंचायत सिंगाही सिंगाही देहात के ग्राम बालाराम पुरवा में अर्जुन गुप्ता (प्रधान प्रतिनिधि)ने सभी की सहमती से एक शिव मंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया जिसका शुभारंभ अर्जुन गुप्ता ने अपने सहयोगियों नत्थू गुप्ता, संदीप सोनी,आकाश , हरि बाबू,संजू गुप्ता,रक्षक दिवाकर, गोविंद दिवाकर,सूरज दिवाकर, रामकुमार निषाद,जमील, सुहेल इस्तियाक आदि ने मिलकर भगवान शिव मन्दिर निर्माण कार्य करते हुए नींव पूजन कार्यक्रम किया जिसमें ग्राम बालाराम पुरवा के अनेक पुरुष/महिला भी उपस्थित रहे

सवायजपुर में हर्ष फायरिंग करने बाला युवक गिरफ्तार बंदूक भी जब्त की गई।

सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियो हुआ था वायरल।

अखिलेश सिंह हरदोई।सवायजपुर तहसील क्षेत्र से सटे पाली थाना क्षेत्र के

गजियापुर गांव का हर्षफायरिंग का एक वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है । साथ ही हर्ष फायरिंग में इस्तेमाल हुई बंदूक भी जब्त कर ली पुलिस आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रही है । आपको बता दें कि पाली थाना क्षेत्र में एक हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक व्यक्ति किसी वैबहिक कार्यक्रम में तमाम लोगों के बीच अपनी बंदूक से फायर करता नजर आया था । वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। जानकारी हुई कि पाली थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव के राजेश कुमार ने एक तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग की थी। पाली थाना अध्यक्ष सुनील दत्त कौल ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है ।मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। वहीं उस बन्दूक को भी जब्त कर लिया गया है जिससे हर्ष फायरिंग किया गया था। थानाध्यक्ष ने ने बताया विगत 18 फरवरी का वीडियो है जो कि अब वायरल किया गया है ।

अवारा पशुओं से फसलें बचाने को मजबूर किसान, प्रदर्शन कर अवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग

जरवल बहराइच

रात रात भर जागकर किसान अपने खेतों की रखवाले करने को मजबूर है। क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में मौजूद अवारा पशुए किसानों की फसलें नष्ट कर रही है,जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने आवारा मवेशियों को गौशाला भेजने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया है। सोमवार को जरवल विकास खण्ड के सपसा गांव में अवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए समाजसेवी

विनय सिंह के नेतृत्व में शिव शंकर, देश राज लोधी, बब्लू गौतम,राम नरेश सिंह,राजिंदर ,संजय वर्मा,रामू,लकपत,राम राज वर्मा,राम सिंह वर्मा, सर्वजीत वर्मा,सोनू,ललित प्रसाद वर्मा सहित दो दर्जन से अधिक किसानों ने प्रदर्शन किया तथा शासन प्रशासन से अवारा जानवरों को गौशाला भेजने की मांग की है।किसानों का कहना है सैकड़ों की संख्या में घूम रहे अवारा पशुए उनकी फसलों को नष्ट कर रहे है,जिससे उसे भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।किसान किसी तरह पैसा इकट्ठा कर अपनी फसलों को लगाता है ,जिसे क्षेत्र के अवारा पशु चट कर जाते हैं।रात रात भर खेतों में जागकर किसान अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर है।किसानों ने मांग की है कि गांव के अवारा जानवरों को पकडकर गौशाला भेजने का काम प्रशासन करे अन्यथा धरना प्रदर्शन और हाइवे जाम करने के लिए किसान विवश होगें।

पूर्व में ग्रामीणों ने अवारा पशुओं को प्राथमिक विद्यालय में किया था बन्द

4 जुलाई को ग्रामीणों ने आवारा मवेशियों को विद्यालय प्रांगण में इकट्ठा कर बन्द कर दिया था।पुलिस और प्रशासन के लोगों ने पहुंचकर गांव वालों से वार्ता की थी।जरवल बीडीओ एस पी पाण्डेय ने स्कूल में बन्द जानवरों को गाड़ियों से गौशाला भेजने का आश्वासन किसानों को दिया था,लेकिन अवारा पशुओं को गौशाला नही भेजा गया।

प्रधानाध्यापक की तहरीर पर 21 किसानों दर्ज हुआ था मुकदमा प्रधानाध्यापक की तहरीर पर 21 किसानों के विरुद्ध जरवलरोड पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया था।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर झूठी रिपोर्ट लगाने का आरोप

किसानों का आरोप है कि हम लोग मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाने पर प्रधान और सेक्रेटरी मिलकर छुट्टा जानवर न होने की झूठी रिपोर्ट लगा देते है।

विधायक सदर व डीएम ने गन्ना किसानों को वितरित किये अंश प्रमाण पत्र*

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में गन्ना विकास विभाग द्वारा आयोजित गन्ना किसानों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। शासन स्तर पर आयोजित कार्यक्रम गन्ना किसानों के जीवन में आ रही है मिठास प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यों को प्रमाण पत्रों का वितरण माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा कराया गया। जिसके क्रम में जनपद स्तर पर आयोजित गन्ना विकास विभाग द्वारा अंश प्रमाण पत्र का वितरण कार्यक्रम लाइव सजीव प्रसारण के माध्यम से कराया गया। इसी कार्यक्रम में आए हुए लगभग 70 से अधिक गन्ना किसानों को माननीय विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के द्वारा अंश प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मा0 विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, जिला गन्ना अधिकारी ए. पी. सिंह, विक्रम बहादुर सिंह, अखंड प्रताप सिंह, हरीश चंद्र चौधरी, आनंद शुक्ला, गन्ना किसान सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

सरस्वती संस्कार केन्द्र का हुआ शुभारंभ

डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा संचालित

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो प्रमुख लखीमपुर/प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर खीरी_ जनपद लखीमपुर में संचालित विद्याभारती विद्यालय डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर आवास विकास कालोनी लखीमपुर द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केन्द्र का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि राजा भारती विशिष्ट अतिथि रामस्वरूप वाल्मीकि ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया जिसके बाद उन्य उपस्थित नगर के सम्भ्रांत व्यक्ति और बच्चों ने भी पुष्पार्चन किया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम मणि मिश्र ने भी पुष्पार्चन। किया कार्यक्रम का संचालन करते हुए सर्वेश वाजपेई ने आते हुए सभी अतिथिओ का परिचय कराया मुख्य अतिथि ने बताया की बच्चे एक कोरा कागज की तरह है इन पर जैसा दिखना चाहो वैसा लिखा जा सकता है।आगे चलकर यही बच्चे कुछ न कुछ बनते हैं। इसी क्रम में प्रधानाचार्य ने बताया महार्षि वाल्मीकि जी के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला साथ ही इस कार्यक्रम में संजय गुप्ता,महेश कुमार, राजकुमार, श्रवण शुक्ल, अर्जुन गुप्ता, आदि विद्यालय के आचार्य वीरेंद्र पाण्डेय, लवकुश मिश्र,और आकाश मिश्र,गगन गुप्ता,हर्षित,अभय कुमार, गायत्री देवी संगीता देवी,आरती पाण्डे, सुशीलादे आदि भैया/बहने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे

सवायजपुर में कुएँ की सफाई कर रहा युवक मलवे में दबा रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

दैनिक समाज जागरण

अखिलेश सिंह हरदोई।सवायजपुर तहसील क्षेत्र के अरवल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुलिया गांव निवासी राम मित्र अपने घर के बाहर बने कुएं की सफाई कर रहा था अचानक से कुंआ भरभराकर बैठ गया जिससे राम मित्र कुएं में दब गया । कुएं की गहराई लगभग 7 मीटर के करीब होगी । ग्रामीणों ने इसकी सूचना अरवल पुलिस को दी । पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है । खबर लिखे जाने तक जेसीबी मशीन से कुएं की मिट्टी हटाई जा रही थी । पुलिस ने परिजनों को ढांढस बंधाया । और तेजी से रेस्क्यू जारी है । परिजन ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं मलबे में दबा राम मित्र सुरक्षित निकल आये ।

बारिश के मौसम में कुंआ साफ करने का निर्णय गलत

बारिश के मौसम में कुंएं की सफाई करने का निर्णय राम मित्र ने गलत ले किया ग्रामीणों का कहना है बारिश के मौसम में जमीन पूरी तरह भीग जाती है । और चूहे कई जगह गहरे और बड़े बड़े गड्ढे बना लेते हैं जिससे मिट्टी या मलबा धंसने का डर बना रहता है । और वही हुआ राम मित्र कुएं में सफाई करने के लिये कुंएं में उतरा और उसने कुंएं से मलवा बाहर निकाला तभी अचानक पूरा कुंआ धंस गया जिससे राममित्र कुंएं में दब गया ।

रुपए हड़पने का महिला ने लगाया आरोप।

समाज जागरण बघौली हरदोई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा विक्टोरिया गंज चौसा के मजरा रसूलपुर निवासिनी रुपरानी पत्नी धनीराम नें थाने मे दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी बहू सीमा एक वर्ष से घर नही आ रही है जिसको लेकर विक्टोरियागंज निवासी एकलाक ने माननीय न्यायालय में मुकदमा डलवाया था जिसमे पुलिस व विधायक को घूस देने के नाम पर एक लाख पचास हजार रुपए लेने के बाद पचास हजार की और मांग की जिसको लेकर पीड़िता ने थाने पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार नें बताया मामला संज्ञान में है जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

सभी वृद्धा पेंशनर्स 31 जुलाई तक कराएं अपना आधार प्रमाणीकरण-जिला समाज कल्याण अधिकारी*

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया है कि जनपद के समस्त वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी अपने आधार का प्रमाणीकरण वृद्धावस्था पेंशन वेबसाइट पर करवा लें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभी तक 125237 लाभार्थियों में से 54114 यानी 43.21 प्रतिशत लाभार्थियों ने ही आधार का प्रमाणीकरण कराया है। जिनका आधार का प्रमाणीकरण न होने पर उनकी पेंशन की धनराशि बाधित हो जायेगी। उन्होंने बताया है कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक ग्राम पंचायत सचिवालय , विकासखण्ड , नगर पंचायत व वार्डवार कैम्प लगाकर शतप्रतिशत आधार प्रमाणीकरण कराया जाएगा। जिसके लिए 11 जुलाई को समस्त खण्ड विकास अधिकारी , उपजिलाधिकारी तथा अधिशाषी अधिकारी को निर्देश जारी किया गया है कि निर्धारित समयान्तर्गत कैम्प का आयोजन कराकर शतप्रतिशत आधार का प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे कोई लाभार्थी पेंशन पाने से वंचित न रह सकें।

ब्लाक मुख्यालय बाबागंज पर क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन 23 जुलाई को

बाबागँज बहराइच। 11जुलाई जिला काँग्रेस कमेटी सहकारिता विभाग की एक आवश्यक बैठक काँग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी स्वर्गीय मोहम्मद साबिर के आवास पुरानी बाजार बाबागँज मे ब्लाक काँग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष रामदीन गौतम की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक की में पूर्व प्रत्याशी 283 नानपारा विधान सभा मरहूम मो०साबिर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके खिराजे अकीदत पेश करके किया गया। उक्त दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ काँग्रेस नेता विनय सिँह ने उनके युवा पुत्र मो० जाकिर को ब्लाक अध्यक्ष काँग्रेस कमेटी सहकारिता विभाग नबाबगँज का नियुक्ति पत्र सौँपकर उत्साहवर्धन किया। जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव ने आगामी 23 जुलाई को बाबागँज ब्लाक मुख्यालय पर क्षेत्र की जनसमस्याओँ को लेकर धरना-प्रदर्शन मे अधिकाधिक सँख्या में भाग लेने हेतू उपस्थित जनोँ से अपील की। साथ ही काँग्रेस नेतृत्व द्वारा भेजे गये पाँच सदस्यीय अधिवक्ताओँ की टीम ने वरिष्ठ नेता साबिर भाई के परिजनोँ के सम्पत्ति विवाद प्रकरण की मौका मुआयना करके विस्तृत रिपोर्ट तैय्यार की। जिसे पार्टी हाईकमान व जिला प्रशासन को सौँपा जाएगा। उक्त टीम मे बृजेश पाठक एडवोकेट , मो०इशारत खान एडवोकेट , स्वदेश कुमार सिँह एडवोकेट , बाबू हीरा लाल राव एडवोकेट , शक्ति सिँह एडवोकेट शामिल रहे। वरिष्ठ काँग्रेस नेता विनय सिँह ने कहा किसी भी काँग्रेसी परिवार पर कोई भी प्रकार का आँच न आने देने तथा उनके मान सम्मान प्रतिष्ठा व सुरक्षा को बहाल रखना ही उनकी दृढ सँकल्पिता है।अपने अध्यक्षीय सम्बोधन मे ब्लाक अध्यक्ष रामदीन गौतम ने कहा जाकिर भाई के सहकारिता विभाग का अध्यक्ष बनने से उनके सँगठन व पार्टी को काफी बल मिलेगा और हम राम और लक्ष्मण की तरह अन्याय , शोषण , दमन के खिलाफ लडकर सत्यमेव जयते का उद्घोष करेँगे। इस अवसर मो० जैद बृजेश पाण्डेय शोभाराम वर्मा सत्येन्द्र वर्मा फौजदार मोटिमरजा सहित कई लोगो ने अपने अपने विचार ब्यक्त किए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मृत्यु

समाज जागरण कछौना, हरदोई। यातायात नियमों की अनदेखी के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के में इजाफा हो गया है। जिसके चलते बीती रात एक मोटरसाइकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर दर्दनाक मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम मोहाई मजरा पतसेनी देहात निवासी पारसनाथ का 25 वर्षीय पुत्र संजीव शनिवार सांय मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहा था। इसी दौरान लखनऊ हरदोई मार्ग पर मतुआ मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर दर्दनाक मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय हरदोई भेज दिया। इस दुर्घटना से परिजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी, मां, पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक ने हेलमेट नहीं लगाया था।

विद्युत तारों में लटक कर स्टंट करने वाले युवकों पर पुलिस ने की शांति भंग की कार्रवाई

समाज जागरण पाली, हरदोई। पाली कस्बे में बिजली के तारों पर लटककर स्टंट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और उनके विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की। स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। मामले में विद्युत विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने के बाद विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। जबकि दोनों युवकों की वजह से कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी और जनहानि भी हो सकती थी। ज्ञात हो कि शुक्रवार शाम को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में दो युवकों द्वारा बिजली के तारों में लटक कर स्टंट किया गया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना निवासी प्रेमपाल पुत्र राम चहिते और गौरव पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार किया गया और दोनों के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही की गई। वहीं विद्युत विभाग द्वारा मामले का संज्ञान न लिए जाने को लेकर भी तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं। इन युवकों द्वारा तारों में लटक कर स्टंट करने के दौरान लगभग 2 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी, जिससे नगर वासियों को भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ा था। साथ ही विद्युत लाइन में लटक कार स्टंट करने से जनहानि भी हो सकती थी। पर विद्युत विभाग द्वारा मामले का संज्ञान लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कराई गई जिसकी वजह से विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

आयुष्मान पखवाड़े में निर्माण श्रमिक भी बनवाएं आयुष्मान कार्ड

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित आयुष्मान पखवाड़ा जो 5 जुलाई से 20 जुलाई तक आयोजित किया रहा है। इस पखवाडे में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत 22567 निर्माण श्रमिकों का प्रथम चरण में आयुष्मान कार्ड बनना है। सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है कि वे निकट के सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर आयुष्मान मित्र से संपर्क करें तथा प्रथम चरण की सूची में नाम होंने की दशा में तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवा लें।आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु उनको अपना श्रमिक कार्ड,आधार कार्ड व राशन कार्ड साथ ले जाना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल से भी ली जा सकती है।

कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के तत्वाधान में शुरू हुआ पांच दिवसीय मशरूम की खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम।

बहराइच नानपारा तहसील के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के तत्वाधान में कृषकों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण आज कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में शुरू हुआ जिसमें मसरूम की खेती के बारे में बताया गया कृषि वैज्ञानिक वी पी सिंह, मनीष जी, व अन्य वैज्ञानिक ने भी मसरूम की खेती के गुर सिखाए प्रशिक्षण में नवाबगंज विकास खण्ड के किसान मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद की 59वि स्थापना दिवस गोष्ठी

बहराइच शाखा द्वारा एक वैचारिक संगोष्ठी तथा समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय डालमिया स्मृति सदन बहराइच में किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव संपर्क श्री सच्चिदानंद श्रीवास्तव जी व भारत विकास परिषद की वरिष्ठ सदस्य

और नगर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल जी थी । कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गायन ,दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया । वैचारिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सच्चिदानंद श्रीवास्तव जी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुपमा जायसवाल जी, बहराइच शाखा के संरक्षक राकेश रस्तोगी प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश सक्सेना ,जिला समन्वयक अध्यक्ष अजय ड्रोलिया जी , महिला संयोजिका संध्या गोयल द्वारा उद्बोधन किया गया और भारत विकास परिषद के इतिहास और कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित लोगो को दी गई ।

मुख्य अतिथि सच्चिदानंद श्रीवास्तव ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की भारत विकास परिषद की स्थापना 1962के चीन युद्ध के समय में की गई क्योंकि उस समय हमारी सेनाएं चीन के साथ हो रहे युद्ध में तमाम आवश्यक परेशानियों जैसे बर्फ में पहनने वाले कपड़े जूते खाद्य सामग्री की कमी से जूझ रही थी ,उन विषम परिस्थिति से निपटने के लिए लाला हंसराज और डाक्टर सूरज प्रकाश तथा अन्य प्रबुद्ध लोगो ने नागरिक समिति बनाकर सैनिकों की मदद की ,उसके पश्चात 10जुलाई को भारत विकास परिषद का पंजीकरण हुआ । तब से अब तक भारत विकास परिषद अपने मूल मंत्र संपर्क ,सहयोग ,संस्कार ,सेवा समर्पण का पालन करते हुए राष्ट्र सेवा के अपने उद्देश्यों को पूरा करने में लगी हुई है ।

विशिष्ठ अतिथि और नगर विधायक अनुपमा जायसवाल जी ने भारत विकास परिषद बहराइच शाखा के संस्थापक स्वर्गीय तीर्थराज मणि त्रिपाठी को याद करते हुए कहा की मुझे भारत विकास परिषद में सदस्य बनाने वाले आदरणीय तीर्थराज मणि त्रिपाठी जी थे और मैं उन्हीं के प्रेरणा से भारत विकास परिषद से जुड़ी और तब से मेरा भारत विकास परिषद बहराइच शाखा से बहुत ही आत्मीय संबंध रहा है । उन्होंने भारत विकास परिषद बहराइच शाखा के साथ अपने संस्मरणों को साझा करते हुए बहराइच शाखा के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की ।

संगोष्ठी के पश्चात समूह गान प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमे नगर के छः विद्यालयों के बच्चो ने प्रतिभाग किया ।इस गायन प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों के द्वारा राष्ट्रभक्ति के गीतों का गायन किए गया ।

समूह गान प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में श्रीमती रंजीता श्रीवास्तव उर्फ सोनी मैम तथा श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव जी ने अपना निर्णय दिया।

जिसमे प्रथम पुरस्कार पुलिस मॉडर्न स्कूल बहराइच

द्वितीय पुरस्कार बाल शिक्षा निकेतन बहराइच और तृतीय पुरस्कार सरस्वती विद्या मंदिर बहराइच के बच्चो को दिया गया ।इस कार्यक्रम में मंच संचालन डाक्टर ज्योति सिंह और ममता जायसवाल ने किया ।

इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष अनिल गोयल सचिव प्रदीप ड्रोलिया कोषाध्यक्ष शरद काबरा महिला संयोजिका संध्या गोयल जिला समन्वयक समिति अध्यक्ष अजय ड्रोलिया प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश सक्सेना संरक्षक राकेश रस्तोगी,मीडिया प्रभारी अभिषेक गुप्ता , रामगोपाल अग्रवाल संतराम सिंह जी सुशील ड्रोलिया प्रदीप केडिया कृष्ण गोपाल टेकरीवाल उत्कर्ष अग्रवाल अनुज श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव अतुल गुप्ता सत्य प्रकाश जयसवाल श्रीमती प्रियंका सिंह श्रीमती ज्योति सिंह नीलू गुप्ता सरोज गोयल रुचि गुप्ता ममता जायसवाल स्मिता श्रीवास्तव मोहनी सोनी सहित कई सदस्य उपस्थित

ससुराल में फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव, मायके पक्ष ने हत्या का लगाया आरोप

समाज जागरण हरदोई। कछौना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा कटियामऊ में एक नवविवाहिता ने परिवारिक कलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने बताया दहेज के लिए ससुराल पक्ष वालों ने प्रताणित कर हत्या कर दी। परिवारिक कलह की वजह दो परिवार बिखर गए। मिली जानकारी के अनुसार नवविवाहिता रंजना उर्फ संजना पत्नी नरेश उम्र 24 वर्ष निवासी कटियामऊ रविवार की रात परिवारिक कलह से आजिज आकर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने मायके पक्ष को सूचना दी। मृतका के भाई सुनील पुत्र स्व० तुलसी निवासी केथन खेड़ा थाना मलिहाबाद ने आरोप लगाया परिजन दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर गए थे। असमर्थता जताने पर मेरी बहन को प्रतिदिन प्रताणित करते व उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे। मायके को नहीं भेजते थे। रविवार को परिवार के लोग एक राय होकर मार कर लटका दिया हैं। मायके वालों की तहरीर पर ससुराल पक्ष के आरोपियों पर धारा 498ए, 304 बी आईपीसी 3/4 दहेज उत्पीड़न के तहत 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस घटना से दोनों परिवारों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 8

शिव शक्ति साईं मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का होगा आयोजन

समाज जागरण समीर कुमार (बेतिया)

शहर के बड़ा पोस्ट ऑफिस के बगल में स्थित शिव शक्ति साईं मंदिर में शिव शक्ति साईं मंदिर समिति के तत्वधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होगा ।

समिति के अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार सिन्हा एवम व्यवस्थापक एवम पुजारी श्री वायुनंदन मिश्रा ने कहा की गुरुपूर्णिमा महोत्सव दो दिवसीय कायक्रम इस प्रकार से है ।

दिनाक - 13/07/2022 दिन बुधवार को बाबा का अभिषेक सुबह 6 बजे होगा । एवम साईं सत्यनारायण कथा 11 बजे आरम्भ होगी । एवं आरती साम 6 बजे एवं भंडारा शाम 6 बजकर 30 मिनट होगी ।

अब दिनाक 14 /7/2022 दिन गुरुवार को पालकी यात्रा शाम 5 बजे से निकली जाएगी ।। एवं प्रसाद बितरण का आयोजन किया जायेगा । मौके पर शिव शक्ति साईं मंदिर के अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार सिन्हा एवं व्यवस्थापक श्री वायु नंदन मिश्रा और कुनाल कुमार ,सुधीर कुमार गुप्ता , संदीप कुमार , शिवम कुमार, मनीष कुमार ,समर सिंह राठौर, अमित कुमार सागर कुमार , प्रिंस कुमार , आशिष कुमार के साथ बैठकर रुपरेखा तैयार की गयी हैं ।जो मंदिर को फूलो से भव्य सिंगार सजावट कर गुरु पूर्णिमा महोउत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा ।

इस महोउत्सव में सभी साईं भक्त सपरिवार सादर आमंत्रित है।

जमुनिया में खरीफ किसान चौपाल का आयोजन। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खेती का गुर बताया।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा /सोमवार को जमुनिया पंचायत के गेनरिया मे खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया । जहां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चौपाल में उपस्थित लोगों को कृषि का गुर सिखाया गया ।

किसान चौपाल कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा गीत संगीत नृत्य एवं नाटक के माध्यम से दी गई। नाटक के माध्यम से खेत की मिट्टी की जांच, रासायनिक खाद के जगह वर्मी कंपोस्ट का उपयोग, अनुदानित दर पर खाद बीज, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई योजना, जल संरक्षण योजना, सोख्ता एवं तालाब निर्माण तथा मधुमक्खी पालन पर विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर मुखिया विक्की कुमार, कृषि सलाहकार सूरज कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विनय कुमार , वार्ड सदस्य रविशंकर यादव, शोभा देवी, विक्रांत कुमार किसान रामप्रकाश चौधरी, शम्भू महतो, अशोक कुमार, मोहन महतो, तूफानी राम, राजेश यादव, दीनानाथ राम, शहीद अंसारी, मोतीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे ।

दिव्यांगता शिविर में लिए गए दिव्यांगों के आवेदन।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / सोमवार को प्रखंड स्थित संस्थान केंद्र मे दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। रेफरल अस्पताल गौनाहा चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शशि कुमार ने बताया कि शिविर में स्थानीय पीएचसी तथा जिला की टीम भी आई थी। इस शिविर

के बाबत सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालय सहित सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने स्तर पर अभिभावकों को सूचित करें ताकि वह समय से शिविर में आ सके । दिव्यांग संघ बिहार राज्य सामान्यक मनीष शर्मा ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश है कि विभाग के लोगों को हर एक दिव्यांग के घर पहुंचकर उसका लिस्ट बनाकर लिस्ट जारी करना है। जिससे हर एक दिव्यांग को सुविधा मुहैया कराया जा सके। शिविर में 3 से 18 वर्ष के सैकड़ों बच्चों को जांच की गई। शिविर में गौनाहा पीएचसी डॉक्टर शशि कुमार चिकित्सा पदाधिकारी कमरूजामा चिकित्सा पदाधिकारी विवेक विकास ,दांत चिकित्सक बालेश्वर प्रसाद स्वास्थ्य निरीक्षक जुनैद आलम परिचारी प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

तेज रफ्तार ब्रेजा कार और बाइक की आमने सामने की भिड़ंत में तीन घायल

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा, नगर थाना क्षेत्र के सीता राम आश्रम के समीप एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार और बाइक की आमने सामने की भिड़ंत में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ विनय कुमार ने इलाज किया। इलाज के बाद उन्होंने बताया कि अंसारी टोला निवासी अयूब अंसारी के पुत्र अली अंसारी को गोरखपुर और कलाम अंसारी के पुत्र मुन्ना अंसारी को मेडिकल कॉलेज बेतिया रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी अनुसार बाइक चालक तीनों सवार गांधी नगर के तरफ से आ रहे थे और ब्रेज्जा कार बगहा बाजार के तरफ से जा रही थी। दोनों अचानक आमने सामने टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक समेत तीनों युवक सड़क पर गिर गए। कार चालक मौका देख कर फरार हो गए। वही शुचान मिलने पर पहुंची नगर थाना की पुलिस कार को जप्त कर लिया है।

पुलिस के पहुंचते ही तस्कर हुए फरार

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

दरभंगाः- शराब तस्करी में शामिल अंतर्राज्यीय गिरोह का हुआ भंडाफोड़। 14 कार्टून शराब बरामद, सिंहवाड़ा। स्थानीय थाने की पुलिस ने शंकरपुर पंचायत के कसाई टोला में छापेमारी कर अंतरजिला गिरोह के शराब तस्कर के यहां से 14 कार्टून शराब बरामद की जबकि आरोपी घर से भागने में सफल रहा। पुलिस ने तीनों शराब तस्कर मो. इस्माइल नद्दाफ, मो. रमजानी नद्दाफ एवं सायरा खातून की गिरफ्तारी के लिए पीछा भी किया लेकिन तीनों भागने में सफल रहे। बताया गया है कि शंकरपुर पंचायत के कसाई टोला में शराब बिकने की जानकारी मिलते ही सिंहवाड़ा पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गई। दरभंगा-मुजफ्फरपुर सीमा के पास स्थित शंकरपुर पंचायत के कसाई टोला में जैसे ही पुलिस की गाड़ी पहुंची तीनों आरोपी घर छोड़कर भागने लगे। पीछा करने के बावजूद भी आरोपी भागने में सफल रहे। पुलिस ने आरोपी के घर के सामने स्थित स्व. मजीबुल नदाफ के टूटे

नालंदा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक

बिहार शरीफ :नालंदा जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में आज हरदेव भवन सभागार में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

समाज जागरण

कुशल युवा कार्यक्रम के संदर्भ में बताया गया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में कुल 60 हजार 747 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 60 हजार 694 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से अब तक श्रम संसाधन विभाग को 60 हजार168 आवेदन ऑनलाइन हस्तांतरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम के तहत कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से अब तक 55 हजार 451 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अब तक 9545 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 3439 युवाओं का सफल प्लेसमेंट भी किया गया है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 850, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना के तहत 760 तथा मुख्यमंत्री अति पिछड़ी जाति उद्यमी योजना के तहत 188 लाभुकों को स्वरोजगार का अवसर मिला है।

आपूर्ति की समीक्षा के क्रम में राशन कार्ड से संबंधित आरटीपीएस एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नूरसराय, बिंद, बिहार शरीफ, वेन, गिरियक एवं हरनौत प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर अधिक आवेदन लंबित पाए गए। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इसका सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा गया।

आईसीडीएस की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत जन्म प्रमाण पत्र नहीं रहने के कारण कुछ आवेदन स्वीकृति हेतु लंबित हैं। इन सभी आवेदनों के संदर्भ में सक्षम स्तर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का निर्देश सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

आईसीडीएस एवं मनरेगा के अभिसरण से जिला में 200 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 100 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया की गई है। जिनमें से 80 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 14 स्थलों पर स्थानीय समस्या के कारण निर्माण कार्य बाधित है। जिलाधिकारी ने समस्या का

निराकरण कर अविलंब सभी स्थानों पर निर्माण शुरू कराने का निर्देश दिया तथा निमार्णाधीन योजनाओं को तेजी से पूरा कराने को कहा।

स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि के निर्माण के लिए अंचलाधिकारी के माध्यम से जमीन से संबंधित प्राप्त विवरणी के आलोक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता को स्वयं स्थल भ्रमण कर जमीन की उपयुक्तता के प्रति आश्वस्त होने के उपरांत ही प्रस्ताव जिला में भेजने का निर्देश दिया गया।

सामाजिक सुरक्षा की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला में विभिन्न पेंशन योजना के लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 97.8 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। लगभग 13 हजार लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण का कार्य शेष है। जीवन प्रमाणीकरण के लिए 15 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित है। उक्त तिथि तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराने वाले लाभार्थियों का पेंशन स्वतः अवरुद्ध हो जाएगा।

कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मी बाई पेंशन योजना, बिहार राज्य निःशक्त पेंशन योजना आदि के सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

मुख्यमंत्री अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत प्राप्त 17 आवेदन में से 15 स्वीकृत एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना में प्राप्त 17 आवेदन में से 13 स्वीकृत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इन दोनों योजनाओं में बहुत कम आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार करा कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत ह्वसंबलह्व योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस योजना के तहत 8 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिला में अब तक लगभग 220 आवेदन आ चुके हैं। इस योजना के तहत ह्यपहले आओ पहले पाओह्व सिद्धांत के आधार पर लाभ दिया जाना है। इसलिए अधिक से अधिक पात्र लोगों से आवेदन कराने का निर्देश दिया गया। निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाने के लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया गया।

बच्चे की मौत के बाद उसे जिंदा करने को लेकर तंत्र मंत्र के बाद बवाल हुआ है । सूचना के बाद पहुंची पुलिस और पब्लिक बीच झड़प हुआ है ।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

दरअसल तांत्रिक के झांसे में आये परिजनों के सब्र का बांध उस वक्त टूट गया जब बच्चा तीसरे दिन भी जीवित नहीं हो सका। पटखौली के पोखरभिंडा गांव में श्याम सुंदर यादव के पोते की बीते दिनों चमकी बुखार से अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई बाद में मृतक के परिजन तांत्रिक के झांसे में आ गए औड्ढ बच्चे को जिंदा करने का दावा किया गया । इस बीच परिजनों से हजारों रुपये की ठगी कर तीन दिनों से गांव में झाड़फूंक का खेल चल रहा था इधर गॉव के कई महिलाओं पर तांत्रिक ने डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए बच्चे को मारने की बात कही। बच्चे के जीवित नहीं होने पर भड़के ग्रामीण आज तांत्रिक को बंधक बना लिए ।बाद में पहुंची पुलिस द्वारा तांत्रिक को हिरासत में

लेने के दौरान झड़प हो गई । लोग तांत्रिक से ठगी का रुपया वापस लौटाने को लेकर पुलिस से उलझ गए जिसको लेकर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तब जाकर हंगामा शांत हुआ । अब पटखौली ओपी प्रभारी लालबाबू यादव पोखरभिंडा गांव में मृत बच्चे के परिजनों से बयान लेने के साथ आगे की कार्रवाई में जुटे हैं ।लेकिन सवाल यह है कि इस वैज्ञानिक युग मे लोग आखिर अंधविश्वास के मकड़जाल में कैसे फंस गए और जब तांत्रिक यहां कई दिनों से झाड़फूंक कर रहा था तो पुलिस को इसकी खबर क्यों नहीं हुई । बहरहाल तांत्रिक अब पुलिस हिरासत में है तो वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी आगे की कार्रवाई तेज कर दिया है ।

बाइट- श्यामसुंदर यादव, मृतक के परिजन बाइट- पप्पू यादव, प्रत्यक्षदर्शी

गैस सिलेंडर फटा,कई घायल,रेफर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल।

पीरपैंती समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय।

पीरपैंती प्रखंड के ओलापुर. गांव में वार्ड 13 के हरिजन टोला में खाना बनाने के दौरान चंपादेवी, स्व बलराम मंडल के घर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर जाने से पूरा घर जल गया,कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने आग बुझाने के लिए पानी का उपयोग किया लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई जबकि अग्निशमन विभाग द्वारा लगातार आगे से बचने का उपाय गांव --गांव जाकर बताते है बावजूद इसके लोग समझ नही पाते है । आग लगने के बाद अपना संतुलन खो बैठते है । ठीक यही बात इस घटना मे भी दिखाई पड़ती

है ।स्थानीय लोगो के द्वारा अग्निशमन विभाग को फोन किया ।अग्निशमन सदल बल गाड़ी घटनास्थल पर आई। तभी आग पर काबू पाया जा सका । आग की लपटें इतनी जबरदस्त थी और घरों में आग फैलने को लेकर लोग दहसत में आ गए।लेकिन दमकल कर्मी के सूझ बूझ से आग पर काबू पाया गया, घायल लोगो का इलाज स्थानीय अस्पताल मे चल रहा है। लेकिन जो लोग गंभीर रूप से घायल हुए उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल मायागंज रेफर कर दिया गया । मकान मालिक का पुत्र सौरभ कुमार गंभीर रूप से घायल है ।जिसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है ।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 5 छात्रा कोरोना संक्रमित !

भागलपुर समाज जागरण /निर्भय चौबे ।

भागलपुर शाहकुंण्ड के सुखसरोवर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कोरोना ने चौथी दस्तक दे दी है, जहां शाहकुंण्ड के स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एक साथ पांच छात्रा कोरोना से संक्रमित हो गये है, सभी कोरोना से संक्रमित बच्चों को होम आइसोलेट कर दिया गया है, वहीं शाहकुंण्ड में कोरोना संक्रमण को लेकर विधालय सहित क्षेत्र में हड़कंप मच गया है,। शाहकुंण्ड के चिकित्सा पदाधिकारी जयप्रकाश ने कहा कि सभी संक्रमित बच्चों को दवा के साथ होम कोरोन्टाइन किया गया है साथ ही विधालय के अन्य 67 बच्चों का भी जांच किया गया। लेकिन इसके अलावा सभी बच्चे कोरोना से सुरक्षित पाया गया है,। वहीं विधालय में समुचित व्यवस्था एवं कर्मचारी का जांच नहीं होने से सभी लोग भयभीत हैं।सभी कर्मचारी का भी कोरोना जांच जल्द ही शुरू किया जाएगा ।

जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा खगड़ा का आयुर्वेद अस्पताल, जायजा लेने पहुंचे भागलपुर विधायक अजीत शर्मा।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निर्भय चौबे।

भागलपुर। एक तरफ जहां केंद्र सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए कई शहरों में नए-नए आयुर्वेद संस्थान खोलने की बात कर रहे हैं वही भागलपुर के नवगछिया खगड़ा में काफी पुराना आयुर्वेद स्वास्थ्य अस्पताल जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा है। बताते चलें कि यह आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र काफी पुराना है । खगड़ा गांव बहुत बड़ा गांव है,गांव वाले चाहते हैं यह स्वास्थ्य केंद्र फिर से चालू हो ,इसमें जिस तरह पहले दवाइयां दी जाती थी, मरीजों को देखा जाता था, यह कार्य फिर से प्रारंभ हो। सरकार की लचर व्यवस्था के चलते आज यह अस्पताल जिर्ण-शीर्ण अवस्था में आ गई है और यह कई वर्षों से बंद है ।यहां चार कर्मचारी भी काम करते थे। भवन की स्थिति भी जर्जर हो चुकी है । इस व्यवस्था को फिर से बहाल

कराने के लिए आज बिहार विधानमंडल दल के नेता सह भागलपुर विधायक अजीत शर्मा ने इस खगड़ा के आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया और गांव वालों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इसे चालू कराने की पहल की जाएगी ।उन्होंने गांव वालों से कहा, आपलोग मेरे नाम से आवेदन दें वह आवेदन मैं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे तक पहुंच जाऊंगा। उम्मीद है जल्द खगड़ा में आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र फिर से बहाल होंगे। हालांकि यह आश्वासन कई वर्षों से कई नेता आकर दे चुके हैं, गांव वाले भी इसी आस में हैं कि कोई तो मसीहा बनकर आए और इस अस्पताल का जीर्णोद्धार कराएं। लेकिन अभी तक स्थिति ढाक के तीन पात वाली है।अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या विधायक अजीत शर्मा ने जो वायदे किए हैं वह कहां तक जमीनी स्तर पर उतर पाता है।

विधायक अजित शर्मा ने बाढ प्रभावित इलाके का किया दौरा।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी /शक्ति ठाकुर।

भागलपुर बिहार कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता सह भागलपुर के माननीय विधायक श्री अजीत शर्मा जी ने आज नवगछिया अनुमण्डल अन्तर्गत गोपालपुर एवं इस्माईलपुर प्रखण्ड में गंगा नदी से हो रहे कटाव का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री शर्मा इस क्रम में तिनटंगा करारी, बिन्दटोली, कमलाकुण्ड, डिमाहा इत्यादि जगहों पर जाकर स्थानीय कटाव पीड़ितों से मुलाकात कर उनके हालात से वाकिफ हुए। श्री शर्मा ने विभिन्न जगह का दौरा कर जल संसाधन विभाग के कैम्प कार्यालय जाकर अभियन्ताओं से कटाव निरोधी कार्यों के बावत जानकारी ली एवं उन्हें लोगों की शिकायतों से अवगत कराते हुए आवश्यक निर्देश दिये। माननीय विधायक ने गोपालपुर के अंचलाधिकारी को भी बिन्दटोली से दूरभाष पर वार्ता कर विस्थापितों को जल्द वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार और प्रशासनिक उपेक्षा की वजह से कटाव पीड़ितों की स्थिति नारकीय है और वर्षों से कटाव से विस्थापितों को अब तक बसाया नहीं जा सका है। यह सरकारी उदासीनता और पीड़ितों की उपेक्षा की चरम सीमा है, इसे कतई बर्दास्त नहीं किया जा सकता है। श्री शर्मा ने इस मामले को माननीय मुख्यमंत्री के संज्ञान में

लाने एवं विधान सभा के आगामी सत्र में उठाने का लोगों से वादा किया। इस अवसर पर श्री शर्मा के साथ जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ० अभय आनन्द, विपिन बिहारी यादव, पंकज कुमार सिंह, शीतल प्र० सिंह निषाद, जितेन्द्र सिंह, शंकर सिंह अशोक, अजय कुमार सिंह, रंजन मंडल एवं स्थानीय पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यगण उपस्थित थे।

भागलपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। कटाव जारी। नगर विधायक ने किया दौरा।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

गंगा नदी से सटे कई गांव कटाव से परेशान हैं ।कई गांव के दर्जनों घर जलमग्न होने लगे हैं । लोगों को खाने पर आफत हो गई है। कई परिवार छत विहीन हो गए हैं। जानवरों को चारा खिलाने के लिए भी उन्हें सोचना पड़ रहा है। इतना कुछ हो जाने के बावजूद प्रशासन मौन बैठी है ।पता नहीं वह और कैसे विध्वंस प्रलय का इंतजार कर रही है। कटाव का संकट गहराता ही चला जा रहा है।

जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है ,जिससे नदियों में तेज धारा होने से कटाव भी तेजी से होता जा रहा है। लोग डरे और सहमे हुए हैं। उसी बाबत आज भागलपुर विधायक सह कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजीत शर्मा नवगछिया के इस्माइलपुर बिंद टोली के अलावे कई कटाव स्थल पर निरीक्षण करने गए बाढ़ विरोधी कार्य एवं कटाव से त्रस्त लोगों का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया है कि जल्द मैं प्रशासन से बात करूंगा और आप लोगों के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।

वहीं विधायक अजीत शर्मा ने

आश्वासन दिया।

वही ग्रामीणों में नेताओं और प्रशासन को लेकर काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने कहा हमलोगों को देखने अभी तक कोई भी विधायक, सांसद नहीं आए हैं ,ना ही प्रशासन की ही पहल की गई है। जब चुनाव का समय आता है तभी नेता हमारे क्षेत्र में आते हैं और वोट लेने के लिए कई बड़े-बड़े वायदे कर बड़े-बड़े सपने दिखाकर चले जाते हैं लेकिन जीतने के बाद फिर कभी दर्शन भी देने नहीं आते हैं ।हमलोग इतने परेशानी को झेल रहे हैं फिर भी हमारे सांसद और विधायक हम लोगों से मिलने तक नहीं आए। राजनेताओं के प्रति गांव वालों में काफी आक्रोश दिखा। इस खबर का जायजा लिया हमारे संवाददाता ने।

नवगछिया उपकारा में बन्द कैदी का सीसीटीवी में कैद है आत्महत्या का फुटेज।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर।

भागलपुर जिला के नवगछिया पुलिस जिला अवस्थित नवगछिया उपकारा में बन्द कैदी सन्नी कुमार की आत्महत्या के बाद नवगछिया थाना में इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। उपकारा में लगे सीसीटीवी कैमरे में आत्महत्या की घटना कैद हो गई।

थानाध्यक्ष ईस्पेक्टर भारत भूषण ने कहा कि उपकारा में तैनात कर्मियों के अनुसार दो दिन पूर्व मृतक के

पिता उससे मिलने आये और उन्होंने सन्नी को बताया कि लड़की ने तुम्हारे खिलाफ बयान दे दिया है। इसीलिए अब इस समय तुम्हारी जमानत नहीं होगी। इसी बात पर उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया होगा। बंदी सन्नी लड़की के अपहरण के मामले में जेल में था।

वर्षा हेतु अरघा को दूध से भरा

पीरपैंती :----समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।

पंचायत के जंगली बाबा के अरघा को को गांव के किसानों ने दुध से भर कर पूजा अर्चना की।किसानों का मानना है कि ये परंपरा वर्षो से चली आ

रही है ।ऐसा करने से बाबा जंगली नाथ प्रसन्न होते है और वर्षा होती है ।सुमन बाबा नेतृत्व में गांव किसान दुग्धाभिषेक किए।पूजन में सामिल किसान अनिल तिवारी, संजय पांडे, मनोज पांडेय,सौरभ तिवारी,विजय मिश्रा,रामदेव पांडेय, बासुकी नाथ पाण्डेय,झबल पांडे इत्यादि किसान शामिल हुवे।

नवगछिया ने एसपी ने किया औचक निरीक्षण, 112 के पुलिसकर्मियों को दिया रिवॉर्ड।

नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर । नवगछिया के एसपी सुशांत कुमार सरोज ने सादे लिबास में देर रात नवगछिया थानों के विभिन्न गश्ती दलों का

निरीक्षण किया. ।जीरो माइल में पुलिस की तत्काल सेवा 112 के वाहन पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को उन्होंने एक झ एक सौ रुपये का रिवार्ड दिया और पुलिस कर्मियों की सराहना भी की. एसपी ने कहा कि पेट्रोलिंग से इलाके के अपराध में गिरावट आयी है. इस कार्य मे पुलिसकर्मी किसी प्रकार की कोताही न करें.।

बिना भवन के विद्यालय में गढ़े जा रहे थे नौनिहालों के भविष्य -विधायक

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के विभूतिपुर विधायक कॉ.अजय कुमार ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बम्बईया हरलाल पंचायत के प्राथमिक विद्यालय धोबी बेलडीह का अपना भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिना भवन के विद्यालय में गढ़े जा रहे थे नैनिहालों का भविष्य। उन्होंने ने कहा की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे दर्जनों भवनहीन विद्यालय हैं। जिसका निर्माण हमारी प्राथमिकता में है। इसी वर्ष फरवरी-मार्च में इस

विधालय का शिलान्यास किया गया था और मात्र 4 महीने में भवन बनकर तैयार हो गया। आज से यह विद्यालय के कार्यो के लिये उपलब्ध हो जाएगा। विधायक के इस कार्य से आम लोगों में खुशी का माहौल है।

मौके पर कॉमरेड नीलम देवी,कॉ.विधान चंद्र, महेश कुमार,जनक लाल महतो,सीपीआई नेता पवन ठाकुर सहित दर्जनों शिक्षा प्रेमी व समाजसेवी कार्यकर्ता मौजूद थे।

जिले में शुरू हुआ जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा, 31 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

नवादा(आर्यन मोहन) समाज जागरण

नवादा :11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस पर जिले में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलेगा। सदर अस्पताल में सीएस डॉ निर्मला कुमारी, डीएस डॉ अजय कुमार, एसीएमओ सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसमें कॉपर टी सहित जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए अन्य जरूरी साधन उपलब्ध कराए गए हैं।

बच्चे दो ही अच्छे सहित अन्य जागरूकता श्लोगन के साथ इस अभियान को सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा। प्रचार-प्रसार वाहन भी जिले भर में भ्रमण करेगा। बताया गया कि इस पखवाड़े में 1180 महिला बंध्याकरण, 90 पुरुष नसबंदी, 2320 कॉपर टी, 2685 अंतरा सुई का लक्ष्य रखा गया है। पकरीबरावां में सुबह जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस कार्यक्रम में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भी स्वास्थ्य महकमा को सहयोग किया जा रहा है। विश्व जनसंख्या दिवस का शुभारंभ 1989 में संयुक्त राज्य संघ द्वारा किया गया था। उद्देश्य था पृथ्वी पर बढ़ते आबादी को नियंत्रित करना। बताया गया कि बिहार में पिछले 5 वर्षों में टीएफआर 3.4 से घटकर 3 पर आ गया है। ऐसे में नवादा जिले में परिवार नियोजन साधनों का उपयोग 23 प्रतिशत से बढ़कर 44 प्रतिशत करना है। शुभारंभ के मौके पर कई चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

चाचा ने भतीजे को मार दी गोली, शादी समारोह से लौटने के दौरान मारी गई गोली, जख्मी रेफर

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा जिले के अकबरपुर थाना इलाके के भनैल गांव में रविवार की रात चाचा ने भतीजे को गोली मार दी। बायीं ओर कंधे में गोली लगने से घायल हुए श्यामदेव मांझी को इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए बीम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया। आरोपित चाचा धीरेंद्र मांझी फरार है।

बताया गया कि चाचा-भतीजा के बीच 5 दिनों पूर्व विवाद हुआ था। इसका कारण चाचा का मवेशी भतीजा के घर में रखा मूंग खा जाना था। मवेशी द्वारा घर में रखा मूंग खा जाने के बाद भतीजा ने आपत्ति जताई थी। जो चाचा को नागवार लगा था। खार खाये चाचा ने रविवार की रात गोली मार दी। घटना को तब अंजाम दिया गया जब चाचा की नियत से अनजान भतीजा उनके साथ गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने गए। लौटने के क्रम में चाचा ने भतीजा को जान मारने की नियत से गोली चला दिया। हालांकि, बायीं ओर कंधे से लगते हुए गोली बाहर निकल गई। वे फिलहाल खतरे से बाहर बताए गए हैं। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद शादी समारोह के उल्लास में खलल पड़ गया।

साली के शादी में शामिल होने के लिए जा रहा था युवक, दुर्घटना में मौत से मचा कोहराम

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा :जिले के रोह थाना क्षेत्र के हरला गांव के निकट सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हुई है मौत के बाद परिवार वाले में कोहराम मच गया है। जहां मृतक की पहचान नारायण यादव का 30 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र

कुमार के रूप में पहचान किया गया है।

जिला परिषद नीतीश राज ने बताया कि अपने घर से नवादा जा रहे थे उसी दौरान दुर्घटना हुआ जितने गंभीर रूप से घायल हो गए रविवार की देर रात 11:30 बजे इनकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने यह भी जानकारी दिए है कि नवादा में अपने साली की शादी में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान रास्ते में दो बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। रेफर के दौरान युवक की मौत हुई है। वहीं पत्नी कांति देवी और बेटा का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

मौत की जानकारी मिलने के बाद गांव में कोहराम मच गया वह स्थानीय लोगों तुरंत नवादा के सदर अस्पताल पहुंच गए हैं।

शराब के विरुद्ध पुलिस छापेमारी, एक हजार साठ लीटर अर्ध निर्मित शराब किया बर्बाद

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-: -वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो गांवो में शनिवार की शाम छापेमारी एक हजार साठ लिटर से अधिक अर्धनिर्मित शराब को नालियों में बहाया। पुलिस द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना के तहत कोचगांव के बधार स्थित बांसवाड़ी में दो लोग अवैध शराब का निर्माण कर रहे है। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते हैं दोनों कारोबारी भाग निकले। बाद में पुलिस ने अर्ध निर्मित शराब के ड्रम को नालियों में बहा कर बर्बाद कर दिया गया। बाद में पुलिस ने अवैध शराब निमार्ता को चिन्हित कर दो कारोबारियों बिट्टू कुमार एवं कौशले सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के शिवगंज मुसहरी में रविवार की शाम नवादा से आई उत्पाद विभाग की टीम एवं स्थानीय थाना की पुलिस की मदद से संयुक्त रुप से छापेमारी कर 60 लीटर अर्ध निर्मित शराब बरामद कर वहीं नष्ट कर दिया। इस क्रम में कारोबारी भागने में सफल रहा। बाद में नई उत्पाद अधिनियम के तहत ग्रामीण गोरे मांझी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने स्कॉर्पियो में मारा जोरदारे टक्कर

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज इलाके में अवैध बालू का कारोबार कभी कभी जानलेवा सावित हो जा रहा है। पुलिस की गिरफ्त में आने के भय से बालू लोड ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर को काफी तेजी से भगाता है। इस क्रम में एक तो नौसिखुआ चालक दूसरा पुलिस से पकड़ाने का भय, इस कारण ट्रैक्टर को काफी गति से गंतव्य की ओर ले जाने के क्रम में कभी कभी सड़क दुर्घटना घट जाती है। इस कड़ी में रविवार को नगर परिषद क्षेत्र के शेरपुर-सामबे मार्ग में पहले से शेरपुर गांव के समीप सड़क किनारे खड़ी एक नई स्कॉर्पियो वाहन को एक ट्रैक्टर पीछे से ठोक दिया। फलतः स्कॉर्पियो का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना बाद स्कॉर्पियो मालिक नप के बलबापर ग्रामीण सनोज साव घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर मालिक से वाहन मरम्मती को ले मुआबजा की मांग किया। जिस पर ट्रैक्टर मालिक काफी नानुकुर कर ही रहा था। इसी बीच स्थानीय पुलिस की गश्ती वाहन वहां पहुंचकर बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। बाद में स्कार्पियो मालिक थाना में आवेदन देकर अपने वाहन को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर देने का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज करवाया है।

शहर केकई मार्गो को किया जा रहा वन वे ट्रैफिक,लेकिन पहले थानारोड ,स्टेशनरोड,विजय बाजार का रोड ठीक करना चाहिए।

समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादा :डीएम नवादा उदिता सिंह और एसपी डॉ गौरव मंगला के निर्देश के आलोक में रविवार को अनुमंडल अधिकारी नवादा सदर उमेश कुमार भारती और एसडीपीओ नवादा सदर उपेंद्र प्रसाद के द्वारा नवादा शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। यातायात को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए कुछ रुट को वन वे किया गया है। इससे नवादा नगर परिषद क्षेत्र को जाम से मुक्ति मिलेगी और यातायात काफी सुगम होगी।

उल्लेखनीय है कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बुधौल बस स्टैंड 12 जुलाई २०२२ से संचालित होगा। नवादा शहर के अंदर से परिचालित बसें बुधौल स्टैंड में ही रुकेगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है।लेकिन थाना रोड,स्टेशन रोड और विजय बाजार का रास्ता काफी खराब है उसे ठीक करवाना चाहिए था।तो ट्रैफिक व्यवस्था और ठीक होता।

इस बस पड़ाव का संचालन नगर परिषद नवादा के द्वारा किया जाना है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू और बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए आम जनों और सामाजिक कार्यकताओं आदि से विचार विमर्श के उपरांत नई व्यवस्था की गई है।

क्या हुआ बदलाव

- गढ़पर-गोंदापुर-नारदीगंज सड़क पर दो पहिया और तीन पहिया वाहनों का ही परिचालन होगा। चार पहिया वाहन का परिचालन पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा । एनएच 31 नया नाम 20 से नवादा शहर में चार पहिया वाहन प्रवेश नहीं करेगा। यह वाहन सद्भावना चौक से नवादा शहर में प्रवेश करेगा ।
- गोनामा जैन धर्मशाला सड़क से काली मंदिर रोड में परिचालन टू वे रहेगा, किंतु ट्रैक्टर व बड़ी वाहन का परिचालन वर्जित रहेगा। बड़ी वाहन सूरज पेट्रोल पंप के पास से शहर में प्रवेश करेगा।
-विजय बाजार-कलाली रोड पर सिर्फ वन वे परिचालन होगा। वाहन प्रजातंत्र चौक से प्रवेश करेगा जो कलाली रोड, बड़ी दरगाह होते हुए गया रोड में जाएगा।
- रजौली बस स्टैंड से प्रजातंत्र चौक तक सिर्फ वन वे परिचालन होगा।
- सोनार पट्टी रोड में भी वनवे लागू रहेगा, वाहन पंपूकल होते हुए मेन रोड मंगल चौक के पास प्रवेश करेगा।
- पोस्टमार्टम रोड में इंदिरा चौक की तरफ से चार पहिया वाहन का परिचालन प्रतिबंधित होगा। चार पहिया वाहन प्रसाद बीघा, प्रजातंत्र चौक होते हुए अस्पताल रोड में प्रवेश करेगा।
- भारी वाहन का नवादा नगर परिषद क्षेत्र के अंदर 8:00 बजे सुबह से 9:30 बजे रत तक के प्रवेश वर्जित रहेगा। परिस्थितियों को देखते हुए इसमे फेर बदल संभावित है।

नगर को प्लास्टिक थैला मुक्त बनाने को ले नगर कर्मियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

सरकारी आदेश नहीं मानने वालों से वसूला जाएगो जुमार्ना

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-कम माइक्रोन के पॉली बैग के प्रयोग से दूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने व लोगो जागरूक बनाने के तहत सरकार के आदेशानुसार प्लास्टिक थैला, बैग आदि प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए नगर पंचायत के अधिकारियों, वार्ड सदस्य व आजीविका के सदस्यों के द्वारा सोमवार को वारिसलीगंज बाजार के सड़कों पर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली का नेतृत्व कर रहे नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि पूर्ण रूप से प्लास्टिक के थैले आदि प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिसे शत प्रतिशत जमीन पर उतारने के लिए लोगों में पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने के लिए लोगों को पहले जागरूक किया जा रहा है। बताया कि प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए धावा दल का निर्माण किया गया है जो काम करना शुरू कर दिया है। सरकार के प्लास्टिक बंद करने के आदेश के बाद भी जो व्यापारी या आम लोग प्लास्टिक थैली का प्रयोग करना बंद नहीं करेंगे। उनसे प्लास्टिक उपयोग करने के जुर्म में जुमार्ना वसूला जाएगा।

मौके पर नगर जेई अरुण कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य संजय कुमार, सानू कुमार, उदय सिंह, विकास कुमार ,गोरे कुमार , संजय कुमार व अन्य शामिल थे।

-प्लास्टिक व थमोकौल के दर्जनों सामान प्रतिबंधितः-

नप के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया गया कि थमाकौल से बना थाली, कप, प्लेट, सहित थमाकौल से बना सजावटी सामग्री को भी प्रतिबंधित किया गया है। प्लास्टिक का गिलास, कांटा, चम्मच, चाकू, प्लास्टिक का 100 माइक्रोन से कम का बैनर, पोस्टर, प्लास्टिक के झंडे, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण कार्ड अगर प्लास्टिक का हो तब, सिगरेट के पैकेट में लगा प्लास्टिक, कान साफ करने के उपयोग में आने वाला प्लास्टिक की कांटी, आइसक्रीम तथा नारियल पानी पीने के उपयोग में आने वाला पाइप ,कांटी आदि प्रतिबंधित है। प्रतिबंध के बावजूद उपयोग करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

काव्य मंजरी में बरसे काव्य फुहार, सभी हुए निहाल 19 कवियों की भागीदारी से पटल रहा भावविभोर

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-अलंगों आरियों पगडंडियों सा गांव का लड़का... कह कर उसके नहीं रूकने वाले कदमों पर बलिहारी जाते राष्ट्रीय कवि संजीव कुमार मुकेश ने काव्य मंजरी के पटल को खूब आनंदित किया। रविवार की देर शाम काव्य मंजरी 0.5 में बिन सावन के ही काव्य फुहारें बरसी और इसे विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार मुकेश की कविता चांद फिर से आना देश... तथा व्यंग्य ई ससुरी चाय, बड़ी बलाय... ने यादगार बना दिया। काव्य मंजरी को तब दोबारा ऊंचाई मिली जब विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शायर दानिश मोहम्मद खान ने वह एक शॉल थी, जिसका नाम आशिकी था...गजल से एक अलग मयार पर पटल को रख सबका मन मोह लिया। उनकी शेर-ओ-शायरी पर सब वाह-वाह कर उठे। राष्ट्रीय कवियों ने सभी कवियों की खूब हौसलअफजाई की और सबमें ऊर्जा भरी।

काव्य गोष्ठी के संयोजक सह समीक्षक राजेश मंझवेकर ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष गौतम कुमार सरगम द्वारा कहानी पर परिचर्चा से हुई। कवि नागेंद्र उपाध्याय ने हमारा काव्य मंजरी परिवार... गा कर खूब समां बांधा। शायर नादाँ रूपौवी ने चलो ख्वाजा के द्वार चलें गीत से बकरीद की शुभकामनाएं दी। नितेश कपूर ने नेताओं पर करारी चोट की। अमित कुमार अमित ने अब शहीदी दो मुझे से देशधर्म का बोध कराया। कवयित्री खुशबू ने मेरी कोई गलती नहीं थी... कविता से अपने दिवंगत भाई को भावनापूरित श्रद्धांजलि दी। गमगीन हो सकल पटल इसमें शरीक हुआ। कन्हैया जी ने मजदूरों की व्यथा सुनाई। शायर रेजा तस्लीम ने तुम जो कह दो अगर मैं जहां छोड़ दूं... गजल से खूब वाहवाही बटोरी। कवयित्री शीतल जेना ने खुद की तलाश और कलंक कविता से प्रभाव छोड़ा। कवि गौतम कुमार सरगम ने मगही गीत के जरिए बारिश की मनुहार की। सुरेंद्र कुमार सिद्धार्थ ने चाय पर चर्चा की। दयानंद गुप्ता ने भ्रूण हत्या पर मार्मिक प्रस्तुति दी। कवि शशि कुमार आंसू ने तू परेशान न हो... कविता से सावधानी भरी राह बतायी तो डॉ.शैलेंद्र कुमार प्रसून ने अपनी मगही पैरोडी से सबको हंसाया। कार्यक्रम संचालक कवि प्रभाकर प्रभू ने अपनी नज्म सुनो ना... से अपने आप को देखने की गुजारिश कर छाप छोड़ी। कवि राजेश मंझवेकर ने मगही गीत हमर गांव के आरी, मनहारी... पर सबको झूमाया और फिर काव्य प्रस्तुतियों की समीक्षा की। गौतम कुमार सरगम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

गांव में पानी की दिक्कत लेयर गई काफी नीचे किसान परेशान

दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

वंशी (अरवल)सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड के पहड़पुरा गांव में पानी का लेयर काफी नीचे जाने से पेयजल की संकट स्थिति बनी हुई है. ग्रामीण समाजसेवी उमेश शर्मा सुरेंद्र शर्मा धनंजय शर्मा सतीश शर्मा सुरेंद्र शर्मा राजेश राम करीमन राम श्री राम समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की समस्याओ से ग्रामीण लगातार जुझ रहे है .उमेश शर्मा ने बताया कि गांव में नब्बे प्रतिशत चापाकल सुख गया है. पानी का लेयर काफी नीचे जाने से किसानों के समक्ष खेत पटवन एवं धान की रोपण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है .सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का पानी का घर घर पहुचाने में लाखों रुपए खर्च किया. लेकिन गांव में नल का पानी घर घर नही पहुँचती. नलजल योजना में धोर भ्रष्टाचार के शिकार के कारण गुणवत्तापूर्ण निर्माण नही होने से कम दिनों में ही पाइप फट गया है. पीने की पानी को लेकर ग्रामीण इधर उधर भटकते रहते हैं. पानी की गम्भीर समस्या को लेकर लाखो रुपये की लागत से बना पानी टँकी मात्र गांव की शोभा बनी हुई है. ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर कोई बात सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड में जिम में पदाधिकारी से नल जल चालू करवाने को मांग किया ताकि भीषण गर्मी में लोगों को प्यास बुझ सके लेकिन विभागीय पदाधिकारियों का उदासीन रवैया के कारण गांव में नल जल योजना पूर्ण रूप से बंद पड़ी है जिसके कारण गांव में बराबर तू तू मैं मैं होती रहती है पानी की किल्लत से सबसे बड़ी परेशानी मवेशियों में भी देखी जा रही है ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गांव में नल जल योजना चालू करने को मांग किया है लेकिन धरातल पर वह अपने सरकारी तलाब को भी अतिक्रमण मुक्त नही करा सकी. गांव के नजदीक जितने भी आहर पोखर थे सभी अतिक्रमण के शिकार है. इनका अस्तित्व भी समाप्त हो गया है. जिला प्रशासन से मांग करते है कि जल्द से जल्द इस समस्या का

स्थाई निदान किया जा सके.क्योकि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण कृषि और पशुपालन का भी कार्य किया जाता है.पोखर अहार पइन सुखी पड़ी है. पोखर में पानी नही होने से मवेशियों की काफी परेशानी है.

बंद पड़े हैं चापाकल

ग्रामीण समाजसेवी उमेश शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से गांव में कई चापाकल लगाए गए लेकिन आज तक सभी चापाकल बंद पड़े हैं. चापाकल मरम्मत को लेकर कई बार विभागीय पदाधिकारी से गुहार लगाई गई. लेकिन आज तक गांव में चापाकल की मरम्मत नहीं करवाई गई .जिसके कारण आज भी गांव में दर्जनों सरकारी चापाकल बंद पड़े हैं.

निपुण भारत मिशन कि समीझात्मक बैठक डीडीसी की अध्यक्षता में हुई।

नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा) समाज जागरण

नवादाः-उदिता सिंह जिलाधिकारी के निदेश के आलोक में आज समाहरणालय के सभागार में मो0 नैय्यर एकबाल उप विकास आयुक्त, नवादा के अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन की समीक्षात्मक बैठक हुई। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर सभी बच्चों के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने के लिए सक्षम वातावरण बनाना है। इसके तहत भारत सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन की शुरूआत की गई है। इसके तहत लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि वर्ष 2026-27 तक कक्षा 03 में नामांकित सभी बच्चे कक्षा 03 के लिए निश्चित पढ़ने, लिखने, समझने और अंक गणित की दक्षता प्राप्त कर ले। निपुण भारत मिशन की सफलता के लिए जिलों, प्रखंडों और ग्राम पंचायतों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए नवम्बर 2022 तक जिला मिशन की गठन करने के लिए सभी जिले के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस मिशन की सफलता के लिए प्रत्येक प्रखंड से एक-एक मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण पटना में दिया गया है जो अपने प्रखंडों में आकर बीआरसी के माध्यम से पंचायत स्तर तक सभी प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। सितम्बर 2022 के प्रथम सप्ताह से निपुण भारत मिशन की शुभारम्भ की जायेगी। निपुण भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों को सीखने की गति और क्षमता को गति प्रदान करना है, जो बाद के जीवन लक्ष्यों और रोजगार के अवसर पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इस मिशन में बीआरसी की मुख्य भूमिका है। बुनियादी षिक्षा के लिए नई शैक्षणिक प्रवृतियों को अपनाने में शिक्षकों की सहायता करना। उभरते शैक्षणिक मुद्दों और विद्यालय के विकास से संबंधित नियमित रूप से स्कूलों का दौरा करना। इसमें विद्यालय की भूमिका-धीमी गति से सीखने वालों बच्चों की पहचान करना और उन्हें वैकल्पिक शिक्षण पद्धति से पढ़ाना। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करना और बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। इस मिशन में शिक्षक मुख्य चालक होंगे जो केवल कक्षा के भीतर ही उनकी भूमिका सिमित नहीं होगी बल्कि बाहर भी होगी। राज्य परियोजना सलाहकार उदित अग्रवाल एवं अभिषेक सिंह चैहान के द्वारा आज पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से निपुण भारत मिशन के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि मिशन की सफलता के लिए जिला स्तर के विभिन्न विभागों में बेहतर अभिसरण होना आवश्यक है। जैसेः- स्वास्थ्य विभाग के साथ बच्चों को नियमित स्वास्थ्य परिक्षण

और बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाना, पंचायती राज के साथ विद्यालय के लिए मूलभूत, आधारभूत संसाधनों और सुविधाओं को प्राप्त करना, समाज कल्याण- ऑगनबाड़ी का विद्यालयों के साथ एकीकरण का प्रयास करना है। आज इस समीक्षात्मक बैठक में निर्मला कुमारी सिविल सर्जन नवादा, श्री वीरेन्द्र कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी, सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, गुणवत्ता शिक्षा समन्वयक उदय शंकर, पंचम दांगी जीविका प्रबंधक, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

नप ने पॉलिथीन बैग उपयोग करने वाले के विरुद्ध किया छापेमारी,तेरह केजी थैला जब्त, वसूला गया जुमार्ना

वारिसलीगंजः-पर्यावरण सहित मनुष्य व जीव जंतुओं पर प्लास्टिक का पड़ रहे दुष्प्रभावों को देखते हुए सरकार ने प्लास्टिक से निर्मित हर प्रकार के कम माइक्रो के थैला आदि पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद दुकानदार पॉलिथीन बैग का बिना रोक-टोक धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। उच्च अधिकारियों से प्राप्त आदेश बाद सोमवार को नगर के अधिकारियों की टीम द्वारा पॉलिथीन बैग का उपयोग करने वाले बाजार के दुकानदारों की दुकानों में छापेमारी कर उपयोग में लाया जाने वाला पॉलिथीन जब्त किया गया। इस दौरान आरोपी दुकानदार से जुमार्ना वसूल किया गया। नप के कार्यपालक अधिकारी उपेंद्र प्रसाद सिन्हा, जेई अरुण कुमार के नेतृत्व में नगर के कर्मियों के द्वारा बाजार के करीब दो दर्जन से अधिक दुकानों पर छापेमारी

की गई। जिसमें 12 किलो 500 ग्राम पॉलिथीन थैला दुकानों से जब्त किया गया। वही रोक के बाद भी प्लास्टिक थैले का उपयोग कर रहे इन दुकानदारों से जुमार्ना वसूल कर आगे प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया। प्लास्टिक बैग का उपयोग करने वाले दुकानदारों के यहां छापेमारी की खबर लगते ही बाजार के सब्जी विक्रेता व अन्य दुकानदार में हड़कंप मच गया और दुकान में रखा पॉलिथीन बैग छुपाते देखे गए। दो बर्ष पहले भी अधिकारियों के द्वारा पॉलिथीन बैग का उपयोग करने वाले दुकानदारों और आम लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। बावजूद बाजार में पॉलिथीन बैग का उपयोग धड़ल्ले से जारी रहा। अब जब एक जुलाई 2022 से पॉलिथीन बैग को पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया गया है। बावजूद बाजार में पॉलिथीन का उपयोग धड़ल्ले से जारी है।

दो दिवसीय अखंड सह देवी पूजन कार्यक्रम को ले कलशयात्रा आयोजिते

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के हाजीपुर पंचायत की भलुआ गांव स्थिते प्राचीन देवी मंदिर के समीप दो दिवसीय देवी एवं शिव पूजन अखंड का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार की अल सुबह गांव की सैकड़ो महिलाओं एवं बच्चियों ने नए नए परिधानों में सज धज कर अपने माथे पर कलश धारण कर पैदल सम्पूर्ण गांव की गलियों का भ्रमण करते व राम नामा भजन कीर्तन गाते हुए महिलाओं व पुरुषों का जत्था बाघी बरडीहा मोड़ होकर कादिरगंज के पास सकरी नदी घाट से जल भराई की रश्म पूरी कर पुनः उसी रास्ते हर हर महादेव, जय माता दी का जयघोष करते गांव स्थित देवी मंदिर अखंड स्थल पर पहुँची। ग्राम वासियों के स्वस्थ जीवन पर इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के मुख्य यजमाने सचिन सपरिवार थे। पूजा पद्धति की संपूर्ण रस्म आचार्य गुड्डु पांडेय के द्वारा

मंत्रोच्चारण से करवाई गई। इन सभी विद्वानों ने बताया कि अखंड कीर्तन के ध्वनि जहां तक पहुंचती है वहां तक को वातावरण शुद्ध हो जाता है। अखंड के दौरान जलाया गया हवन, अगरबत्तियों, हुमाद एवं अन्य सुगंधित पदार्थो का धुंए से वायुमंडल में विद्यमान सभी प्रकार के हानिकारक वायरस खत्म हो जाते हैं। विश्व को कोरोना जैसी महामारियों से बचाने के लिए प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त के समय हवन पूजन करने का बहुत ही महत्व बताया है।

इस अवसर पर हाजीपुर पंचायत की मुखिया आशो देवी, मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार, बौधा चौधरी,आशुतोष सरदार, बंटी कुमार, दामोदर प्रसाद, विशेश्वर प्रसाद, कौशलेंद्र प्रसाद,अजीत कुमार हरिश्चंद्र प्रसाद बिंदेश्वरी प्रसाद सागर राम भूषण राम अनिल राम सहित सैकड़ों ग्रामीणे सहित अनेक भक्तगण भी उपस्थित रहे।

शहर के सभी 53 वार्डो में जनसेवा केंद्र स्थापित करेगा गया महानगर विकास संघर्ष समिति

दैनिक समाज जागरण गया व्यूरो गजेन्द्र कुमार

गया महानगर विकास संघर्ष समिति अति प्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान रखने वाले गया शहर के जन समस्याओं के निदान एवम् चौहमूखी विकास हेतु विगत कई वर्षो से संघर्षरत है।

गया महानगर विकास संघर्ष समिति के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू, संरक्षक मंडल के सदस्यों में श्री रंजीत सिंह उर्फ रंग बाबू पूर्व सांसद, मो खान अली पूर्व विधायक, शिव चरण डालमिया, प्रो दीनानाथ, डा मदन कुमार सिन्हा, राम नरेश सिंह पायोद, राजेश अग्रवाल, प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंटू आदि ने कहा की गया नगर निगम के कार्यकाल की समाप्ति तथा मेयर एवम् डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता के द्वारा होने के चलते संघर्ष समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है की गया शहर के सभी 53 वार्डो में" जनसेवा केंद्र " स्थापित कर जनता के मूलभूत सुविधाओं, समयाओ तथा उस वार्ड के समुचित विकास हेतु नियमित कार्य करेगी।

नेताओ ने कहा जनसुविधा केंद्र जनसमस्याओं, सुविधाओं, चौहमीखी विकास के साथ, साथ प्रत्येक वार्ड में हुए विकास सहित अन्य कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार को सूचना के अधिकार के तहत उजागर भी करेगी।

नेताओ ने कहा की गया नगर निगम के नवंबर माह में होने वाली संभावित चुनाव को देखते हुए गया महानगर विकास संघर्ष समिति के सभी 53 वार्डो के संयोजक को विशेष जिम्मेवारी के साथ घर, घर में सर्वे कर सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आय, आवासीय, जाति, सहित सभी प्रमाण पत्र, शिक्षा ,स्वास्थ, सरकारी सुविधा, जनवितरण, शहरी आवास, शौचालय आदि की अध्यन स्थिति की जायजा लेना सुनिश्चित करना है।

नेताओ ने कहा की गया शहर को देश के स्मार्ट शहरो की सूची में शामिल कराने, विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित कराने, सीताकुंड के महत्व को देखते हुए गया को रामायण सर्किट से जोड़ने, गया संक्रमण अस्पताल के पांच एकड़ जमीन में वर्षो से घोषित पितृपक्ष यात्रियों हेतु वृहद यात्री निवास का निर्माण करने, फल्गु नदी के पूर्वी एवम् पश्चिमी छोर पर दोनो ओर तटबंध एवम् सड़क का निर्माण करने, गया शहर के फुटपाथ दुकानदारों के लिए चयनित स्थल पर सिफ्ट कराने, जयप्रकाश एवम् प्रभावती अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा, सभी वार्डो में मोहल्ला क्लीनिक आदि सभी कार्यों को अविलंब पूरा कराने हेतु चरणबद्ध आंदोलन भी शुरू किया जाएगा।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 10

विवाहित की हत्या मामले में अभियुक्त तीन वर्षों से पुलिस पकड़ से बाहर क्यों? आखिर पुलिस करती हैं क्या है? एफ आई आर दर्ज करने के बाद?

दैनिक समाज जागरण गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

बिवाहित की हत्या मामले में कार्रवाई नहीं मामला बीते वर्ष 2019 का है जिसका एफ०आई०आर 195/2019 धारा 302/304इ/ 201/34 भा०दा० वी दर्ज है संगीन धाराओं में क्यों नहीं करती हैं कारवाई? मृतक बहन के भाई का कहना है कि मेरा बहनोई मेरी बहन नीलम कुमारी को दहेज के लिए अक्सर प्रताड़ित करता रहता था इसकी सूचना मुझे टेलिफोनिक मिलते रहती थी लेकिन एक दिन घटना में तब्दील हो गई जब इस तरह की सूचना मुझे मिली तो मैं बहनोई के घर जाकर देखा वह मेरी बहन का कहीं अता पता नहीं चल रहा था तभी मैं स्थानीय

थाना पंचानपुर में सूचना दिया और एफ०आई०आर दर्ज कराते हुए कार्रवाई के लिए आग्रह किया लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी एफ९ आई ०आर नंबर कागज पर ही देखने को मिल रही है लेकिन आज तक किसी भी तरह का थाना के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किया गया है जिससे मेरी मां आस लगाए हुए न्याय का इंतजार में बैठी है और थाना के अधिकारी कान में तेल डालकर घोर निंद्रा में डूबे है कब तक होता रहेगा विवाहित की हत्या? कौन दिलाएगा न्याय ? कब तक मिलेगा न्याय?कैसे होंगे कार्रवाई

नए प्रखण्ड पंचायतीराज पदाधिकारी शशिकांत वर्मा ने संभाला कार्यभार

दैनिक समाज जागरण

सिरदला नवादा प्रखण्ड के नव पदस्थापित प्रखण्ड पंचायतीराज पदाधिकारी शशिकांत वर्मा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। पद संभालते ही उन्होंने पंचायत हित को सर्वोपरि बताते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प दोहराया है। साथ ही कहा मेरी प्राथमिकता सिरदला प्रखंड के पन्द्रह पंचायत में चल रहे चौदह योजना तथा पन्द्रवीं वित्त योजनायो की सही ठग से कार्य करेंगे। जिले में नंबर वन बनाए रखना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रखण्ड के सभी पंचायतो के हित में चलने वाली सभी योजनाओं में तेजी लाई जाएगी।मैके पर लेखपाल प्राची वर्णवाल, कम्प्यूटर ओपरेटर विकाश कुमार, मुखिया रामलखन सिंह,मुखिया लखिनरायन साव, मौजूद थे।

महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण

सिरदला नवादा :-थाना क्षेत्र के लौंद बाजार से सटे चमोथा मोहल्ले में सिरदला पुलिस ने छापेमारी कर पांच लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान थाना क्षेत्र के चमोथा निवासी राजेन्द्र चौधरी के रूप के की गयी है। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आशिष कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चमोथा में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान एक घर से पांच लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज राजेन्द्र चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज के खिलाफ शराब अधिनियम व संसोधन 2016 के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पंच सदस्य के निधन पर जताई संवेदना

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां प्रखंड के ज्यूरी पंचायत के सिमरिया गांव निवासी किरानी सिंह की धर्मपत्नी व वार्ड संख्या-2 के पंच सदस्या रंजू देवी का निधन हो गया। रविवार को अचानक हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें सदर अस्पताल नवादा ले जाया गया था। नवादा से उन्हें विम्स पावापुरी रेफर किया गया था, जहां देर शाम उनका निधन हो गया।

उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। ज्यूरी पंचायत के सरपंच सेंपू देवी, सरपंच प्रतिनिधि रवीश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, सुनील सिंह के अलावे धमौल सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा, पकरीबरावां दक्षिणी के सरपंच प्रतिनिधि नेयाज अख्तर, पवन श्रीवास्तव सहित अन्य ने निधन पर गहरी संवेदना जताई है। पंच- सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष दरख्शां इरम, उपाध्यक्ष टिंकू कुमार, धेवधा सरपंच दामोदर पासवान आदि ने भी निधन पर दुख जताया है।

युवक की गोली मारकर की गई हत्या

समाज जागरण लखीसराय

लखीसराय

जिले के नक्सल प्रभावित गांव कजरा थाना क्षेत्र के मझियावां में रविवार की रात एक युवक की कनपटी पर गोली मारकर अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर दी गई तथा इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक अमित सिन्हा अपने घर के

नजदीक ही फोन पर अपने परिजनों से बात कर रहा था तथा इसी दौरान बाइक सवार हथियार से लैस हमलावरों ने नजदीक से कनपटी पर गोली मार दी जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई युवक की मौत से गांव में अफरा-तफरी का माहौल सा हो गया जबकि स्थानीय कजरा पुलिस सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई जबकि इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक अमित सिन्हा के माता-पिता लखीसराय शहर के धर्म रायचक मोहल्ले में रहते हैं तथा युवक की मौत मामले में लखीसराय एसपी सैयद इमरान मसूद ने जानकारी देते हुए बताया गया कि युवक की मौत मामले में मृतक के परिजनों के द्वारा आवेदन दिया गया है तथा दिए गए आवेदन में नामजद अभियुक्त को कजरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि उक्त घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं मृतक युवक प्रॉपर्टी डीलिंग का भी कार्य करता था एवं साथ ही लड़की संबंधित विवाद भी हुआ था पुलिस हर पहलू पर गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है बाहर हाल इसका खुलासा तो पुलिसिया अनुसंधान के बाद ही सामने आ पाएगा लेकिन हत्या को लेकर कजरा थाना क्षेत्र में एक अलग सा माहौल देखा जा रहा है स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है

76 वर्षीय वृद्ध 2 दिनों से लापता परिजनों में छाई बेचैनी

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोरलपुर गांव निवासी बबलू मेहता ने अपने पिता भगत महतो के लापता होने को लेकर उनके

परिजन काफी चिंतित वह परेशान हैं इस संदर्भ में उनके पुत्र बबलू मेहता ने जानकारी देते हुए बताया गया कि कि बीते 9 जुलाई को घरेलू सामान की खरीदारी हेतु सूर्यगढ़ा बाजार सामान खरीदने गए थे तथा तब से लेकर अभी तक लापता है तथा उनके लापता होने को लेकर अपने सभी सगे संबंधी के यहां खोजबीन किए जाने के बाद स्थानीय मानिकपुर थाने में भी गुमशुदगी को लेकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई है उनके लापता होने से उनके परिजन बेहद चिंतित हैं थक हार कर मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई गई है

लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाये सत्येन्द्र रंजन।

समाज जागरण

जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि विकसित बिहार , सुन्दर बिहार सोच के साथ लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को सभी कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाने के काम में लग जाय । बिहार में विधि व्यवस्था , भ्रष्टाचार , अपराध , लूटपाट की घटनाओं को पूरी तरह से समाप्त करना बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन की पहली प्राथमिकता है । प्रदेश में रोजगार सृजन के अवसर प्रदान करना , पलायन को रोकना , बेहतर शिक्षा , बेहतर

स्वास्थ्य व्यवस्था बनाना , बिजली , सिचाई , सड़क को समुचित व्यवस्था करना , नये उधोग लगाना , पयर्टन के क्षेत्रों मे काम करना , किसान , छात्र , नौजवान , मजदूर एवं समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को सम्पूर्ण विकास के लिए बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन में शामिल है । सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को आमलोग पंसद कर आशाभरी निगाहों से सांसद चिराग पासवान को भविष्य के मुख्यमंत्री के रूप में लोग देख रहे है ।

भाजपा गया के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा की अध्यक्षता में बोधगया बुद्धा बी.आई. टी. में संपन्न हुआ.

दैनिक समाज जागरण गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

उक्त बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और कैलाशपति मिश्रा के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् से हुआ.

यह बैठक 14,15 और 16 जूलाई को बोधगयाके बुद्धा बी.आई. टी. में भाजपा बिहार प्रदेश के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के तैयारी के संबंध में था. प्रशिक्षण शिविर में लगभग 322 प्रमुख कार्यकताओं का प्रशिक्षण होना तय हुआ है. बिहार भाजपा संगठानिक दृष्टिकोण से 45 जिला है और बिहार के सभी जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, और प्रदेश प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक इसमें शामिल होगें,

उक्त बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भीखु भाई दल सानिया ने कहा कि भाजपा की स्थापना अप्रैल 1980 में हुआ था और पच्चीस वर्ष 2005 में पूरा हुआ था, 2005 में मुबंई अधिवेशन में एक लोगो जारी किया गया था, लोगो में सशक्त भाजपा सशक्त भारत का नारा दिया गया था. भाजपा की सरकार 1998 से 2004 तक केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी थी तब भारत की विकास दर सबसे अधिक था, प्रतिदिन 14 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हो रहा था और जब यूपीए की सरकार 2004 से 2014 तक रही तब भारत का विकास दर तो कम हुआ ही, राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करीब 2.5 किलोमीटर प्रति दिन हो गया था.और जब भारत में भाजपा की सरकार नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में काम कर रही है तब प्रतिदिन 30 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण हो रहा है. यह सशक्त भाजपा के कारण ही भारत आज सशक्त हो रहा है. भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र वाद, सांस्कृतिक विचार धारा की पार्टी है, जबकि विरोधी पार्टी परिवार वाद, जातिवाद पर आधारित है, इन सब पार्टियों खाओ, और खाने दो की तर्ज. पर काम करती जबकि भाजपा सांसकृतिक राष्ट्र वाद पर काम करती है.

उक्त बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय क्षा, पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डा प्रेम कुमार, औरंगाबाद

सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व सांसद हरी मांझी, पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा, प्रदेश मंत्री अजय कुमार यादव, पूर्व विधायक सह प्रशिक्षण शिविर के संयोजक सुचिन्द्र कुमार शर्मा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष श्यामा सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार, अनिल स्वामी,तथा जिला के प्रमुख कार्यकता उपस्थित थे. युगेश कुमार भाजपा जिला मिडिया प्रभारी गया.

धान के खेतों में फटी दरारें को देखकर चिंतित किसान।

दैनिक समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-प्रखंडक्षेत्र के किसान सुखाड़ की आशंका से डरने लगे हैं।ऐसा वर्षा नहीं होने के कारण हो रहा है। हालत यह है कि भीषण गर्मी से पृथ्वी तप्त हो रही है, नदियां सुखी पड़ी हुई है। आसमान से आग के गोले गिर रहें है।पुनर्वश नक्षत्र भी छः दिन बीत गया है।लेकिन भगवान इंद्र का नजर अभी भी किसान भाइयों के तरफ नहीं खुला है।इस समय तक सभी किसान अपने खेतों में धान के रोपनी कार्य में लगे रहते थे।लेकिन इस वर्ष प्रकृति के मार के सामने सब बेबस नजर आ रहे हैं।वर्षा का नहीं होना और भीषण गर्मी के कारण किसान खेत के तरफ जाना भी मुनासिब नहीं समझ रहा है।भीषण गर्मी के कारण धान का बिचड़ा भी सुखना शुरू हो गया है। खेतों में भी दरार पड़ने लगा है।किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई पड़ रहा है।यदि एक सप्ताह तक वर्षा नहीं होता है तो अधिकांश धान का बिचड़ा रोपाई से पहले पूर्णरूपेण सुख जायेगा।वर्षा हो इसके लिए कई गांवों में अखंड कीर्तन व पूजा पाठ भी किया जा रहा है,ताकि इंद्र भगवान खुश हों और वर्षा होना शुरू हो जाय।लेकिन हालत फिलहाल वही बनी हुई है। रोहणी नक्षत्र में वर्षा हुआ था।तब किसानों में उत्साह देखा गया था।उस समय सबको लगा था कि इस साल वर्षा अच्छा होगा और धान का फसल भी अधिक उत्पादन होगा।लेकिन, आद्रा और पुनर्वश नक्षत्र में वर्षा नहीं होने से सभी किसान मायूस दिखने लगे हैं।वर्षों के अभाव में खेतों में

दरार पड़ना भी शुरू हो गया है।किसान अनिल सिंह,जयराम सिंह,रविंद्र सिंह ने बताया कि मक्का,अरहर और सब्जी का फसल नहीं लगा है,जिससे किसानों को अपूरणीय क्षति हुई है।कहा गया ऐसे में किसानों का आर्थिक रीढ़ भी टूट गया है।इस समय सभी किसानों के खेत में सब्जी,मक्का,अरहर का फसल लहलहाता था,लेकिन वर्षा नहीं होने के कारण नहीं लग सका।जिससे किसानों को सालोंभर सब्जी और दाल थाली से गायब रहेगा।डीजल तेल का कीमत जब कम रहता था, तो लोग पटवन करके भी खेती कर लेते थे।लेकिन अब किसानों में डीजल चलाकर खेती करने का हिम्मत नहीं है।प्रखंड में बिजली का स्थिति भी ठीक नहीं है।इन दिनों बिजली रानी भी किसानों से रूठ गई है।किसानों को छिटपुट बिजली मिलने से कृषि कार्य संभव नहीं दीख रहा है।ऐसे हालात में अकाल होने की सम्भावना बनी हुई है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर पकरीबरावां में निकाली गई जन जागरूकता रैली

दैनिक समाज जागरण

पकरीबरावां(नवादा) विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन पखवाड़ा की सफलता को लेकर सोमवार को पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय में जन जागरूकता रैली निकाली गई। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, जीविका, आंगनबाड़ी एवं सरकारी विद्यालय के सहयोग से रैली निकाली गई। रैली को नवादा की सिविल सर्जन डॉ. निर्मला कुमारी, एसीएमओ डॉ. बी पी सिन्हा एवं प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इससे पहले परिवार नियोजन पखवाड़ा का सीएस एवं एसीएमओ द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जन जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय से निकलकर पकरीबरावां बाजार होते हुए जीविका कार्यालय के पास संपन्न हुई। रैली में हाथों में तख्तियां लेकर शामिल तमाम लोगों द्वारा परिवार नियोजन संबंधित नारे लगाए गए। परिवार नियोजन का अपना उपाय, लिखो तरक्की का नया अध्याय; सुखी हो परिवार स्वस्थ हो नारी, जब पुरुष की हो भागीदारी; एक सार्थक कल की शुरूआत, परिवार नियोजन के साथ छोटा परिवार उन्नति का आधार; छोटा परिवार खुशियों का आधार आदि नारे लगा कर इस रैली के माध्यम से जन समुदाय को जागरूक किया गया। रैली के समापन के मौके पर सिविल सर्जन डॉ. निर्मला कुमारी, एसीएमओ डॉ. बी पी सिन्हा, बीडीओ नीरज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी आदि के द्वारा जन समुदाय

को संबोधित किया गया। समुदाय को पदाधिकारियों के द्वारा छोटे परिवार के महत्व को बताया गया एवं कहा गया कि हम जनसंख्या को नियंत्रित कर देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। परिवार नियोजन पखवाड़ा में लोग परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों का लाभ ले सकते हैं। सिविल सर्जन ने जागरूकता रैली के आयोजन के लिए पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को भी धन्यवाद कहा। इस मौके पर पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार, प्रखंड प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडेय, स्वास्थ्य प्रबंधक विश्वजीत देवगन, अंचल कार्यालय के सुजीत सिन्हा के अलावे आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदियों सहित अन्य थे।

दूसरी ओर, प्रखंड के अन्य स्वास्थ्य उप केंद्रों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यूथ चैंपियन प्रीति कुमारी के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने कबला में विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली निकालकर जनजागरण किया गया। हाथों में तख्तियां के साथ निकाली रैली के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जागरूक किया गया। लोगों से परिवार नियोजन पखवाड़ा को सफल बनाने की भी अपील की गई।

आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

कुर्था (अरवल):- कुर्था प्रखंड क्षेत्र के कुर्था- करपी रोड में स्थित आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2021-2022 का रिजल्ट जारी होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान, विद्यालय, परिवार सहित जिला का भी नाम रोशन किया। आर्यभट्ट संस्थान के निर्देशक अमरजीत कुमार उर्फ पिंटू सर ने बताया कि इस बार नवोदय की प्रवेश परीक्षा में कोचिंग संस्थान से दो विद्यार्थी सफल रहे हैं जबकि पिछले वर्ष मेधा छात्रवृति में 16 में 14 विद्यार्थियों ने परचम लहराया था। नवोदय में सफल विद्यार्थियों में न्यू मुबारकपुर निवासी कंचन कुमार के पुत्र हर्ष कुमार रौल नंबर 1366674 जो राजकीय मध्य विद्यालय कुर्था का छात्र है एवं दूसरी छात्रा महदीपुर गांव निवासी चंदन कुमार के पुत्री मंदाकिनी कुमारी रौल नंबर 1366674 जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनीपुर की छात्रा शामिल है। आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के निर्देशक में सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी शिक्षकगण के मार्गदर्शन में इन दोनों बच्चों का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2021-2022 में चयन हुआ है। इतना ही नहीं आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान पिछले कुछ वर्षों से नवोदय, सैनिक, मेधा छात्रवृति कई देश स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराया जा रहा है अब तक संस्थान से कई दर्जनों बच्चे सफल होकर अपना जीवन सवार चुके हैं। वहीं रविवार को संस्थान में सफल छात्र-छात्राओं को संस्थान प्रबंधन समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया ।



इस अवसर पर निर्देशक ने कहा कि सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत के साथ तैयारी करनी चाहिए उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और मेहनत से सफलता हासिल किया जा सकता है। अगर सच्चे मन से मेहनत किया जाए तो सफलता अवश्य कदम चूमती है क्योंकि कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती है। इस मौके पर आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के निर्देशक अमरजीत कुमार उर्फ पिंटू सर के अलावे शिक्षक संतोष कुमार, विवेक कुमार, सोनू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

जहानाबाद : विश्व जनसंख्या दिवसह्लह्ल के अवसर पर सदर अस्पताल में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर का सिविल सर्जन ने किया उद्घाटन

समाज जागरण (बरुण कुमार)

जहानाबाद : विश्व जनसंख्या दिवसह्लह्ल के अवसर पर जहानाबाद सदर अस्पताल में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डा० इन्द्रजीत प्रसाद द्वारा किया गया।

सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि आज ह्यह्यविश्व जनसंख्या दिवस" के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर का आयोजन दिनांक 11 से 31 जुलाई, 2022 तक सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी स्वास्थ्य संस्थानों में किया जा रहा है।

सिविल सर्जन ने बताया कि आप सदर अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शिविर में आज से 31 जुलाई तक जाकर विशेष जानकारी प्राप्त कर योजना का लाभ उठा सकते है।

उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के लिए गर्भनिरोधक एक प्रभावी तरीका है। यह सरल ऑपरेशन दक्ष शल्य चिकित्सक (सर्जन) द्वारा किया जाता है। पुरूष नसबंदी प्रपरेशन के आधे घंटे के बाद लाभार्थी घर जा सकते है। जबकि महिला बंध्याकरण ऑपरेशन के अगले दिन लाभार्थी घर जा सकती है तथा ऑपरेशन के दो दिनों के बाद से सामान्य कार्य एवं सात दिनों के बाद से भारी काम भी कर सकते है। यह सभी सुविधा सदर अस्पताल, रेफरल अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है।

सिविल सर्जन ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए आप अपने क्षेत्र की ए.एन.एम., आशा कार्यकत्ताओं, आँगनबाड़ी सेविकाओं, विकास मित्रों, जीविका दीदीयों अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते है।

सिविल सर्जन ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदान की जाने वाली निःशुल्क सेवाएँ एवं कार्य क्षतिपूर्ति/प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरूष नसबंदी के लाभार्थी को 3000/- रूपए एवं उत्प्रेरक को 400/- रूपए तथा महिला बंध्याकरण के लाभार्थी को 2000/- रूपए एवं उत्प्रेरक को 300/- रूपए जबकि प्रसव उपरांत बंध्याकरण के लिए 3000/- रूपए तथा उत्प्रेरक को 400/- रूपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। प्रसव के उपरांत कॉपर-टी अपनाने हेतु लाभार्थी को 300/- रूपए देय है, गर्भपात के उपरांत कॉपर-टी अपनाने हेतु लाभार्थी को 300/- रूपए देय है। साथ हीं गर्भनिरोधक सूई (अंतरा) अपनाने हेतु लाभार्थी प्रति सुई 100/- रूपए देय है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन साधनों के उपयोग हेतु परामर्श दिया जाता है। साथ ही दैनिक गर्भ निरोधक गोली (माला-एन), आपातकालीन (ईजी), साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली (छाया), कॉन्डोम (निरोध) को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। उक्त अवसर पर सिविल सर्जन के साथ-साथ अधीक्षक, सदर अस्पताल, डी.आर.यू. टीम लीड, केयर इंडिया, अस्पातल प्रबंधक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

अखंड कीर्तन को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा।

दैनिक समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः- अनावृष्टि को देखकर किसान व ग्रामीण चिंतित हैं, वर्षा नहीं होने से धान की रोपनी शुरू नहीं हुई है।अषाढ़ माह भी बीतने में मात्र दो दिन ही शेष रह गया है।आसमान में काले काले बादल छाये हुए है, धरती तप्त हो रही है। लेकिन भगवान इंद्रदेव की कृपादृष्टि नहीं हो पायी है, ऐसे में भगवान इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए 24 घंटे का अखंड कीर्तन गोतरायन गांव में सोमवार से श्रद्धाभाव के साथ शुरू हो गया है।ताकि अच्छी वर्षा हो,और खेतों में धान का पौधरोपण कर अच्छी उत्पादन किया जा सकें। कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित देवी मंदिर में किया गया है। ग्रामीणों ने अखंड कीर्तन को लेकर सुबह में कलशयात्रा निकाली। इसके पहले ग्रामीण व श्रद्धालुओं ने पूरे गांव की परिक्रमा किया। उसके बाद पुरोहित पंडित गजानन्द पांडेय, पंडित राजकुमार पांडेय के अलावा आयोजक मंडल के सदस्य शम्भू प्रसाद,शैलेन्द्र प्रसाद ,धनन्जय कुमार के अलावा अन्य ग्रामीणों के साथ सैकड़ों की तायदाद में महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर निकले,और गांव के निकट ढाढर नदी में विधिवत मंत्रोचारण कर जल भराई की । तदोपरांत कलश मंदिर परिसर में रखकर पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन शरू हो गया। श्रद्धालुओं ने तंयमता के साथ हरे रामा,हरे कृष्णा उद्घोष करने में लीन हो गये। जिससे सारा वातावरण भक्तिमय होते रहा। ग्रामीणों ने बताया मंगलवार को हवन पूजा व भंडारे के साथ कुंवारी कन्याओं को भोजन कराने के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन का समापन किया जायेगा।इस अवसर पर गांव में लहसुन, प्याज के अलावा मांसाहारी भोजन वर्जित रखा गया है।कहा गया कि भगवान इन्द्रदेव को प्रसन्न करने के साथ गांव,परिवार,समाज,राष्ट्र मे



सुख,समृद्धि, आरोग्यता की कामना के लिए अखंड कीर्तन श्रद्धा व उत्साह से किया गया है। मौके पर चमारी महतो,जगदेव महतो,जयराम प्रसाद,रामाशीष शर्मा,प्रमोद कुमार,आजाद कुमार,अरविंद कुमार, मनोज शर्मा,सुदामा पांडेय,मिथिलेश पांडेय,अजित पांडेय समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहें।

किऊल जीआरपी ने जांच के दौरान ट्रेन से देशी-विदेशी शराब किया बरामद

समाज जागरण लखीसराय

जिले के किऊल रेलवे स्टेशन पर किऊल जीआरपी पुलिस ने 131 55 मिथिलांचल एक्सप्रेस के जनरल बोगी में जांच के दौरान दो बैग से 180' का 188 बोतल देसी शराब और तीसरे बैग में जांच के दौरान 180' का ऑफिसर चॉइस लिखा हुआ 5130 विदेशी शराब बरामद किया गया है तथा जिसके आलोक में रेल थाना झाझा 101/ 22 के तहत मामला दर्ज किया गया है उक्त जानकारी रेल जीआरपी के डीएसपी मोहम्मद इमरान ने दी है

अग्निशमनकर्मी के द्वारा ग्रामीणों को किया जागरूक

समाज जागरण लखीसराय

जिले के सूर्यगढ़ा थाना में कार्यरत अग्निशमन कर्मी अविनाश कुमार एवं उनके सहयोगी के द्वारा सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मान उचक बिंद टोली में सोमवार को आस्था ने ग्रामीणों को आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया एवं साथ ही उपस्थित लोगों की मौजूदगी में आग से बचाव एवं सावधानी को लेकर स्थानीय ग्रामीण महिला एवं पुरुष और बच्चों के बीच आग से बचाव और सावधानी को लेकर पर्चा का वितरण किया गया लगातार अग्निशमन कर्मी के द्वारा आग से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है जिससे ग्रामीणों में काफी जागरूकता देखने को मिल पा रही है

प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की गई

समाज जागरण हलसी लखीसरायी

प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी , प्रखंड विकास पदाधिकारी विभु विवेक , अंचल अधिकारी विवेक कुमार , कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी उर्वरक डीलरो के साथ प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की गई जिसमे किसानों को उचित समय पे खाद मुहैया कराने पर विशेस बल दिया गया । इस संदर्भ में कृषि पदाधिकारी ने डीलर को निर्देश देते हुए कहा की उचित दर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराए। वही किसी भी किसान से सरकारी दर से ज्यादा लिया जाएगा तो वैसे डीलर पर कड़ी करवाही की जायेगी ।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 11

जनसंख्या नियंत्रण कानून की माँग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने जागरूकता अभियान एवं ज्ञापन यात्रा चलाया।

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर " जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन पुर्णिया" द्वारा " जनसंख्या नियंत्रण कानून " की मांग को लेकर देशभर के 400 से अधिक जिला मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री, मुख्यमंत्री बिहार, भारत सरकार के नाम ज्ञापन कार्यकताओं ने जिला पुर्णिया के मुख्यालय में ज्ञापन दिया । सोमवार , 11 जुलाई 2022 को जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन के कार्यकताओं ने जनसंख्या असंतुलन के कारण देश में संभावित गृहयुद्ध को रोकने हेतु जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर देशभर के 400 से अधिक जिला मुख्यालयों पर जन जागरूकता अभियान एवं ज्ञापन यात्रा ।

वहीं जिले भर से आये कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पुर्णिया पर जन जागरूकता अभियान के बाद जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा । संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार भारत विश्व की लगभग 18 % जनसंख्या का भार वहन कर रहा है , जबकि आबादी के अनुपात में हमारा भू - भाग बहुत कम यानि लगभग 2.4 % है और जल भी विश्व का मात्र 4 % है । यही कारण है कि सरकार के तमाम उपायों के बावजूद भी देश में बेरोजगारी और गरीबी की समस्या बढ़ रही है । कार्यकताओं ने बताया कि जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर पिछले 8 वर्षों से अधिक समय से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल चौधरी के नेतृत्व में देशभर के 22 राज्यों के 400 से अधिक जिलों में अभियान चला रहा है । इस अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक श्री इन्द्रेश कुमार एवं केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है । ज्ञात रहे कि इस विषय में 9 अगस्त 2018 को भारत के राष्ट्रपति जी से संगठन एवं सांसदों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने भेंट करके उन्हें कानून की मांग के समर्थन में 125 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित संगठन का मांग पत्र सौंपकर सरकार द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया आरम्भ करने का अनुरोध किया था। जिला मुख्यालय पर आयोजित जन जागरूकता अभियान एवं ज्ञापन यात्रा में महिला प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी

सिंहा जी, प्रदेश उपाध्यक्ष परितोष भारती जी, पुर्णिया जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार जी, मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पुर्णिया जिला उपाध्यक्ष अनंत भारती जी, भाजपा महामंत्री राजेश रंजन जी, सुबीर कुमार जी, अमित कुमार जी, दधीचि देह दान पुर्णिया जिला अध्यक्ष पंकजा कुमारी जी, अंतर राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष विवेक कुमार जी, विश्व हिंदू युवा वाहिनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष गोस्वामी जी , प्रदेश अध्यक्ष विककी गोस्वामी जी, जिला प्रवक्ता दीपक सहाय रमन जी, नगर मंत्री ऋतिक कुमार, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन महिला जिला अध्यक्ष सुनीति सिंहा जी, जिला संरक्षक विनोद सिंहा जी, जिला महासचिव शुभम झा जी, जिला उपाध्यक्ष अमन भारती जी, सोशल मीडिया संयोजक अभिमन्यु जी, बिकाश कुमार जी, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन पुर्णिया महिला मोर्चा प्रदेश महासचिव शरदा सिंह जी, जिला सचिव इंदु सिंह जी, उपाध्यक्ष नेहा ठाकुर जी, अंजू देवी जी, सरस्वती देवी जी, सुलेखा देवी जी, पूजा कुमारी जी, आदि कार्यकर्ता शामिल रहे ।

ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों की भीड़ देख बिजली ऑफिस के कर्मी कार्यालय बन्द कर हुए फरार।

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया के नेवॉलाल चौक स्थित बिजली ऑफिस पॉवर ग्रिड का जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति नहीं मिलने के कारण बिजली ऑफिस का घेराव किया ।दिन और रात में लागातार बिजली कट से परेशान और गुस्साए ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों की भीड़ को देख बिजली बोर्ड के कर्मी कार्यालय छोड़ कर फरार हो गए ।वहीं मौके पर आए जनप्रतिनिधि हरदा पंचायत के मुखिया पति मनीष भारती, सतकोदरिया पंचायत के सरपंच सह अध्यक्ष अजा उर रहमान उर्फ पप्पू भाई एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मोनू भाई, समाजसेवी आशीष मेहता,बिंदु प्रसाद सिंह,संजय पोद्दार, बरून कुमार,दयानंद मेहता, सहित सैकड़ों नाराज लोगों की उपस्तिथि रही।

वहीं जानकारी देते। हुए जनप्रतिनिधियों सहित सभी ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के तरफ से 8 से 10 घंटा मात्र बिजली मिलता है जिससे आम लोगों को खशी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं ।साथ हीं किसान भाइयों को पटवाना जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता है ।वहीं जानकारी देते हुए अजा उर रहमान उर्फ पप्पू भाई ने बताया कि आज इसी क्रम में सैकड़ों ग्रामीणों उपभोक्ताओं ने पूर्णिया के मरंगा थाना क्षेत्र के पॉवर ग्रिड NBPDCL ऑफिस का घेराव किया।और पॉवर ग्रिड के

कर्मियों सहित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए बताया कि जल्द से जल्द बिजली की आपूर्ति परमानेंट बहाल किया जाय ।पावर कट में सुधार नहीं होने पर प्रदर्शन जारी रहेगा।

जमीनी विवाद में युवक को मारी गोली

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के बरहरा कोठी थाना अंतर्गत पश्चिम भतसरा स्थित शिव शंकर मंडल के पुत्र श्रवण मंडल को जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने गोली मार दी है। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की मदद से उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

इस बाबत में बताया जा रहा है कि 2 बीघे जमीन को लेकर पड़ोसी नीलकमल प्रफुल एवं अमित के साथ कई वर्षों से विवाद चला आ रहा था, जिसको लेकर कई बार दोनों पक्ष में मारपीट भी हुई है। पूर्व में भी घायल शिव शंकर मंडल के पुत्र सरवन कुमार के ऊपर भी जानलेवा

हमला किया गया था एवं उनकी चाची सुनीता देवी के साथ भी मारपीट किया गया था। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गई थी। आज भी उसका इलाज चल रहा है।

वही परिजन ने बताया कि बीती रात नीलकमल प्रफुल्ल एवं अमित चार-पांच लोग के साथ उनके घर पर आए और उनके पिता के ऊपर गोली चला दी। गोली चलने के बाद पिता बाल-बाल बच गए वहीं गोली की आवाज सुनकर पुत्र सरवन बाहर निकला तो उसे सीधे गोली मार दिया जो गोली उसके सीने में जा लगी। आनन-फानन में परिजनों ने घायल श्रवण को बरहरा कोठी पीएससी में भर्ती करवाया जहां बेहतर इलाज के लिए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल जीएमसीएच में रेफर कर दिया गया जिसका इलाज जीएमसीएच में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना पर बरहरा कोठी थाना को दी गई है थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा का आयोजन

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार पोद्दार के निधन पर अधिवक्ता विचार मंच द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक ने किया उन्होंने कहा जिस वक्त स्वर्गीय प्रभात कुमार जेपी आंदोलन एवं विद्यार्थी परिषद से जुड़े थे उसी समय से एक मित्रवत संबंध उनके साथ कायम था वे जब जेपी सेनानी का पेंशन लेकर आए तो उन्होंने मुझसे कहा आप जेपी आंदोलन के सर्वमान्य नेता थे छात्र संघर्ष समिति के जिला संयोजक थे फिर भी आपको अब तक पेंशन नहीं मिला सब दिन मैं आप का अनुसरण किया करता था आज आप मेरा अनुसरण कीजिए सुशील मोदी जी से पटना में मिलकर 1 दिन में हमने पेंशन ले लिया मोदी जी आपके हैं आप उनसे मिलकर अपना पेंशन स्वीकृत करा ले परंतु उनकी बात को मैंने नजरअंदाज किया जिस कारण से आज भी मुझे पेंशन नहीं मिल रहा है

मंच के महासचिव अरुणाभ भास्कर उर्फ गौतम वर्मा ने कहा कि वे अपने जोशीले भाषण के लिए जाने जाते थे अधिवक्ता संघ में भी अपनी बात को बड़ी बेबाकी से रखा करते थे अधिवक्ता आशुतोष झा ने कहा एक अच्छे वक्ता थे तथा सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठाया करते थे अधिवक्ता सुभाष पाठक संजीव सिन्हा राजकुमार झा सुशील चंद्र मिश्रा सुशील कुमार पप्पू आदि ने अपने विचार व्यक्त किए 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

नाबालिग लड़की से छेड़खानी मामले में एक अभियुक्त दोषी करार

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय
औरंगाबादः (बिहार)

व्यवहार - न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो - कोर्ट, ब्रजेश कुमार पाठक ने महिला थाना कांड संख्या - 15 / 2019 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त, नागेन्द्र पासवान मंझोलिया माली औरंगाबाद को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 341, 354 ए0 , पोक्सो - एक्ट की धारा - 08 में दोषी करार दिया है ! इस संबंध में स्पेशल पी0पी0 शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को आज बंध - पत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है ! अभियुक्त को सजा के बिन्दु पर सुनवाई की तिथि 23 जुलाई 2022 निर्धारित किया गया है ! अधिवक्ता, सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया है कि पीड़िता के पिता ने प्राथमिकी में बताया कि

वे आंध प्रदेश में काम करते हैं ! 12 मई 2019 को घर से फोन आया कि पड़ोसी अभियुक्त हमारे घर में हमारी लड़की के मां के अनुपस्थिति में चिप्स मशीन के बहाने घुसा और लड़की को अकेले देखकर बुरे नियत से हाथ

पकड़ लिया ! लड़की ने हल्ला किया, तो मुंह गमछा से बांधने लगा ! तब मेरे भाई की लड़की आई, तो वह भाग गया ! घटना की जानकारी मिलते ही हम घर पर आए, और बेटी तथा उसकी मां को लेकर न्याय के लिए महिला थाना ले गए ! जहां प्राथमिकी दर्ज कराई !

औरंगाबाद में पॉलीटिकल लीडर, समाजसेवी व व्यवसायियों ने भी बकरीद के मौके पर बधाई संदेश देते हुए रखा अपना-अपना पक्ष

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः (बिहार) बकरीद के मौके पर औरंगाबाद में शिक्षित, समाजसेवी, पॉलीटिकल लीडर व व्यवसायियों ने भी अपना अपना पक्ष रखा ! जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी कहा कि किसी भी पर्व में शांति पूर्वक त्यौहार मनाना ही असली सुख होता है ! चाहे हिंदू समाज का पर्व हो या मुस्लिम समुदायों का ! एक बात तो जरूर है कि हम लोगों का औरंगाबाद शहर व औरंगाबाद जिले के ग्रामीण क्षेत्र भी हमेशा से ही शांति का प्रतीक रहा है ! यह एक ऐसा जिला है ! इस जिला में किसी भी पर्व में कुछ अपवाद को छोड़कर हिंदू - मुस्लिम सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर ही हमेशा पर्व मनाते हैं ! जो हिंदू - मुस्लिम समुदायों के बीच सद्भावना का एक अद्भुत मिसाल रहा है ! ध्यातव्य हो कि इस बार रविवार दिनांक - 10 जुलाई 2022 को संपन्न बकरीद के पर्व पर भी जब कांग्रेस नेता सल्लू खान से संवाददाता की मुलाकात हुई, तो बातचीत के क्रम में ही स्पष्ट रूप से कहा कि औरंगाबाद शहर में प्रशासन व हम लोगों की टीम द्वारा भी सख्त

निगरानी रखी गई ! यदि इस पावन पर्व के मौके पर हमारा भाई भी गलत करता, तो हम लोग उसे नहीं बख्शते ! इसके अलावे मुस्लिम समुदाय के ही समाजसेवी मोहम्मद शमीम उर्फ छोटू मिस्त्री, शादिक अंसारी उर्फ पप्पू डेंटर, तैयब,मुन्ना मिस्त्री, जदयू जिला उपाध्यक्ष, मुमताज अहमद उर्फ जुगनू से भी जब मुलाकातें हुई, तो बातचीत के क्रम में कहा कि अन्य किसी भी शहर की अपेक्षा हम लोगों का औरंगाबाद शहर बहुत ही खूबसूरत शहर है ! जहां हिंदू या मुस्लिम किसी भी समुदाय के पर्व में लोग एक दूसरे का हमेशा सहयोग करके ही हंसी - खुशी से आपस में मिलजुल कर पर्व मनाते रहते हैं ! जो औरंगाबाद जिला के लिए बहुत बड़ी बात है ! जहां किसी भी समुदायों के बीच कुछ अपवादों को छोड़कर कभी भी कोई मतभेद नहीं होता है ! वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश - सचिव एवं रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व लोजपा प्रत्याशी, मनोज कुमार सिंह ने भी बकरीद के मौके पर आम लोगों को संदेश देते हुए कहा कि औरंगाबाद जिला हमेशा से ही शांति का प्रतीक रहा है ! जो सचमुच में हमेशा एक मिसाल पेश करता रहा है !

जिला को मिला नौ नया एम्बुलेंस, अब मरीजों की होगी सुहलियत

दैनिक समाज जागरण
केशव कुमार सिंह

सोमवार को मिले 9 एंबुलेंस; जिलाधिकारी ने सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जिले में एंबुलेंस की समस्या के मद्देनजर राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना, बिहार, पटना द्वारा नौ एंबुलेंस उपलब्ध कराए गए हैं. प्राप्त एंबुलेंस में से पांच बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं चार एडवांस लाइफ सपोर्ट टाइप के वाहन हैं. राज्य स्तर से प्राप्त नये वाहनों को सदर अस्पताल से हरी झंडी दिखाकर जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा विभिन्न प्रखंडों के स्वास्थ्य संस्थानों को विदा किया गया.

डीपीएम डॉ कुमार मनोज द्वारा द्वारा बताया गया कि राज्य स्तर से प्राप्त वाहनों में से एडवांस लाइफ सपोर्ट लगे पांच वाहनों को सदर अस्पताल, ओबरा, रफीगंज, गोह एवं अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर को भेजा गया है. बेसिक लाइफ सपोर्ट वाहनों को कुटुंबा, हसपुरा, नबीनगर एवं मदनपुर ब्लॉक को भेजा गया.

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ कुमार वीरेंद्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किशोर कुमार, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ कुमार महेंद्र प्रताप, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, जिला एपिडरमॉलिसिस उपेंद्र कुमार चौबे, टीम लीडर डीआरयू उर्वशी प्रजापति शहीद स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे.

सिरसिया पावर ग्रीड पर ग्रामीणों की दो गुटों के बीच बंपर झड़प,आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

दैनिक समाज जागरण
समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के ताजपुर के सिरसिया पावर हाउस सोमवार की सुबह देखते ही देखते दो गुटों के बीच रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। कई लोगों का सिर फटा। कई लोगों को चोटें लगी। कई लोग जख्मी भी हुए। दो घंटे तक चली झड़प में जानकारी के बाबजूद न तो जेई पहुंचे और न ही बीडीओ,सीओ या बंगरा पुलिस। फलस्वरूप आक्रोशित लोगों ने पावर हाउस के पास ही ताजपुर-पटना मार्ग को जाम कर दिया। जिसे जिला प्रशासन के सकारात्मक पहल से खत्म कराया जा सका।

इधर भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने जानकारी के बाबजूद घटना स्थल पर ससमय नहीं पहुंचने वाले जेई,बीडीओ,सीओ एवं बंगरा पुलिस पर घटना की जांच कर जिम्मेवारी तय कर कारबाई करने की

मांग जिलाधिकारी से की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ताजपुर के फलमंडी के कुछ महिला-पुरूष बिजली संकट को लेकर सिरसिया पावर हाउस पर शिकायत करने गये थे। जेई के नहीं रहने के कारण लोग हंगामा करने लगे। इसी बीच गद्दोपुर के एक लड़के से विडियो बनाने आदि को लेकर मामला फंस गया। कुछ लोगों का लड़के के साथ धक्का-मुक्की हो गया। यह खबर स्थानीय गद्दोपुर पहुंची और गद्दोपुर वासी भी ग्रीड पर जुट गये। दोनों ओर से झड़प होने लगी और जल्द ही झड़प खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। कई लोगों को चोटें लगी, सिर भी फट गया। दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के बाबजूद मौके पर पुलिस- प्रशासन के नहीं पहुंचने पर ताजपुर- पटना मार्ग को जाम कर दिया गया। जिसे जिला प्रशासन के पहल पर समाप्त करा लिया गया।

दहेज के लिए महिला की हत्या, आरोपी पति परिवार सहित हुआ फरार

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के भवानीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत श्रीपुर गांव दुगार्पुर वार्ड 08 में एक विवाहिता की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। महिला का शव ससुराल से ही बरामद किया गया है और शरीर पर जख्म के निशान है। घटना के बाद से ससुराल के सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए है।

घटना की सूचना भवानीपुर पुलिस प्रशासन को मिलते ही थानाप्रभारी सुजीत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँच कर महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया भेज दिया है।

मृतक के भाई करण कुमार किशोर ने बताया कि उसकी बहन फूल कुमारी की शादी भवानीपुर दुगार्पुर निवासी आनंद कुमार उर्फ भूमन मंडल से एक वर्ष पूर्व हुई थी। जिसमें शादी के कुछ महीने बाद ससुराल वालों ने दहेज के लिए मेरी बहन को ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया करते थे, एवं मेरी बहन को लगातार आनंद के पूरे परिवार वालो ने मिलकर मारपीट करते थे। मृतक के भाई ने कहा कि सोमवार रात्रि मेरी बहन के ससुराल से किसी ने मुझे इस बात की फोन पर जानकारी दी कि उसकी बहन की मौत हो गई, आनन फानन में मायके वाले पहुंचे तो देखा कि मृत पाई गई।

वही मृतक के भाई करण किशोर राय के बयान पर 6 लोगो के खिलाफ आवेदन दिया गया है।

सिरसिया पावर ग्रीड पर ग्रामीणों की दो गुटों के बीच बंपर झड़प,आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

दैनिक समाज जागरण
समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के ताजपुर के सिरसिया पावर हाउस सोमवार की सुबह देखते ही देखते दो गुटों के बीच रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। कई लोगों का सिर फटा। कई लोगों को चोटें लगी। कई लोग जख्मी भी हुए। दो घंटे तक चली झड़प में जानकारी के बाबजूद न तो जेई पहुंचे और न ही बीडीओ,सीओ या बंगरा पुलिस। फलस्वरूप आक्रोशित लोगों ने पावर हाउस के पास ही ताजपुर-पटना मार्ग को जाम कर दिया। जिसे जिला प्रशासन के सकारात्मक पहल से खत्म कराया जा सका। इधर भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने जानकारी के बाबजूद घटना स्थल पर ससमय नहीं पहुंचने वाले जेई,बीडीओ,सीओ एवं बंगरा पुलिस पर घटना की जांच कर जिम्मेवारी तय कर कारबाई करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ताजपुर के फलमंडी के कुछ महिला-पुरूष बिजली संकट को लेकर सिरसिया पावर हाउस पर शिकायत करने गये थे। जेई के नहीं रहने के कारण लोग हंगामा करने लगे। इसी बीच गद्दोपुर के एक लड़के से विडियो बनाने आदि को लेकर मामला फंस गया। कुछ लोगों का लड़के के साथ धक्का-मुक्की हो गया। यह खबर स्थानीय गद्दोपुर पहुंची और गद्दोपुर वासी भी ग्रीड पर जुट गये। दोनों ओर से झड़प होने लगी और जल्द ही झड़प खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। कई लोगों को चोटें लगी, सिर भी फट गया। दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के बाबजूद मौके पर पुलिस- प्रशासन के नहीं पहुंचने पर ताजपुर- पटना मार्ग को जाम कर दिया गया। जिसे जिला प्रशासन के पहल पर समाप्त करा लिया गया।

नेहरू युवा केन्द्र, भोजपुर (आरा) के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी सह पैंटिंग प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक समाज जागरण
आरा,,अख्तर शफी निक्की

नेहरूयुवा केन्द्र से संभित क्लब प्रयास "एक कोशिश बदलाव का" के द्वारा सुबह में प्रभात फेरी लगाया गया जो वीर कुंवर सिंह स्टेडियम से शुरू हो कर अलग अलग मार्गो से गुजर कर पुन वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में समाप्त हुआ। उसके बाद दोपहर में किशोर दल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में स्लोगन राइटिंग सह पेंटिंग प्रतियोगिता करवा गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने किया और छात्र छात्राओं को जनसंख्या वृद्धि से होने वाले समस्या के बारे में बताया। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि जनसंख्या के बढ़ने से बहुत समस्या होता है जिसे रोका जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रथम,द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चो को अतिथि द्वारा समानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के सचिव कुमार मंगलम ने किया। इस अवसर पर अमन राज, अनंतेश्वर पांडेय, पुलकित साह, रवि कुमार, अभिनाथ कुमार सहित बहुत लोग

उपस्थित थे।

24 घंटे अखंड रामाधुनी की हुई शुरूआत

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

स्थानीय बाजार स्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे का अखंड रामाधुनी की शुरूआत की गई तथा रामाधुनी को लेकर आ स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हुए कलाकारों के द्वारा रामाधुनी की जा रही है जबकि इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया गया कि मंदिर परिसर से सटे हनुमान जी की प्राण

प्रतिष्ठा एक 11 जुलाई 2016 में की गई थी तथा तब से लेकर अब तक स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को अखंड रामाधुनी का आयोजन किया जाता है जिसमें स्थानीय लोग भक्ति भाव से शामिल होकर पूजा अर्चना कर रामाधुनी में शामिल होते हैं

जन जागरण कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण हलसी लखीसराय

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कैंडी पंचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कैंडी में विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से जनजागरण हेतु सीएचओ रश्मी कुमारी के दिशा निर्देशन में जन जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ । हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ रश्मी कुमारी ने बताया की अधिक जनसंख्या

दुख,बेरोजगारी और भूख मारी का कारण है । इसलिए आज हम सभी मिलकर लोगो को सपथ दिला रहे है की 1 से 2 बच्चे को जन्म देकर सुशिक्षित,संस्कारि और समाजोपयोगी बने हमारा देश हमारा समाज सुखी हो जाए इस कार्यक्रम में मौके पर एएनएम कुमारी रंजना,संजू,अंजना,उर्मिला, उषा,रामप्रवेश,प्रवीण , चंदन,त्रिभुवन एवं इलाके के आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में बैठक

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई तथा जिसकी अध्यक्षता लखीसराय विकास आयुक्त सुधीर कुमार ने की तथा उक्त बैठक में सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित मुखिया गण शामिल हुए बैठक में मुख्य रूप से लखीसराय विकास आयुक्त के द्वारा सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र

अंतर्गत चल रहे इंदिरा आवास योजना मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों को लेकर आए हुए जनप्रतिनिधियों से मुख्य रूप से चर्चा परिचर्चा कर उपविकास आयुक्त के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

जहानाबाद में सात लोगो पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज।

समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में तावरतोड़ छापेमारी अभियान चला रखा है। विभाग के द्वारा वकयादारो के खिलाफ भी लाइन काटने का अभियान निरंतर जारी है। इस आशय की जानकारी देते हुए विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि कनीय विद्युत अभियंता अभय कुमार के नेतृत्व में जहानाबाद प्रखंड अंतर्गत सुकुलचक अंजनी रामदेवचक एवं कोडोना में मीटर जांच अभियान चलाया गया जहां सात उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए लोगो में शीला देबी पर 12548 प्रभा देवी पर 11382 लीलावती देवी पर 9958 मंटु कुमार पर 25302 राजदेव सिंह पर 11164 राजेंद्र सिंह पर 23812 एवं विकास रंजन पर 47112 रू का आर्थिक दंड लगाते हुए कड़ोना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है।

मोबाइल चोर को ट्रैफिक पुलिस की मदद से पकड़ा

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया शहर के गिरजा चौक स्थित मोबाइल चोर को स्थानीय लोगों एवं ट्राफिक पुलिस की मदद से पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया इस बाबत में बताया जा रहा है कि के नगर थाना अंतर्गत काझा कोठी निवासी कुंदन कुमार जो वीडियोग्राफी का काम करता है और काम के सिलसिले में पूर्णिया गिरजा चौक से बस स्टैंड की ओर जा रहा था इसी दौरान फोन पर बात करने के

दौरान उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गया था दूसरे दिन सुबह कुंदन पूर्णिया के हाट थाना मोबाइल चोरी की शिकायत करने जा रहा था इसी दौरान गिरजा चौक पर उक्त चोर पर नजर पड़ा और चोर चोर हल्ला करने लगा जिस पर स्थानीय लोग एवं ट्रैफिक पुलिस के द्वारा उसे पकड़ा गया एवं पुलिस के हवाले किया गया।पकड़े गए मोबाइल चोर गुलाब बाग निवासी मोहम्मद कलाम का पुत्र मोहम्मद इस्लाम बताया जा रहा है पुलिस ने उसे अपनी गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर रही है।

बिजली के शार्ट सर्किट के कारण हाई स्कूल में लगी आग

दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/ बिहटा

पटना/बिहटा के अम्हारा हाई स्कूल के एक कमरे सोमवार को आग लग गई वहीं स्थानीय लोगों की माने तो आग बिजली के शार्ट सर्किट के कारण लगी होगी बताया जाता है कि सोमवार की सुबह स्थानीय लोग रोड से गुजर रहे थे तो स्कूल के एक कमरे से धुआं निकलते नजर आए जिसके बाद आनन-फानन में लोग वहां पहुंचे तो देखा कि स्कूल के एक रूम में आग लगी हुई है जिसके बाद लोगों ने दमकल विभाग को फोन किया वहीं दमकल विभाग मौके मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, नहीं तो आग विकराल रूप ले लेती वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो आग बिजली के शार्ट सर्किट के कारण लगी होगी ऐसा प्रतीत हो रहा है बताया जाता है कि स्कूल के उस रूम में कुछ कागजात जलकर राख हो गए।

जनसंख्या पखवारा के तहत भोजपुर के डीएम राजकुमार ने आरा सदर अस्पताल में

दैनिक समाज जागरण आरा,, अख्तर शफी निक्की

कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि लगातार जनसंख्या में वृद्धि हो रही है उसको कम करने के लिए पूरे भोजपुर जिले में जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता का कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने में ऑपरेशन थिएटर में उ अफ्ट का उद्घाटन किया ' अब यहां orthopedic surgery में काफी मदद मिलेगी और मरीजों को पटना नहीं जाना पड़ेगा ' यह पखवाड़ा एक 11 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक चलेगा । मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर आरपी सिंह सर्जन महावीर प्रसाद गुप्ता विकास सिंह अस्पताल उपाधीक्षक अरुण कुमार डीपीएम रवि रंजन अस्पताल प्रबंधक कौशल कुमार दुबे सहित कई कर्मी मौजूद थे।

22 may 2022:Layout 1 7/12/2022 2:04 AM Page 12

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने जरमुंडी प्रखंडवासियों को 11.43 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दिया उपहार

दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)

जन-जन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः बादल पत्रलेख

जरमुंडी प्रखंड स्थित नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करते कृषि मंत्री बादल पत्रलेख एवं अन्य राज्य सरकार जन-जन तक स्वास्थ्य,कृषि, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार इस दिशा में लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। जरमुंडी प्रखंड स्थित बासुकीनाथ रेफरल अस्पताल परिसर में बनाए गए नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जरमुंडी प्रखंडवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। क्षेत्र के लोगों को अब चिकित्सा के लिए रेफर नहीं होना होगा। इस अत्याधुनिक व नवनिर्मित अस्पताल में हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। उपरोक्त बातें कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने रविवार को नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर कही।

बांका विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच पोषाहार राशि किया वितरण

पंचायत के अंतर्गत जितने भी विद्यालय हैं बच्चे की उपस्थिति व शिक्षा पर प्रबंधक और शिक्षक दे विशेष ध्यान :रंजीत यादव

दैनिक समाज जागरण देवघर संवाददाता

मोहनपुर -प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंका में सोमवार को बंका पंचायत के मुखिया रंजीत यादव की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को पोषाहार राशि वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार की ओर से बच्चे के लिए हर संभव मदद कर रही है। जो पोषाहार राशि ,पोशाक , किताब, कॉपी निशुल्क दी जाती है। उन्होंने बताया कि पंचायत के अंतर्गत जितने भी विद्यालय है। लगातार निरंतर प्रयास है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। इसको लेकर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को विशेष रुप से ध्यान देने की बात कही। इतना ही नहीं विद्यालय के उपस्थिति बच्चे की पंजी को लेकर जांच की और कहा कि शिक्षकों सुचारू रूप से काम करने का कार्य करें। बताते चलें कि लगातार अपने पंचायत क्षेत्र इलाके का दौरा कर हर एक पहलू पर निराकरण का कार्य किया जा रहा है मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मलूटी आकर मां मौलाक्षी की पूजा अर्चना एवं कार्यकताओं से की मुलाकात

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका

झारखंड के राज्यसभा सांसद सह भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोमवार को शिकारीपाड़ा के मंदिरों के गांव मलूटी आये एवं मां मौलाक्षी का पूजा अर्चना कर माँ का आशीर्वाद लिया इस दौरान मलूटी के भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से मिले, इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को मां मौलाक्षी का चिन्ह स्वरूप चित्र भेट किया, मौके पर जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन,भाजपा दुमका जिला उपाध्यक्ष रामनारायण भगत, शिकारीपाड़ा भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुभाशिष चटर्जी पूर्व मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल एवं काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे

हरिनसिंहा ग्राम के खादपाड़ा मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब लोगों को हो रही है परेशानी

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/ दुमका

शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के सिमानीजोड़ पंचायत अंतर्गत हरिनसिंहा ग्राम के खादपाड़ा महुल्ला में पिछले 8 महीने से लो वोल्टेज से बिजली आ रही थी है इसके बाद 5 जून 2022 से लाइन भी नहीं आ रहा है जिस कारण ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में जब बिजली मिस्त्री से संपर्क किया गया तो बिजली मिस्त्री आकर बिजली मिस्त्री ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया है ट्रांसफार्मर को बदलना होगा, इसलिए ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि बिजली से संबंधित जो समस्या हो रही है उस समस्या का समाधान करने के लिए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदला जाए,ताकि बिजली से संबंधित होने वाली समस्या से निजात मिल सके, मौके पर साजन मुर्मू मोतीलाल मुर्मू, अजीत सोरेन, धनीराम मुर्मू, सुरेश ,गणेश सोरेन एवं काफी संख्या में ग्रामीणों मौजूद थे

महारों रेलवे ब्रिज के पास पलटा कंटेनर ड्राइवर जख्मी

दैनिक समाज जागरण दुमका(सुधांशु शेखर)

दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग जामा थाना क्षेत्र के महारों रेलवे ओवरब्रिज के पास एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटा ड्राइवर बुरी तरह जख्मी ड्राइवर को बेहतर इलाज के लिए फुलों झानो मेडिकल कॉलेज दुमका ले जायेगा जामा थाना के पुलिस मौके पर पहुंचीं हैं

लकड़ी माफिया खुलेआम सारंडा और पोड़ाहाट के जंगलों से करते है लकड़ी

दैनिक समाज जागरण चाईबासा:-झारखण्ड

लकड़ी माफिया खुलेआम सारंडा और पोड़ाहाट के जंगलों से करते है

लकड़ी की तस्करी, कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने लकड़े लदे एक ट्रक किया जब्त, चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार, जब्त लकड़ी की कीमत दो लाख से अधिक, कोल्हान डीएफओ ने दी जानकारी।

ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण थे अंधेरे में सूचना मिलते ही मुखिया ने विभागीय अधिकारी से संपर्क कर लगवाया नया ट्रांसफार्मर

दैनिक समाज जागरण देवघर संवाददाता झारखण्ड

पंचायत में जो भी समस्या हो हर संभव मदद की जाएगी :अनिल कुमार साह

मोहनपुर- प्रखंड के नयाचितकाठ पंचायत की देवीचक गांव में पिछले तीन-चार दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण यहां के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। जिसके बाद इसकी सूचना गांव की स्थानीय लोगों ने मुखिया अनिल कुमार साह को दिया। जानकारी मिलते बिना देर किए वही सोमवार को विभागीय अधिकारी द्वारा संपर्क कर जले हुए ट्रांसफार्मर बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर प्राप्त हुई। मालूम हो कि ट्रांसफार्मर जलने की वजह से बिगत तीन-चार दिनों से बिजली को लेकर

लोग काफी परेशान थे। चार दिन बाद गांव में बिजली बहाल होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान अनिल कुमार साह ने बताया कि ग्रामीणों की बिजली की समस्या देखते हुए ट्रांसफार्मर लगाया गया और बिजली बहाल कर दी गई है। इस बीच मुखिया अनिल कुमार साह ने रिपब्लिक नेशन संवाददाता से बात करते हुए कहा कि पंचायत के अंतर्गत हमारा लगातार प्रयास है कि जनता ने जिस उद्देश्य गांव के सरकार बनाया है। उसे मैं हर संभव सुचारू रूप से काम करने का प्रयास किया है। और आगे भी करूंगा।

बुद्धूचक दियारा में बुद्धूचक निवासी अधेड़ की हत्या कर शव को उसके बासा में लटकाया,पुलिस जाँच में जुटी।

गोपालपुर समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।

गोपालपुर थाना क्षेत्र के बुद्धूचक गंगा पार दियारा में देर रात 45 वर्षीय बुद्धूचक निवासी फूलो मंडल की हत्या धारदार हथियार से कर दिया गया.हत्या कर उसके मुंह को रस्सी से बांधकर शव को उसके बासा में ही लटका दिया . घटना की सूचना मिलने के बाद गोपालपुर थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मारकंडेय सिंह ने तत्काल दो पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा. पुलिस अधिकारियों द्वारा शव का पंचनामा बना कर अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु पहुंचाया . मिली जानकारी के मुताबिक मृतक फूलो मंडल दियारा में खेती बारी कर जीवन यापन करता था .बीती रात को अपराधियों के द्वारा उसके सर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया गया . उसके शरीर पर कई जगहों पर हथियार से जख्म का निशान पाया गया. प्रभारी थानाध्यक्ष सह सर्किल इंस्पेक्टर मारकंडेय सिंह ने बताया कि मामले को लेकर के कई तरह की बात सामने आ रही है.हर निविदाओं पर जांच किया जा रहा है.हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

मृतक फूलो मंडल के ज्येष्ठ पुत्र चंदन कुमार ने बताया कि हमलोगों का घर गंगा नदी में कट गया है. पिताजी दियारा में पचीस -तीस एकड में खेती लीज व बटाई पर लेकर करते थे. जिससे हमलोगों का घर परिवार चलता था तथा बासा बना कर परिवार के साथ दियारा में ही रहते

थे. साथ स्पर संख्या आठ पर भी हमलोगों का अस्थायी घर है. बीमार होने के कारण माँ दो -तीन दिन पूर्व स्पर संख्या आठ पर इलाज हेतु आ गई थी. एक भाई कमाने पंजाब चला गया था. पिताजी दियारा में इन दिनों अकेले रह रहे थे. मृतक के पुत्र चंदन ने बताया कि बाबू टोला कमलाकुंड के पशुपालक खुशी यादव, विलास यादव, जनमा यादव व बिहारी मंडल सहित कई अन्य लोग मेरे पिताजी की फसल को चरा दिया करते थे. जिस कारण इन लोगों से बराबर झगड़ा होते रहता था.

बिहारी मंडल ने चरी का रुपया रख लिया था. तकादा करने पर पिताजी को कुछ दिन पूर्व पेट में कचिया घुसा कर जान से मारने की धमकी दिया था.

गोपालपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को बेरहमी से मारा गया है. लाठी -डंडे से मारपीट किया गया तथा मुँह में लाठी घुसा कर दाँत तोड दिया गया तथा गर्म लोहे को रड से कई जगह दागने के निशान पाये गये हैं तथा गंजी जला हुआ पाया गया.

शव की गंभीर स्थिति को देखते हुए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक ने पोस्टमार्टम हेतु मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है. मृतक फूलो मंडल के चार पुत्र व चार पुत्री है. समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है. प्रभारी थानाध्यक्ष सह सर्किल इंसपैक्टर मारकंडे सिंह ने बताया कि परिजनों के द्वारा आवेदन देने पर मामला दर्ज कर अनुसंधान कर दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर दिया जायेगा.

माली मालाकार संगठन को सुदृढ बनाने को लोगों ने लिया संकल्प

दैनिक समाज जागरण हाजीपुर बैशाली

हाजीपुर(वैशाली)जिले के जन्दाहा प्रखंड में अरविंद कुमार भक्ता के आवास पर माली मालाकार कल्याण समिति के जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्ता एवं संचालन अजय मालाकार ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में माली मालाकार कल्याण समिति के प्रदेश संयोजक अधिवक्ता मुन्ना मालाकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जेपी सेनानी सह माली मालाकार कल्याण समिति के वैशाली जिला प्रभारी अशोक आजाद एवं माली मालाकार कल्याण समिति के फाउंडर प्रेम प्रकाश उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित वैशाली जिला के विभिन्न प्रखंड एवं भिन्न-भिन्न गांव के सैकड़ों माली समाज के प्रबुद्ध, शिक्षित,समाजसेवी एवं शिक्षाविद लोगो ने उपस्थिति दर्ज की।बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की एवं संगठन को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया।उपस्थित लोगों ने शिक्षा पर फोकस करते हुए अपने बच्चों को एवं अपने आसपास रह रहे समाज के लोगों को शिक्षा से प्रेरित करते हुए शिक्षित समाज एवं सशक्त समाज

बनाने का निर्णय लिया। वैशाली जिला के उपस्थित माली समाज के लोगों ने माली मालाकार कल्याण समिति में आस्था व्यक्त करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से 20 सूत्री के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार भक्ता,अनिल कुमार चैलेंजर, अशोक भगत,डॉ शतरुधन भगत, सुनील भगत,सुधीर भगत,पशु राम भगत,विनोद कुमार भक्त,जितेंद्र मालाकार,अधिवक्ता वीरेंद्र भगत,वीरेंद्र भगत,राजेश कुमार,कौशल मालाकार,अरविंद भगत सरपंच,प्रशांत कुमार,डॉ रविंद्र कुमार भक्त,हरेंद्र भगत,राममिलन अंशुमाली,रामप्रवेश भगत,हरिंदर भगत,शत्रुघ्न भक्त,राजकुमार भगत,रजनीश मालाकार,सुरेश प्रसाद भक्त,अशोक भगत,देवेंद्र भगत,सुमित कुमार सुमन,पुनीत मालाकार,गोपी जी,नरेश भक्ता,राजीव भगत,राहुल राजा, सतीश कुमार,चीकू, कुणाल,नितिन सहित सैकड़ों माली समाज के लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया।

चुटिया थाना क्षेत्र स्थित होटल शिवालिक में रविवार को हुए बाप बेटे की गला रेतकर हत्या मामले

दैनिक समाज जागरण राँची:- झारखण्ड

चुटिया थाना क्षेत्र स्थित होटल शिवालिक में रविवार को हुए बाप बेटे की गला रेतकर हत्या मामले में एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में गठित टीम ने 24 घंटे के अंदर बडा खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। होने वाले दामाद चंदन कुमार (आरोपी) ने ही अपने होने वाले ससुर एवं साले की गला रेत कर हत्या की थी। पुलिस जल्द प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन कुमार का नागेश्वर महतो की बेटी से शादी तय हुआ था। जिसके बाद चंदन ने होने वाली पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाया था जिसका वीडियो नागेश्वर महतो के बेटे अभिषेक के हाथ लग गया। अभिषेक चंदन को ब्लैकमेल करने लगा और फंसा देने की धमकी देने लगा जिससे परेशान होकर एक साजिश के तहत चंदन ने इस घटना को अंजाम दिया।

असम करीमगंज जिला रुद्रराज ब्राह्मण सम्मेलन के मेधावी छात्रों का स्वागत किया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : इस बार शैक्षणिक वर्ष 2021 में हायार सेकेंडारी परीक्षा के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्रों का स्वागत किया गया है. पिछले एक सप्ताह से पदाधिकारी करीमगंज जिले के विभिन्न गांवों में जाकर छात्रों का उनके घरों में जाकर स्वागत कर रहे हैं. धर्मगुरु सुदीप नाथजी, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता गौरांग देव नाथ, निशित नाथ, निधि नाथ, करीमगंज जिले के अध्यक्ष रुद्रराज ब्राह्मण सम्मिलनी बाबलू नाथ, संपादक संतोष नाथ के साथ संपादक मुन्ना देव नाथ,

पुजारी आलोक नाथ, पुरोहित प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता विभास रंजन नाथ, नंदलाल नाथ और अन्य। धर्मगुरु सुदीप नाथजी ने मेधावी छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा मानव विकास का नाम है जैसे सच्चा प्रेम, अहिंसा, उदारता, क्षमा, धैर्य, धर्मपरायणता, सरलता, सिद्धांत, भक्ति और प्रेम। उन्होंने कहा कि छात्रों को मानवीय गुणों पर ध्यान देना चाहिए।

सधोपुर मामला : पीड़ित राजीव की मां ने पुलिस को दिया क्लीन चिट, कहा, गोली पुलिस ने नहीं चलाई थी

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी /पुरुषोत्तम ठाकुर।

जिस बात को लेकर साधोपुर गांव में पुलिस और पब्लिक के बीच भिड़ंत हुई, थी उसी मामले में गोली लगने से घायल हुए राजीव की मां ने पुलिस को क्लीन चिट दे दिया है।चाहे दबाब मे आकर या फिर सही रूप मे।यह तो वक्त ही बताएगा ।. राजीव की मां ने आज मीडियाकर्मियों से बातचीत में बताया कि राजीव पुलिस की गोली से घायल नहीं हुआ।. वह किसकी गोली से घायल हुआ इस बात की जानकारी उसे नहीं है। लेकिन जब राजीव को गोली लगी तो रंगरा थाने के पुलिसकर्मी मदद को पहुंचे थे लेकिन ग्रामीणों में भ्रांति फैल गयी कि गोली पुलिस ने चलायी है.। मीरा देवी ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि रंगरा थाने के पुलिस की गोली से राजीव घायल हुए, यह बात सरासर गलत है. मालूम हो कि राजीव का इलाज भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल मायागंज में चल रहा है. राजीव की मां ने पुलिस के समक्ष लिखित बयान भी दिया है ।जिसके आधार पर मामले में अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध हत्या का प्रयास करने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।. इधर जहांगीरपुर वैसी में पीड़ित राजीव के घर में शनिवार की रात से ही चूल्हा नहीं जला है.। पीड़ित राजीव की दादी ने बताया कि घर के सभी सदस्य राजीव के इलाज में चले गए हैं, वह पिछले 24 घंटे से भूखी है.। सधोपुर गांव में हुए पुलिसकर्मियों की पिटाई, नौ

मोटरसाइकिल तोड़ फोड़, एक चार चक्का वाहन को क्षतिग्रस्त करने और पुकिसकर्मी का पिस्टल और मैगजीन क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने एक सौ नामजद और तीन सौ अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है.

नवगछिया के एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गयी है. पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

आज मधेपुरा में नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के योगदान लेने के बाद युवा नेत्री समाजसेवी वार्ड पार्षद वार्ड नं 02 सह भावी मुख्य पार्षद कुमारी विनीता भारती ने बुके देकर स्वागत किया।।।

दैनिक समाज जागरण मधेपुरा,,बिनीत कुमार बबलू

कुमारी विनीता भारती ने कहा हमारे मधेपुरा नगर परिषद में नए कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार जी ने योगदान लिया है और उनसे हमलोगों सहित मधेपुरा नगर परिषद के आम नागरिक को काफी उम्मीद है।क्योंकि पिछले कार्यपालक का कार्यकाल काफी ही दागदार रहा है उन्होंने मधेपुरा को लूट का अड्डा बनाकर यहाँ से गयहैं उनका कार्यकाल संदेह के घेरे में है।इसलिए हमलोगों चाहेंगे कि चुनाव में विलंब होने से चुनाव से पूर्व काफी हद तक आवास - शोचालय का पैसा व जिस तरह से हमारे नगर को लूटा जा रहा है जनता के टैक्स के पैसा से उसपर रोक लगे और जनता के हितकारी कार्य हो ।और जनता के उम्मीद पर

जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को हर हमेशा खड़ा उतरना चाहिए।।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यों को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं विधायक तुलसीपुर ने वितरित किया अंश प्रमाण पत्र

लरामपुर।प्रदेश के सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यों को मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अंश प्रमाण पत्रों का वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित गन्ना कृषकों द्वारा देखा गया तथा मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल एवं जिलाधिकारी श्रुति द्वारा जनपद के सहकारी गन्ना विकास समिति एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के अंश धारक कृषक सदस्यों को अंश प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद में तीन सहकारी गन्ना के 80 किसानों को अंश प्रमाण पत्र कलेक्ट्रेट सभागार में वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि अंश प्रमाण पत्र मिल जाने से गन्ना किसानों को सुविधा होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आर० एस० कुशवाहा, जिला कृषि अधिकारी आर०पी० राणा व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिले के सभी स्कूल का बनाएं प्रोफाईल:डीएम समन्वय समिति की बैठक मे चल रहे विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

दैनिक समाज जागरण हाजीपुर / बैशाली

हाजीपुर(वैशाली)जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कर जिला में चल रहे विकास के कार्यों की समीक्षा की।डीएम ने कहा कि वैसे सभी विभागीय पत्र जिसके अनुपालन में दूसरे विभाग के सहयोग की आवश्यकता है तो उसके बारे में बतायी जाय।जिलाधिकारी ने अपने गोपनीय पदाधिकारी को निदेश दिया कि वैसे सभी महत्वपूर्ण पत्रों को अलग से संधारित कर आगे से इस बैठक में उपस्थापित किया जाय ताकि गुणवत्ता के अनुरूप कार्यों का अनुपालन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला कि यह सबसे महत्वपूर्ण बैठक होती है जिसका उद्देश्य है विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति देना।जिलाधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से उनके विभाग में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गयी और जरूरी निदेश दिये गये। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी स्थापना (शिक्षा विभाग) को निर्देश दिया गया कि जिला के सभी विद्यालयों का प्रोफाइल बनायें जिसमें स्कूल में छात्र - छात्राओं की संख्या,शिक्षकों की संख्या शिक्षक किस नियोजन इकाई के हैं,विद्यालय में चाहरदिवारी, बिजली,पेयजल एवं बैठने के बेंच की उपलब्धता एवं विद्यालय के लिए पहुँच पथ की जानकारी रहे। जिलाधिकारी ने प्रखंडवार सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनुपस्थिति एवं अवकाश पर रहे शिक्षकों की संख्या 10:30 बजे तक डीआरडीए को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चुकि उपविकास आयुक्त ही शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी हैं।इसके साथ - साथ 04:00 बजे तक कितने शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहे।इससे संबंधित प्रतिवेदन 04:30 बजे तक जिलाधिकारी के गोपनीय शाखा में भेजे।जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड में 20 से 30 विद्यालयों का चयन कर उन्हें बाला प्रोजेक्ट के आधार पर विकसित करायें।पदाधिकारी जब भी क्षेत्र भ्रमण करें तो इसकी जानकारी प्राप्त करें कि गरीब परिवार के बच्चे विद्यालय जा रहे हैं कि नहीं।पदाधिकारी इसके लिए आधे - अधूरे मन से नहीं बल्कि सच्चे मन से प्रयास करें।जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि एक कॉल सेन्टर बनवायें जिसके माध्यम से दूर - दराज के परिवारों खासकर महादलित परिवारों को राशन मिलने की जानकारी प्राप्त करायें।इसके लिए रेण्डमली फोन करायें और फीडबैक लें।सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सभी दुकानों पर 5 के गुणक वाला पट्टी पेंट करवायें ताकि बुजुर्ग महिलाए यह पहचान सकें कि उन्हें कितना राशन दिया जा रहा है।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि 25,171 नया राशन कार्ड बनाया गया था जिसका वितरण करा दिया गया है।जून माह में कुल 324 डीलरों की जाँच करायी गयी जिसमें 61 के विरूद्ध शिकायत मिली है जिस पर कार्रवाई की गयी है।एक डीलर पर प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है । जिला

पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया अभी तक कुल 41 पंचायत सरकार भवन बनाये गये हैं और सभी क्रियाशील हैं।जिलाधिकारी के द्वारा वहाँ पर अगर अतिक्रमण है तो उसे हटवाने,वृक्षारोपण करवाने तथा 15 अगस्त को झण्डोत्तोलन की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मुखिया से पंचायतों को आदर्श पंचायत बनाने के लिए जरूरी सभी प्रस्ताव लिया जाय जिसमें सभी मुखिया का विजन पता चल सके।अगर किसी वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के द्वारा पूर्व में राशि की निकासी कर ली गयी है और कार्य नहीं कराया गया है तो इसकी सूची प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से प्राप्त करें और नियमानुसार कार्रवाई करें।आरटीपीएस के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में पाया गया कि निर्धारित समयावधि से अधिक के मात्र 57 आवेदन ही लंबित हैं जिसमें से 51 अकेले राघोपुर प्रखंड से संबंधित है।जिलाधिकारी के द्वारा इसे भी निष्पादित कराने तथा सभी आरटीपीस काउण्टर के पास शेड लगवाने,वहाँ रंग-रोगन कराने एवं वहां बैनर - फ्लैक्स लगवाने का निर्देश दिया गया।निदेशक डीआरडीए के द्वारा बताया गया कि जिला को 75 अमृत सरोवर के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त था परन्तु उससे अधिक 82 पर कार्य कराया जा रहा है और इसे 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करा लिया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि वहाँ वोर्ड बनवा दें,पौधारोपण कराये एवं 15 अगस्त को झण्डोत्तोलन की व्यवस्था करायी जाय।विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के बारे में पूछने पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण ईकाई के द्वारा बताया गया कि अभी वहाँ पाँच बच्चे आवसिंत है।वहां पर एक एएनएम तथा होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश दिया गया।समीक्षा बैठक में अनुपस्थित श्रम अधीक्षक डीपीओ (आईसीडीएस), जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम एवं कार्यापालक अभियंता पथनिर्माण विभाग को गम्भीरता से लिया गया और इनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।इस बैठक में जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता जितेन्द्र प्रसाद साह,उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह,निदेशक डीआरडीए संजय कुमार निराला , सदर एसडीओ अरूण कुमार,सदर डीसीएलआर स्वप्निल,जिला पंचायतराज पदाधिकारी हरेन्द्र राम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।